रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16122020-223714
CG-DL-E-16122020-223714

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 632] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 15, 2020/अग्रहायण 24, 1942
No. 632] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 15, 2020/AGRAHAYANA 24, 1942

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 2020

सा.का.नि.763(अ).—प्रसाधन सामग्री नियम, 2018 का प्रारूप केंद्रीय सरकार द्वारा प्रसाधन सामग्री से संबंधित नियमों को पृथक रूप से संहिताबद्ध करने और अद्यतन करने की दृष्टि से औषधि और प्रसाsधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) की धारा 12 और धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड-3, उप-खंड (i) में, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग) की अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 1153(अ), तारीख 29 नवंबर, 2018 द्वारा उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, पैंतालीस दिन की अवधि की समाप्ति से पहले आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित किए गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां 30 नवंबर, 2018 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी;

और उक्त नियमों पर जनता से प्राप्त आक्षेप और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है;

अत: अब, केंद्रीय सरकार, औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) की धारा 12 और धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड से परामर्श करने के पश्चात्, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

अध्याय-I

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम .- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को लागू होंगे।

2. लागू होगा.- ये नियम औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) की धारा 3 के खंड (ककक) में यथा-परिभाषित प्रसाधन सामग्री को लागू होंगे।

3. परिभाषाएं-

इन नियमों में जब तक कि, संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अधिनियम" में औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) अभिप्रेत है;

(ख) प्रसाधन सामग्रियों के आयात के संबंध में "वास्तविक विनिर्माता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो राष्ट्रीय विनियामक प्राधिकरण अथवा उस प्रयोजनार्थ उस देश में किसी प्राधिकृत सक्षम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित भारत से भिन्न देश में अपने विनिर्माण स्थल पर प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण करता है।

स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजन के लिए व्यक्ति में एक कंपनी या इकाई या निगमित निकाय अथवा अन्य कोई स्थापन सम्मिलित है।

(ग)"परिशिष्ट" से इन नियमों में संलग्न परिशिष्ट अभिप्रेत है;

(घ) "प्राधिकृत अभिकर्ता" से भारत में विनिर्माता द्वारा प्राधिकृत किया गया व्यक्ति अभिप्रेत है। प्राधिकृत अभिकर्ता भारत में विनिर्माता के कारोबार कार्यकलापों के लिए उत्तरदायी होगा जिसमें अधिनियम के उपबंधों तथा उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों का अनुपालन शामिल है।

स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजनार्थ व्यक्ति में एक कंपनी अथवा एक इकाई अथवा एक निगमित निकाय अथवा अन्य कोई स्थापना शामिल है।

(ड.) "भारतीय मानक ब्यूरो" से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 3 के अधीन स्थापित किया गया भारतीय मानक ब्यूरो अभिप्रेत है।

(च) "केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण" से केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त भारत के औषधि महानियंत्रक अभिप्रेत है।

(छ) " अनुज्ञप्ति के गठन में परिवर्तन" से अभिप्रेत है, -

(i) एक फर्मस्वामित्व से भागीदारी जिसके अन्तर्गत सीमित देयता भागीदारी भी है में संपरिवर्तन या इसके विपरीत;

(ii) एक कंपनी -

(अ) निजी से एक सार्वजनिक कंपनी, या एक सार्वजनिक से एक निजी कंपनी में इसका संपरिवर्तन; या

(आ) बॉडी कॉरपोरेट में वोटिंग कैपिटल के पचास प्रतिशत से अधिक के शेयरों के स्वामित्व में कोई भी परिवर्तन या बॉडी कॉरपोरेट के मामले में जिसके पास शेयर पूंजी नहीं है, इसकी सदस्यता में कोई परिवर्तन; और जहां प्रबंध अभिकर्ता, एक बॉडी कॉरपोरेट होने के नाते किसी अन्य बॉडी कॉरपोरेट की सहायक कंपनी है, इस खंड के अर्थ में उस अन्य बॉडी कॉर्पोरेट के गठन में परिवर्तन शामिल है;

(ज) "निदेशक" से केंद्रीय सरकार द्वारा नियम 11 के उपनियम 3 के अधीन नियुक्त केन्द्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशाला का निदेशक अभिप्रेत है;

(झ) "प्ररूप" से इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित एक प्ररूप अभिप्रेत है;

(ञ) "सरकारी विश्लेषक" से अधिनियम की धारा 20 के अधीन केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक सरकारी विश्लेषक अभिप्रेत है;

(ट) "आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र" से केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा भारत में आयात करने तथा उपयोग करने के लिए विनिर्मित प्रसाधन सामग्री के रजिस्ट्रीकरण के लिए नियम-13 के अधीन जारी किया गया प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है।

(ठ) "निरीक्षक" से अधिनियम की धारा 21 के अधीन केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक अभिप्रेत है;

(ड) "प्रयोगशाला" से नियम 11 के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा प्रसाधन सामग्री का विश्लेषण करने या परीक्षण के लिए स्थापित या अधिसूचित केंद्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशाला अभिप्रेत है;

(ढ़) प्रसाधन सामग्री के आयात के संबंध में "विधिक विनिर्माता अथवा ब्रांड स्वामी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो नियम-12 के अधीन निर्दिष्ट प्राधिकरण के माध्यम से प्रसाधन सामग्रियों के विनिर्माण के लिए भारत से अथवा विदेश से अन्य विनिर्माता को प्राधिकृत करता है।

स्पष्टीकरण: इस खंड के प्रयोजनार्थ व्यक्ति में एक कंपनी अथवा एक इकाई अथवा एक निगमित निकाय अथवा अन्य कोई स्थापन शामिल है।

(ण) "अनुज्ञप्ति" से नियम 25 के अधीन राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है;

(त) "ऋण अनुज्ञप्ति" से प्रसाधन सामग्री निर्माण के लिए, नियम 25 के अधीन राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है, जो उस स्थल पर अनुज्ञप्ति द्वारा निर्मित प्रसाधन सामग्री निर्माण के लिए किसी अन्य अनुज्ञप्ति के निर्माण स्थल का उपयोग करना चाहता है;

(थ) प्रसाधन सामग्री के आयात के संबंध में "निर्माता" से वास्तविक विनिर्माता या विधिक विनिर्माता अभिप्रेत है।

(द) "नयी **प्रसाधन सामग्री "** से **ऐसी प्रसाधन सामग्री** अभिप्रेत है **जिसमें एक हितकारी सामग्री हो जिसे दुनिया में कहीं भी उपयोग नहीं किया गया है या किसी भी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय साहित्य में प्रसाधन सामग्री में उपयोग के लिए मान्यता प्राप्त नहीं हुई है।**

(ध) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(न) संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में राज्य सरकार से प्रशासक अभिप्रेत है;

(प) "राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण" से राज्य या संघ राज्यक्षेत्र सरकार द्वारा किसी भी नाम से नामित या प्राधिकृत राज्य औषधि नियंत्रक अभिप्रेत है, जो मामले के अनुसार, राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्राधिकरण के कर्तव्यों का पालन करने के लिए उत्तरदायी है और जिसमें कोई भी व्यक्ति शामिल है जिसे अनुज्ञप्ति प्राधिकरण की शक्तियां राज्य या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार द्वारा सौंपी जा सकती हैं;

(फ) **"समनुषंगी"** से वि**निर्माता के स्वामित्व वाली भारत में एक इकाई** अभिप्रेत है

(ब) "किसी तारीख से पहले उपयोग करें" या "समाप्ति की तारीख" से आधान, लेबल या रैपर पर अभिलिखित की गई तिथि अभिप्रेत है, जिस तारीख तक प्रसाधन सामग्री में लेबल पर प्रस्तावित भंडारण स्थिति पर मानकों के अनुसार विशेषताएं बनी रहेगी;

(भ) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं, और परिभाषित नहीं हैं किंतु औषधि और प्रशाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम और संबंधित नियमो में हैं।

अध्याय-2

प्राधिकरण, अधिकारी और प्रयोगशाला

4. अनुज्ञप्ति प्राधिकरण.- (1) केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण इन नियमों के प्रवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा जो निम्नलिखित से संबंधित है, -

(i) सभी श्रेणियों के प्रसाधन सामग्री का आयात;

(ii) राज्य अनुज्ञप्ति अधिकारियों के साथ समन्वय।

(2) राज्य औषधि नियंत्रक, जिसे किसी भी नाम से बुलाया जाता है, राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण और निम्नलिखित मामलों में इन नियमों के प्रवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा, -

(i) सभी श्रेणियों के प्रसाधन सामग्री के विक्रय या वितरण के लिए विनिर्माण;

(ii) प्रसाधन सामग्री की सभी श्रेणियों के विक्रय या वितरण के लिए विक्रय, स्टॉक, प्रदर्शन या प्रस्ताव ।

(iii) अध्याय 8 के अधीन प्रसाधन सामग्री और उनके कच्चे माल का परीक्षण करने के लिए लागू होने वाली प्रयोगशाला को अनुमोदन प्रदान करना।

5. **अनुज्ञप्ति प्राधिकरणों की शक्तियों का प्रत्यायोजन.-** (1) केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से लिखित आदेश के द्वारा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के किसी भी अन्य अधिकारी को जो सहायक औषधि नियंत्रक के पद से नीचे के स्तर का नहीं है, अपनी सभी या किसी भी शक्ति का प्रत्यायोजन कर सकता है।

(2) जिस अधिकारी को उप-नियम (1) के अधीन शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं, वह केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की शक्तियों को उसके नाम और मुहर के अधीन प्रयोग करेगा।

(3) राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के साथ, लिखित आदेश के द्वारा, अपने नियंत्रण में किसी भी अधिकारी को जो सहायक औषधि नियंत्रक या समतुल्य पद से नीचे का नहीं हो, सभी या किसी भी शक्ति का प्रत्यायोजन कर सकता है।

(4) जिस अधिकारी को उप-नियम (3) के अधीन शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं, वह राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की शक्तियों को उसके नाम और मुहर के अधीन प्रयोग करेगा।

6. नियंत्रण अधिकारी- कोई भी अधिकारी जो सहायक औषधि नियंत्रक के पद से नीचे का अधिकारी न हो, जिसे किसी भी नाम से बुलाया जाता है, संबंधित राज्य के किसी भी नाम से बुलाए जाने वाले भारतीय औषधि महा नियंत्रक या औषधि नियंत्रक के आदेश द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्रों और उद्देश्यों के लिए इन नियमों के अधीन शक्तियों और कृत्यों का प्रयोग करने के लिए ऐसे नियंत्रण अधिकारी के किसी भी अधीनस्थ अधिकारी को पर्यवेक्षण करने और अनुदेश देने के लिए नियंत्रक अधिकारी होगा।

7. सरकारी विश्लेषक - केंद्रीय सरकार अथवा कोई भी राज्य सरकार अधिनियम की धारा 20 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार इन नियमों के उद्देश्य के लिए सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा सरकारी विश्लेषक नियुक्त कर सकती है।

8. सरकारी विश्लेषक के कृत्य- (1) सरकारी विश्लेषक द्वारा इस तरह के प्रसाधन सामग्री का विश्लेषण या परीक्षण किया जाएगा जैसा कि अधिनियम के अध्याय 4 के उपबंधों के अधीन किसी निरीक्षक अथवा किसी भी व्यक्ति द्वारा उसके पास भेजा जाएगा और नमूने की प्राप्ति के साठ दिनों की अवधि के भीतर इन नियमों के अनुसार परीक्षण या विश्लेषण के परिणामों का रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा:

परंतु जहां विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर नमूने का परीक्षण या विश्लेषण करना संभव नहीं है, सरकारी विश्लेषक ऐसे परीक्षण या विश्लेषण में हुई देरी के विशिष्ट कारण देते हुए सरकार से समय की अवधि बढ़ाने की मांग करेगा।

(2) सरकारी विश्लेषक, समय-समय पर, विश्लेषणात्मक कार्य और अनुसंधान के परिणाम की रिपोर्टें केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को अग्रेषित करेगा ताकि केंद्रीय सरकार के विनिश्चय पर इन्हें प्रकाशित कराया जा सके।

9. **प्रसाधान सामग्री के विनिर्माण और विक्रय का निरीक्षण करने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत निरीक्षकों के शक्ति, कर्तव्य और कृत्य :-** (1) नियंत्रक अधिकारी के अनुदेशों के अध्यधीन, प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण का निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत और राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 21 के अधीन नियुक्त निरीक्षक का कर्तव्य (ड्यूटी) होगा कि वह –

(i) स्वयं को आबंटित क्षेत्र के भीतर प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त सभी परिसरों का तीन वर्ष में कम से कम एक बार निरीक्षण करें कि अनुज्ञप्ति की शर्तों और अधिनियम व इसके अधीन बने नियमों के उपबंधों का अनुपालन किया जा रहा है;

(ii) प्रत्येक निरीक्षण के बाद इसकी विस्तृत रिपोर्ट नियंत्रक अधिकारी को भेजे जिसमें यह बताया गया हो कि अनुज्ञप्ति की किन शर्तों और अधिनियम व इसके अधीन बने नियमों के किन उपबंधों का अनुपालन किया जा रहा है तथा किन शर्तों और उपबंधों, यदि कोई हो, का अनुपालन नहीं किया जा रहा है;

(iii) अधिनियम और इसके अधीन बने नियमों उल्लंघन के संबंध में अभियोजन चलाए।

(iv) विक्रय के लिए विनिर्मित या आयातित या विक्रय के लिए भंडारित या प्रदर्शित की गई उस प्रसाधन सामग्री के नमूने ले जिसके संबंध में निरीक्षक के पास अधिनियम या इन नियमों के उपबंधों के उल्लंघन का संदेश होने के कारण हों और इन्हें परीक्षण या मूल्यांकन के लिए भेजे;

(v) किए गए सभी निरीक्षणों, नमूनों को वापस लेने, स्टॉकों को जब्त करने और अपने कर्तव्यों के पालन और निष्पादन में निरीक्षक द्वारा की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड रखे और ऐसे रिकॉर्ड की प्रतियां केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण या राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, जैसा भी मामला हो, के पास भेजें;

(vi) यथा आवश्यक ऐसी पूछताछ और निरीक्षण करे जिससे प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण या विक्रय में अधिनियम और इन नियमों के किसी उपबंध के उल्लंघन का पता लगाया जा सके;

(vii) निरीक्षक या किसी अन्य ज्येष्ठ अधिकारी को प्रसाधन सामग्री के संबंध में लिखित में की गई किसी शिकायत के बारे में नियंत्रक अधिकारी के निदेश के अनुसार अनुसंधान करे;

(viii) इन नियमों के अधीन आवेदन के साथ भेजे गए प्रसाधन सामग्री के तकनीकी डोजियर या केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण या राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, जैसा भी मामला हो, द्वारा इन नियमों के संबंध में आबंटित कोई अन्य ड्यूटी की समीक्षा करें।

(2) राज्य सरकार द्वारा उपनियम (1) के अधीन नियुक्त निरीक्षक को समनुदेशित कर्तब्यो और कृत्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण या भारतीय औषधि महानियंत्रक या नियंत्रक अधिकारी द्वारा दिए गए निदेश के अनुसार, ऐसे कर्तव्यों और कृत्यों का निवर्हन अधिनियम की धारा 21 के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक द्वारा किया जाएगा।

10. सूचना को प्रकट करने का शासकीय कारबार के प्रयोजनो के सिवाय या जब न्यायालय द्वारा अपेक्षित हो, कोई भी निरीक्षक अपने कार्यालय के ज्येष्ठ अधिकारी की लिखित मंजूरी के बिना, अपने शासकीय कर्तब्यों के निवर्हन के दौरान अपने द्वारा अर्जित सूचना को किसी भी व्यक्ति के समक्ष प्रकट नहीं करेगा।

11. **केंद्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशाला की स्थापना और कार्य :-** (1) केंद्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए केंद्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशाला की स्थापना कर सकेगी,-

(क) प्रसाधन सामग्री के ऐसे नमूनों का विश्लेषण या परीक्षण करना जो उसके पास अधिनियम की धारा 11की उपधारा (2) या धारा 25 की उपधारा (4) के अधीन भेजे गए हैं; या

(ख) अपीली प्रयोगशाला के रूप में कार्य करना ; या

(ग) इसे विशिष्ट तौर पर समनुदेक्षित किया गया कोई अन्य कार्य निष्पादित करना; या

(2) उपनियम (1) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना केंद्रीय सरकार उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए अपने नियंत्रण में ऐसी किसी भी प्रयोगशाला और इसके निदेशक को पदाभिहित या अधिसूचित कर सकती है जिसके पास केंद्रीय प्रसाधन-सामग्री प्रयोगशाला के रूप में प्रसाधन-सामग्री का परीक्षण और मूल्यांकन करने की सुविधा विद्यमान हो;

परंतु किसी भी प्रयोगशाला को तब तक पदाभिहित नहीं किया जाएगा जब तक कि इसे परीक्षण और अशांकन प्रयोगशालाओं हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन निकाय द्वारा पूर्णत: प्रव्ययित नहीं किया गया हो।

(3) केंद्रीय प्रसाधन-सामग्री प्रयोगशाला का प्रमुख एक निदेशक होगा जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त या पदाभिहित किया जाएगा।

अध्याय 3

आयात और रजिस्ट्रीकरण

12. **प्रसाधन-सामग्री का आयात-** (1) किसी भी प्रसाधन-सामग्री को भारत में तब तक आयात नहीं किया जाएगा जब तक कि केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा या नियम (5) के उप-नियम (1) के तहत ऐसी शक्तियां प्राप्त किसी अधिकारी द्वारा इन नियमों के अनुसार उस उत्पाद को रजिस्ट्रीकृत न किया गया हो। (2) भारत में आयात के लिए अभिप्रेत किसी भी प्रसाधन उत्पाद के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक स्वयं विनिर्माता द्वारा या भारत में इसके प्राधिकृत अभिकर्ता या आयातक द्वारा या विनिर्माता द्वारा भारत में प्राधिकृत सहायक कंपनी द्वारा प्ररूप सीओएस-1 में केंद्रीय सरकार के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

(3) विनिर्माता द्वारा भारत में अपने अभिकर्ता को दिए गए प्राधिकार को या तो भारत में प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट द्वारा या मूल देश में उस देश की विधियों के अधीनसक्षम प्राधिकारी द्वारा या प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा पूर्णत: अभिप्रमाणित किया जाएगा।

(4) अपर उप-नियम (2) में निर्दिष्ट आवेदक आवेदन के साथ ऐसी अन्य सूचना और दस्तावेज भेजेगा जो दूसरी अनुसूची के भाग I में विनिर्दिष्ट किए गए हों:

परंतु यह कि भरने के लिए अंतिम रूप से तैयार थोक सामग्री के आयात के लिए आवेदन करते समय निम्नलिखित अतिरिक्त दस्तावेजों को भी भेजना आवश्यक होगा:

(i) अंतिम रूप में भरने के लिए तैयार प्रसाधन सामग्री के अंतिम रूप से तैयार फार्मूलेशन के लिए राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण से विधिमान विनिर्माण अनुज्ञप्ति ; और

(ii) अंतिम रूप से भारत में तैयार उत्पाद के रजिस्ट्रीकृत ब्रांड स्वामी का ब्यौरा;

(5) उप-नियम (2) के अनुसार रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के साथ तीसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट जमा कराइ गई फीस की रसीद की प्रति भी भेजी जानी चाहिए।

(6) यह फीस प्रत्येक विनिर्माण स्थल के साथ-साथ प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक श्रेणी के लिए होगा साथ ही इसमें चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक श्रेणी के लिए अतिरिक्त फीस शामिल है।

(7) इस प्रयोजन के लिए ऑललाइन पोर्टल के प्रचालनरत होने तक उप-नियम (1) में निर्दिष्ट किसी प्रसाधन सामग्री के रजिस्ट्रीकरण के लिए ऑफलाइन आवेदक प्ररूप सीओएस-1 में या तो स्वयं विनिर्माता द्वारा या इसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा या भारत में आयातक द्वारा या विनिर्माता द्वारा भारत में प्राधिकृत सहायक कंपनी द्वारा किया जा सकता है।

(8) आवेदक पांचवी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट ऐसे परिक्षण के लिए चिह्नित की गई प्रसाधन सामग्री के संबंध में आयातित प्रसाधन सामग्री की परीक्षा, परीक्षण और विश्लेषण के लिए परीक्षण शुल्क सीधे केंद्रीय सरकार द्वारा नियम 11 में निर्दिष्ट अनुमोदित परीक्षण प्रयोगशाला को देने के लिए उत्तरदायी होगा।

(9) आवेदक केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा विदेशों में अनुमोदित प्रसाधन-सामग्री के विनिर्माण परिसरों का निरीक्षण करने या दौरा करने पर उठाए गए खर्च के संबंध में तीसरी अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट फीस का भुगतान करेगा, जैसा आवश्यक समझा जाए।

13. **आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करना**-(1) नियम 12 के उप-नियम (2) के अधीन आवेदक के साथ भेजे गए दस्तावेजों की जांच करने के बाद केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, संतुष्ट होने पर, प्ररूप सीओएस-2 में आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करेगा या इस आवेदक को आवेदन करने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर लिखित में कारण अभिलिखित करवाते हुए रद्द कर सकता है।

(2) आवेदन रद्द किए जाने के मामले में, आवेदक पैतालीस दिनों की अवधि के भीतर केंद्रीय सरकार को अपील कर सकता है और सरकार जैसा आवश्यक समझे उक्त मामले में जाँच करवाने के बाद अपील की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर इसके संबंध में आदेश पारित कर सकती है।

(3) नई प्रसाधन सामग्री के मामले में, आवेदक नई प्रसाधन सामग्री के भारत में आयात के रजिस्ट्रीकरण से पहले केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण से अध्याय 5 में यथा उपबंधित प्ररूप सीओएस-3 में पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा।

(4) एक ही विनिर्माता द्वारा विनिर्मित एक या एक से अधिक प्रसाधन सामग्री के आयात के संबंध में प्ररूप सीओएस-2 में एक ही आवेदन पत्र भेजा जाए और एक ही रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाए ;

परंतु प्रसाधन सामग्रियां कारखाने में विनिर्मित की जाती हों या एक से अधिक कारखाने रजिस्ट्रीकरण के लिए अभिप्रेत प्रसाधन सामग्री के लिए एक ही विनिर्माण इकाई के रूप में संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हों।

(5) यदि मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र विकृत, क्षतिग्रस्त हो जाता है या खो जाता है तो इसकी दूसरी डुप्लीकेट प्रति के लिए तीसरी अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट फीस का भुगतान करना होगा।

14. **आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की विधिमान्यता:** (1)नियम-13 के अधीन प्रदान किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र इसके जारी होने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि पूरा होने से पूर्व तीसरी अनुसूची में यथा-निर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के अवधारण फीस के भुगतान के अध्यधीन स्थायी रूप से तब तक विधिमान्य रहेगा जब तक इसे अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा निलंबित अथवा रद्द नहीं किया जाता है।

(2) यदि अनुज्ञप्तिधारी उप-नियम (1) में यथा निर्दिष्टनियत-तारीख तक अथवा इससे पूर्व अपेक्षित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रतिधारण फीस का भुगतान करने में असमर्थ रहता है तो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्रधारक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रतिधारण फीस के अतिरिक्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रतिधारण फीस का प्रतिमाह के लिए दो प्रतिशत की दर पर परिकलित की गई विलंमय फीस अथवा उसके भाग का भुगतान एक सौ अस्सी दिन के अंदर करने के लिए उत्तरदायी होगा और उस अवधि के दौरान ऐसे शुल्क का भुगतान न किए जाने की स्थिति में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को रद्द हुआ माना जाएगा।

15. **गठन में परिवर्तन के मामले में नया आवेदन-** (1)नियम 13 के उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के बाद, यदि रजिस्ट्रीकरण धारक या विदेशी विनिर्माता के गठन में कोई परिवर्तन हो जाता है, तो गठन में ऐसे परिवर्तन की तारीख से एक सौ अस्सी दिन की अवधि के भीतर नया रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए आवेदन नियम 12 के उपनियम के अधीन किया जाएगा।

परंतु विद्यमान रजिस्ट्रीकरण ऐसे समय तक विधिमान्य माना जाएगा, जबकि कि केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा नया रजिस्ट्रीकरण जारी नहीं किया जाता या आवेदन रद्द नहीं किया जाता।

(2) यदि रजिस्ट्रीकृत उत्पाद की उत्पाद संघटन में और इसकी विशिष्टताओं में कोई परिवर्तन होता है, केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को पंद्रह दिनों के भीतर विनिर्माता द्वारा या प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा या आयातक द्वारा या भारत में विनिर्माता द्वारा प्राधिकृत किसी सहायक कंपनी द्वारा सूचित किया जाएगा और साथ ही इस आशय का शपथ-पत्र भी दिया जाएगा कि उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों जैसा की नौवीं अनुसूची में निहित है के अनुपालनार्थ हैं।

(3) नियम 13 के उप-नियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण स्वीकृत किए जाने के बाद, यदि रजिस्ट्रीकरण धारी अथवा विदेश के विनिर्माता के नाम अथवा पते में परिवर्ततन हो जाता है तो ऐसे परिवर्तन की तारीख से साठ दिन की अवधि में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में उक्त परिवर्तन के लिए केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण से पूर्व अनुमोदन हेतु संशोधन के लिए एक आवेदन केंद्रीय सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन भेजा जाएगा।

16. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र का निलंबन और रद्दकरण:-** यदि विनिर्माता या प्राधिकृत अभिकर्ता या आयातक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की किसी भी शर्त का अनुपालन नहीं करता है, तो केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, इस आशय का कारण बताने का अवसर देने के बाद कि ऐसा आदेश क्यों न पारित किया जाए, लिखित आदेश द्वारा इसके कारण बताते हुए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र को यातो पूर्णत: या इससे संबंधित कुछ प्रसाधन सामग्री के मामले में यथोचित अवधि के लिए निलंबित या रद्द कर सकता है।

परंतु जो व्यक्ति केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से व्यथित है, आदेश की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर केंद्रीय सरकार को अपील कर सकता है और सरकार इस मामले में जैसा भी आवश्यक कर सके की

जांच के बाद अपीलकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को दृष्टिगत करते हुए उपयुक्त आदेश पारित करेगी।

17. आयात के लिए पहले ही रजिस्ट्रीकृत प्रसाधन सामग्री का आयात.- (1) विदेश साईट पर विनिर्मित एक प्रसाधन-सामग्री अथवा आयात के लिए तथा भारत में विक्रय के लिए नियम 13 के अधीन पहले ही रजिस्ट्रीकृत, किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा आयात, केंद्रीय सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर छठी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट वचनबद्धता के साथ प्ररूप सीओएस-4 में एक आवेदन भेजकर किया जा सकता है।

(2) उप-नियम (1) के अन्तर्गत आवेदन के साथ भेजे गए दस्तावेज़ों की जांच करने के बाद, केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, शर्तों के अध्यधीन संतुष्ट होने पर प्ररूप सीओएस-4क में आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या प्रदान करेगा अथवा ऐसे आवेदन को अस्वीकृत भी कर सकता है जिसके लिए कारण, आवेदन की तारीख से छह माह की अवधि में लिखित रूप में रिकॉर्ड किए जाएंगे।

(3) उप-नियम (2) के अधीन प्रदान की गई आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या, इसके जारी किए जाने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी जब तक कि उसे निलंबित अथवा रद्द नहीं किया जाता।

(4) यदि आयातक प्ररूप सीओएस-4क में आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या की किसी शर्त का पालन करने में असमर्थ रहता है तो केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, कि तत्संबंधी कारणों का लिखित रूप में उल्लेख करते हुए एक आदेश क्यों न पारित कर दिया जाए, उसे कारण बताने का अवसर देने के बाद, ऐसी अवधि के लिए आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या को निलंबित अथवा रद्द कर दिया जाए, जैसा वह उचित समझता हो।

18. कतिपय प्रसाधन सामग्री के आयात का प्रतिषेध:- (1) मूल ऐसी प्रसाधन सामग्री व जिसका विनिर्माण, विक्रय या वितरण मूल देश में प्रतिषिद्ध है तो ऐसी सामग्री उसी नाम से या अन्य किसी नाम से, परीक्षा परीक्षण और विश्लेषण के अलावा आयात नहीं की जाएगी।

(2) जब तक कि कोई प्रसाधन सामग्री आयात नहीं की जाएगी, प्रसाधन सामग्री के लेबल, रैपर या कंटेनर पर दर्शित तारीख "इस से पूर्व या इस तक उपयोग करें" आयात की तारीख से छह माह बाद की न हो।

(3) हेक्साक्लोरोफेन युक्त कोई प्रसाधन सामग्री आयात नहीं की जाएगी।

(4) अक्तूबर 2014 के 12 वें दिन के बाद जानवरों पर परीक्षण की गई कोई भी प्रसाधन सामग्री देशमें आयात नहीं की जाएगी।

19. सीमा शुल्क के आयुक्तों को दिए जाने वाले दस्तावेज- कोई भी प्रसाधन सामग्री आयात करने से पूर्व, विनिर्माता की ओर से या उसके द्वारा या आयातक द्वारा या उसकी ओर से हस्ताक्षरित एक घोषणा पत्र दिया जाएगा, कि आयात की जाने वाली प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अध्याय 3के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों का अनुपालन करती है, सीमा शुल्क आयुक्त को दी जाएगी।

20. प्रसाधन सामग्री के आयात के लिए प्रक्रिया.- (1) यदि केंद्रीय सरकार द्वारा प्रवेश पत्तन पर नियुक्त अधिकारी के पास विश्वास का कारण है कि कोई भी प्रसाधन सामग्री, अधिनियम के किसी भी उपबंध या उसके अधीन बनाए गए नियमों का उल्लंघन करती है, तो वह निरीक्षण हेतु प्रसाधन सामग्री माल का नमूना ले सकता है।

(2) यदि उप-नियम (1) के अनुसार लिए गए नमूने की जांच पर दोषपूर्ण पाए जाते है, तो अधिकारी सीमा शुल्क आयुक्त को आगे की कार्रवाई के संबंध में सलाह देगा।

(3) यदि अधिनियम या नियमों के उपबंधों के संदिग्ध उल्लंघन जिन्हें परीक्षण द्वारा अवधारित किया जाना है, तो अधिकारी ऐसे परीक्षण करने के उद्देश्य से स्थापित प्रयोगशाला को नमूना भेज देगा और उक्त प्रसाधन सामग्री माल उस समय तक रोके रखा जाएगा जब तक, उस नमूने की परीक्षण रिपोर्ट उस प्रयोगशाला के निदेशक या प्रयोगशाला के किसी भी अन्य अधिकारी है जो इसके लिए प्राधिकृत है, प्राप्त नहीं हो जाती:

परंतु आयातक लिखित में वचन देता है कि सीमा शुल्क आयुक्त की सहमति के बिना प्रसाधन सामग्री का निपटान नहीं किया जाएगा और माल या उसके हिस्से को वापस लौटा देगा, सीमा शुल्क आयुक्त को, आयातक वचन पत्र दे सकता है।

(4) आयातक जिसने उप-नियम (1) के उपबंध के अधीन वचन-पत्र दिया है, जो सीमा शुल्क आयुक्त को माल या उसके हिस्से को वापस करने के लिए आवश्यक है, वह नोटिस प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर माल या उसके हिस्से को वापस कर देगा।

(5) यदि केंद्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए स्थापित प्रयोगशाला का निदेशक या इस संबंध में केंद्रीय सरकार के अनुमोदन के साथ उसके द्वारा सशक्त प्रयोगशाला का कोई अन्य अधिकारी सीमा शुल्क आयुक्त या उपनियम (1) में उल्लिखित अधिकारी को किसी भी प्रसाधन सामग्री का नमूना अधिनियम के अध्याय 3 या इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता है और यह कि उल्लंघन इस तरह से किया गया है कि आयातक द्वारा इसका निवारण नहीं किया जा सकता है, सीमा शुल्क आयुक्त आयातक को तुरंत रिपोर्ट भेजेगा और आयातक ऐसी संसूचना प्राप्त होने के दो महीने के भीतर, उस देश का उस परेषित माल की सभी प्रसाधन सामग्री को उस देश में भेज देगा जहां इसका विनिर्माण किया गया था या उस देश को जिससे इसे आयात किया गया था या इसे केंद्रीय सरकार को सौंपेगा, जो इसे नष्ट करवा देगा:

परंतु यह कि आयातक रिपोर्ट प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर, सीमा शुल्क आयुक्त को रिपोर्ट के खिलाफ अभ्यावेदन कर सकता है जो केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को प्रसाधन सामग्री के ताजा नमूने के साथ इसको आगे बढ़ाएगा, जो आवश्यक होने पर, केन्द्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशाला के निदेशक की रिपोर्ट प्राप्त करने पर, उस आदेश को पारित करेगा और यह अंतिम होगा।

(6) यदि केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण या केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से इस संबंध में उक्त प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी प्रसाधन सामग्री के नमूने के निरीक्षण के बाद सीमा शुल्क आयुक्त को रिपोर्ट करता है और जहां आवश्यक हो, उस पर एक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद, कि उक्त प्रसाधन सामग्री नमूना अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है और यह उल्लंघन ऐसा है कि आयातक द्वारा इसका निवारण किया जा सकता है, सीमा शुल्क आयुक्त आयातक को तुरंत रिपोर्ट भेजेगा और केंद्रीय सरकार द्वारा इसके लिए प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना प्रसाधन सामग्री का निपटान न करने के लिए लिखित में वचन-पत्र देने पर प्रसाधन सामग्री उसे आयात करने की अनुमति देगा।

21. व्यक्तिगत उपयोग के लिए प्रसाधन सामग्री का आयात- प्रसाधन सामग्री की छोटी मात्रा जिसका आयात धारा 10 के अधीन अन्यथा प्रतिषिद्ध है, निम्नलिखित शर्तों के अधीन व्यक्तिगत प्रयोग के लिए आयात किया जा सकता है:-

(i) प्रसाधन सामग्री यात्री के सामान का हिस्सा बन जाएगी और यात्रियों की सदाशयी उपयोग के लिए संपत्ति और प्रयोगार्थ होगी; तथा

(ii) प्रसाधन सामग्री को सीमा शुल्क प्राधिकरियों को यदि वे निदेश देते हैं तो प्रसाधन सामग्री के संबंध में सूचित किया जाएगा।

22. प्रवेश स्थलों के माध्यम से आयात- औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम,1945 के नियम 43क में निर्दिष्ट प्रविष्टि के बिंदुओं को छोड़कर भारत में किसी प्रसाधन सामग्री का आयात नहीं किया जाएगा।

अध्याय 4

विक्रय या वितरण के लिए प्रसाधन सामग्री का निर्माण

23. विक्रय या वितरण के लिए प्रसाधन सामग्री बनाने के लिए अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन-

(1) कोई भी व्यक्ति जो प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण करना चाहता है, अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को विक्रय और वितरण के लिए अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन देगा ।

(2) उप-नियम (1) के अधीन अभिज्ञात ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुज्ञप्ति के लिए प्ररूप सीओएस-5 में या ऋण अनुज्ञप्ति के लिए प्ररूप सीओएस -6 में, फीस के साथ दूसरी अनुसूची के भाग 2में निर्दिष्टानुसार संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन करेगा, जैसा कि तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट है।

परंतु यह कि जब तक ऑनलाइन पोर्टल इस उद्देश्य के लिए प्रचालन में नहीं है, उप-नियम (2) में निर्दिष्ट प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति के लिए प्ररूप सीओएस-5 में या ऋण अनुज्ञप्ति के लिए प्ररूप सीओएस-6 में ऑफ़लाइन आवेदन किया जा सकता है।

(3) नई प्रसाधन सामग्री के मामले में, आवेदक को केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण से अध्याय-5 में प्रदान किए गए प्ररूप सीओएस-3 में पूर्वानुमति प्राप्त करनी होगी और किसी भी प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए कोई अनुज्ञप्ति, राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की ऐसी अनुमति के बिना नहीं दिया जाएगा।

(4) दूसरी अनुसूची के भाग 2 में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के अतिरिक्त, आवेदक प्ररूप सीओएस-7 में प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए, सातवीं अनुसूची में निर्दिष्टानुसार, अच्छी विनिर्माण प्रैक्टिस, परिसर की आवश्यकताओं, संवर्ग और उपस्करों का पालन करने संबंधी स्व-घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(5) उप-नियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति देने के लिए उप-नियम (2) और (3) में प्रदान की गई ऐसी फीस और ऐसे दस्तावेज के साथ, राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी आवेदन और दस्तावेजों की संविज्ञा के बाद आवेदन की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति के संबंध में उनका यह मत है कि अधिनियम और नियमों की अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है, अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा:

परंतु राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की राय में आवेदक ने अधिनियम और नियमों की अपेक्षाएं पूरी नहीं की हैं, वह आवेदनकर्ता को आवेदन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर बताएगा।

(6) उप-नियम (5) में निर्दिष्ट अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति प्राप्त होने पर, आवेदक केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की वेबसाइट पर ऐसी अनुज्ञप्ति की एक प्रति अपलोड करने के बाद, विक्रय या वितरण के लिए प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण कर सकता है।

(7) अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति देने की तारीख से तीस दिनों के भीतर राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण साइट का निरीक्षण करने और प्ररूप सीओएस-7 में स्व-प्रमाण पत्र में दी गई जानकारी को सत्यापित करने के लिए किसी अन्य अधिकारी को अधीनस्थ किसी अन्य अधिकारी का निरीक्षण करने के लिए अधिकृत करेगा। जैसा कि उप-नियम (4) में निर्दिष्ट है।

(8) जहां राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण या ऐसा करने के लिए प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी उप-नियम (7) में निर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति की साइट का निरीक्षण और सत्यापन करने में विफल रहता है, तो अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति समझा सभी उद्देश्यों के लिए माना जाएगा।

(9) यदि निरीक्षण के समय यह पाया जाता है कि स्व-प्रमाण पत्र में कोई झूठी सूचना है, तो अनुज्ञप्ति प्राधिकरण, अनुज्ञप्तिधारक को कारण बताने का अवसर देने के बाद, अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति रद्द कर सकता है:

परंतु राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण का मानना है कि कमियों को हटाया जा सकता है, कहा गया प्राधिकरण विनिर्माण को रोकने के लिए अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति धारक को दिशानिर्देश जारी कर सकता है जब तक कि आवश्यकताओं का पालन नहीं किया जाता है, और जब इसका पालन कर लिया जाए, आवेदक और अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को सूचित किया जाएगा यदि संतुष्ट हो तो इस तरह के अनुपालन की प्राप्ति के पांच कार्य दिवसों के भीतर विनिर्माण को पुनरारंभ करने के लिए निर्देश जारी कर सकते हैं।

(10) यदि मूल अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति क्षतिग्रस्त, या खो गया है; तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट शुल्क के भुगतान पर राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण से अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति डुप्लिकेट प्रति अनुरोध किया जा सकता है।

24. एक से अधिक परिसर में विनिर्माण- यदि एक से अधिक परिसरों में प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण किया जाता है, तो इस तरह के प्रत्येक परिसर के लिए एक अलग आवेदन किया जाएगा और प्रत्येक ऐसे परिसर के लिए एक अलग अनुज्ञप्ति प्राप्त की जाएगी।

25. विक्रय या वितरण के लिए प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण करने के लिए अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति का प्ररूप- विक्रय या वितरण के लिए प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण करने के लिए अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति प्ररूप सीओएस-8 में और प्ररूपसीओएस-9 में ऋण अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी।

26. प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति अथवा लोन अनुज्ञप्ति की शर्तें:- एक अनुज्ञप्ति प्ररूप सीओएस-8 में, उसमें उल्लिखित शर्तों और निम्नलिखित अन्य शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगा, अर्थात:-

(क) प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण सक्षम तकनीकी कर्मचारिवृन्द के निर्देशन और व्यक्तिगत पर्यवेक्षण के अधीन संचालित किया जाएगा जिसमें कम से कम एक व्यक्ति वह सम्मिलित होगा जो एक पूर्णकालिक कर्मचारी है और जो निम्नलिखित अर्हताओं में से कोई एक रखता हो-

(i) भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) के अधीन भारतीय भेषजी परिषद् द्वारा अनुमोदित भेषजी में एक डिप्लोमा, अथवा

(ii) जो भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो, अथवा

(iii) जिसने एक विषय के तौर रसायन शास्त्र के साथ मध्यान्तरिक परीक्षा अथवा उसके समतुल्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण मान्यताप्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण की है।

(iv) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रसाधन सामग्री प्रौद्योगिकी में बैचलर की डिग्री है।

(ख) कारखाना परिसर को सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं और शर्तों का अनुपालन करना होगा।

(ग) विनिर्माता को निम्नलिखित अनुपालन करना होगा-

(i) विनिर्मित प्रसाधन सामग्री का परीक्षण करने के लिए पर्याप्त कर्मचारिवृन्द, परिसर और प्रयोगशाला के उपस्कर उपलब्ध कराना और रख रखाव करना तथा इन प्रसाधन सामग्री में विनिर्माण के लिए उपयोग की गई कच्ची सामग्री उपलब्ध कराना एवं अनुरक्षित करना, अथवा

(ii) ऐसे परीक्षण करने के लिए संबंधित नियमों के अध्याय 8 के अधीन केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित और राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा प्रत्यायित किसी प्रयोगशाला के लिए व्यवस्था करना।

(घ) आवेदक निम्नलिखित के लिए दस्तावेजी साक्ष्य अनुरक्षित करेगा-

(i) अनुज्ञप्ति के लिए किए गए आवेदन पत्र अथवा प्रदत्त अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति के परिसर के स्वामित्व अथवा किराया या अन्य आधार पर अधिभोग के संबंध में दस्तावेज,

(ii) फर्म का गठन, अथवा

(iii) अन्य दस्तावेज जो अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन के दौरान तथा अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के बाद, जैसा भी मामला हो, आवेदक अथवा अनुज्ञप्तिधारक के द्वारा किए गए विवरण के शुद्धता सत्यापित करने के लिए अपेक्षित हो ।

(ड.) अनुज्ञप्तिधारक को इस अधिनियम के अध्याय 4 के अधीन बनाए गए किसी नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, अधिनियम तथा इनके अधीन बनाए गए नियमों तथा ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा।

(च) अनुज्ञप्तिधारक को उसके द्वारा विनिर्मित किसी प्रसाधन के प्रत्येक बैच तथा आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरणों के अनुसार इसमें उपयोग की गई कच्ची सामग्री के ब्यौरा का रिकॉर्ड रखना होगा तथा ऐसे रिकॉर्ड को इस बैच की समाप्ति तारीख के बाद तीन वर्ष की अवधि के लिए बनाए रखा जाएगा।

(छ) प्ररूप सीओएस-9 में एक अनुज्ञप्ति को रद्द अथवा निरस्त हुआ माना जाएगा, यदि विनिर्माणकारी सुविधाओं के संबंध में प्ररूप सीओएस-8 में जारी किसी अनुज्ञप्ति को रद्द या निरस्त किया जाता है।

(ज) अनुज्ञप्तिधारक को प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण में उपयोग की गई कच्ची सामग्री के प्रत्येक बैच के साथ-साथ अंतिम उत्पाद के प्रत्येक बैच की जांच करेगा तथा ऐसी जांच के संबंध में ब्यौरे को दर्शाते हुए अभिलेख अथवा रजिस्टर रखेगा। इन रिकॉर्डों अथवा रजिस्टरों को विनिर्माण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए बनाए रखा जाएगा।

(झ) अनुज्ञप्तिधारक को विनिर्माण के क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा ऐसे विनिर्मित उत्पादों के नमूने प्राप्त करने, जिनके लिए प्ररूप सीओएस-10 में एक रसीद जारी की जाएगी, जिनके संबंध में किसी वस्तु के विनिर्माण

के किसी परिसर में पूर्वानुमति सहित अथवा पूर्वानुमति के बिना प्रवेश करने के लिए इस अधिनियम के अधीन नियुक्त निरीक्षक की अनुज्ञा प्राप्त होगी।

(ञ) अनुज्ञप्तिधारक को एक निरीक्षक को इन नियमों के अन्तर्गत अनुरक्षित सभी रजिस्टरों और रिकॉर्डों की जांच करने की मंजूरी प्राप्त होगी तथा इन अधिनियमों के उपबंधों तथा इनके अधीन बनाए गए नियमों की अनुपालना की जा रही है अथवा नहीं, यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित निरीक्षक को अपेक्षित ऐसी सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।

(ट) अनुज्ञप्तिधारक प्ररूप सीओएस -11 में एक निरीक्षण पुस्तिका रखेगा ताकि संबंधित निरीक्षक अपने अनुभव और पाई गई त्रुटियां अभिलिखित कर सकें।

विनिर्माता इस आशय की एक वचनबद्धता कि उत्पाद नौवीं अनुसूची में यथा, निर्दिष्ट भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अधिकथित मानकों का अनुपालन करते हैं, के साथ इस अनुज्ञप्ति से संबंधित किसी भी प्रसाधन सामग्री की लेबलिंग करने, अथवा संयोजन अथवा परीक्षण, अथवा विनिर्देशन अथवा प्रलेखन में परिवर्तन की स्थिति में 30 दिन के अंदर, लिखित रूप से सूचित करेगा।

(ठ) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को अनुज्ञप्ति के अधीन चल रही फर्म के गठन में किसी भी परिवर्तन की स्थिति में लिखित रूप में सूचित करेगा। जहां फर्म के गठन में कोई परिवर्तन होता है तो वर्तमान अनुज्ञप्ति उस तारीख से 6 मास की अधिकतम अवधि के लिए विधिमान्य समझी जाएगी जिस तारीख को परिवर्तन हुआ है जब तक कि, इस दौरान, परिवर्तित गठन के साथ फर्म के नाम में अनुज्ञापन प्राधिकारी से नई अनुज्ञप्ति न ले ली गई हो।

(ड) नियम 23 के उप-नियम (5) के अधीन अनुज्ञप्ति स्वीकृत करने या अनुज्ञप्ति ऋण पर लेने के बाद, विनिर्माता को नाम तथा पता में परिवर्तन के मामले में, ऐसे परिवर्तन की तारीख से 60 दिन की अवधि में विनिर्माण-अनुज्ञप्ति में उक्त परिवर्तनों के लिए, अनुज्ञापन प्राधिकारियों से पूर्वानुमोदन के लिए, संशोधन के लिए एक आवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

परंतु कि खंड (ग) और (घ) साबुन के विनिर्माण पर और कच्ची सामग्रियों के परीक्षण हेतु प्रक्रिया पर लागू नहीं होंगे तथा साबुन के किसी विनिर्माता द्वारा रखे जाने वाले रिकॉर्ड " अनुज्ञापन प्राधिकारी " द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के अनुसार अनुरक्षित होंगे।

27. **अनुज्ञप्ति प्रदान करना या अस्वीकार करना** - (1) ऐसी आगे की गई कार्रवाई,यदि कोई कार्रवाई की गई, के बाद यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी , जैसा उन्हें आवश्यक प्रतीत होता है, आश्वस्त है कि इस अधिनियम के अधीन नियमों की अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है तथा कि अनुज्ञप्ति, ऋणअनुज्ञप्ति तथा अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों की शर्तों का अनुपालन किया गया है तो उसे प्ररूप सीओएस-8 या प्ररूप सीओएस-9, यथास्थिति, में अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी।

(2) यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह समाधान नहीं होता तो वह आवेदन को अस्वीकार करेगी तथा इस अस्वीकृति के कारणों तथा कोई भी अनुज्ञप्ति प्रदान करने या अनुज्ञप्ति के नवीकरण से पहले पूरा की जाने वाली सभी शर्तों के बारे में आवेदक को सूचित करेगा तथा निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति के साथ इसे आवेदक को पहुंचाएगा।

28. **अस्वीकार किए जाने के पश्चात् अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति के लिए आगे आवेदन**- यदि अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्ति के लिए किसी आवेदन के अस्वीकार किए जाने से छह महीने की अवधि के भीतर आवेदक संबंधित राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी को यह सूचित करता है कि इस अधिनियम और इन नियमों में उल्लिखित अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है तथा तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट शुल्क जमा करवा दिया गया है तो संबंधित राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी आगे की जांच किए जाने तथा यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, प्ररूप सीओएस- 8 या प्ररूप सीओएस-9 में अनुज्ञप्ति जारी करेगा।

29. **राज्य सरकार को अपील करना-** कोई व्यक्ति जो अनुज्ञप्तिप्राधिकारी द्वारा इस अध्याय के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने से मना करने वाले इस आदेश से सहमत नहीं है, वह ऐसे आदेश के प्राप्त होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर राज्य सरकार को अपील कर सकता है तथा वह राज्य सरकार, अपेक्षित ऐसी जांच के पश्चात् तथा उक्त व्यक्ति को इस

मामले में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए एक अवसर प्रदान करने के पश्चात् ऐसे आदेश जो वह ठीक समझे जारी कर सकते हैं।

30. **अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता -** (1) प्ररूप सीओएस-8 या प्ररूप सीओएस-9 में जारी की गई किसी अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति को स्थायी रूप से विधिमान्य बनाए रखा जाएगा परंतु तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति को जारी रखने के शुल्क का भुगतान जारी होने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के पूरा होने से पहले किया जाए अन्यथा इसे राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा समाप्त या रद्द कर दिया जाएगा।

(2) यदि अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति को जारी रखने के लिए अपेक्षित शुल्क का भुगतान उप-नियम (1) में निर्दिष्ट देय तारीख को या उससे पहले करने में विफल रहता है, तो अनुज्ञप्ति या ऋण अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति को जारी रखने संबंधी शुल्क के अतिरिक्त एक विलंब शुल्क का भुगतान भी करना होगा जिसका आकलन एक सौ अस्सी दिनों के भीतर प्रत्येक मास के लिए अनुज्ञप्ति या ऋणअनुज्ञप्ति शुल्क रखने हेतु शुल्क के 2% की दर से किया जाएगा तथा उस अवधि के दौरान इस शुल्क का भुगतान न किए जाने की स्थिति में इस अनुज्ञप्ति को रद्द मान लिया जाएगा।

31. **अनुपालना की जांच हेतु निरीक्षण** - (1) प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्तिप्राप्त कार्यक्षेत्र का निरीक्षण केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए निरीक्षक के द्वारा किया जाएगा ताकि अनुज्ञप्ति की शर्तों की अनुपालना तथा इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों की जांच तीन वर्ष में कम से कम एक बार या जोखिम आधारित दृष्टिकोण के अनुसार आवशयक होने पर की जा सके।

(2) इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए गए निरीक्षक संबंधित नियंत्रक अधिकारी या केन्द्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मांग किए जाने पर अभिज्ञात विनिर्माणकारी सुविधाओं का विशेष निरीक्षण करेंगे।

अध्याय 5

नई प्रसाधन सामग्री के आयात या विनिर्माण के लिए अनुज्ञा

32. **नई प्रसाधन सामग्री के आयात या विनिर्माण के लिए अनुज्ञा-** (1) कोई व्यक्ति जो किसी नई प्रसाधन सामग्री का आयात या विनिर्माण करना चाहता है, को प्रसाधन सामग्री की सुरक्षा और प्रभाव के संबंध में अपेक्षित शुल्क और आंकड़ों के साथ-साथ प्ररूप सीओएस-12 में केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन करेगा।

(2) यदि केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि विनिर्माण या आयात के लिए अनुज्ञाप्राप्त प्रसाधन सामग्री देश में उपयोग हेतु सुरक्षित और प्रभावी रहेंगे तो वह प्ररूप सीओएस-03 में विनिर्दिष्ट शर्तों की शर्त पर एक पूर्व अनुज्ञा जारी कर सकता है।

(3) प्ररूप सीओएस-03 में प्राप्त पूर्व अनुज्ञा को ऐसी नई प्रसाधन सामग्री के अध्याय 3 के अधीन आयात अथवा अध्याय 4 के अधीन विनिर्माण के लिए आवदेन पत्र में साथ भेजा जाएगा।

(4) नई प्रसाधन सामग्री के सुरक्षा संबंधी मूल्यांकन के लिए किए जाने वाले परीक्षण या विश्लेषण की पद्धतियों का अनुपालन भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित और समय-समय पर संशोधित आईएस 4011:2018 प्रसाधन सामग्री का सुरक्षा संबंधी मूल्यांकन के लिए परीक्षण की पद्धतियों में विनिर्दिष्ट अनुसार विनिर्माता के द्वारा किया जाएगा।

अध्याय 6

प्रसाधन सामग्री की विक्रय या वितरण के लिए लेबलिंग, पैकिंग और मानक निर्धारण

33. **विक्रय या वितरण पर प्रतिषेध :** इस अधिनियम और इसके नियमों के अन्य प्रावधानों की शर्त पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रसाधन सामग्री, चाहे वह भारतीय मूल की ही हो, और इसका विनिर्माण किसी अनुज्ञप्ति प्राप्त विनिर्माता द्वारा विनिर्मित और लेबल की गई है तथा इन नियमों के अनुसार पैक की गई है, का विक्रय या वितरण नहीं करेगा।

34. **लेबलिंग का तरीका** - (1) इन नियमों के अन्य प्रावधानों की शर्त पर किसी भी प्रसाधन सामग्री की बाहरी तथा आंतरिक दोनों ओर लेबल होंगे :

(क) प्रसाधन सामग्री का नाम,

(ख) विनिर्माता का नाम और विनिर्माता के कार्यक्षेत्र का पूरा पता जहां इस प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण किया गया है; **यदि उत्पाद निर्माता के स्वामित्व वाले कारखाने में विनिर्मित नहीं किया गया है, तो वास्तविक विनिर्माता का नाम और पता या उस देश का नाम जहां इसे वास्तव में के रूप में विनिर्मित किया गया है "मेड इन ..... (का नाम देश)" के रूप में लेबल पर होना चाहिए:**

परंतु, यदि प्रसाधन सामग्री को 30 ग्राम या उससे कम आकार के एक बहुत छोटे आकार के कंटेनर में अगर कॉस्मेटिक्स ठोस या अर्ध-ठोस अवस्था में हैं और 60 मिलीलीटर या उससे कम है, तो प्रसाधन सामग्री तरल अवस्था के रूप में एक बहुत छोटे आकार के डिब्बे में रखा गया है, जहां विनिर्माता का पता नहीं दिया जा सकता है तोविनिर्माता का नाम और उसके प्रमुख विनिर्माण स्थल का ब्यौरा उसके पिन कोड के साथ दिया जाएगा।

(ग) समाप्ति की तारीख या पहले प्रयोग करें की तारीख (मास तथा वर्ष) या **विनिर्माण से उपयोग-अवधि की समाप्ति की तारीखXX मास या विनिर्माण की तारीख या समाप्ति की तारीख।**

(2) (क) एक सुस्पष्ट बैच संख्या अर्थात् वह संख्या जिसके संदर्भ से ऐसे किसी निश्चित बैच के विनिर्माण का विषय प्राप्त हो जिससे उस डिब्बे में यह सामग्री ली गई है, को दर्ज किया जाता है। बैच संख्या को दर्शाने वाले आंकड़े 'बी' अक्षर से या "बैच नं." या "बी. नं." या बैच या "लॉट सं." या "लॉट" अक्षर से दर्शाया गया है।

परंतु कि यह खंड ठोस या अर्द्ध ठोस स्थिति वाले 10 ग्राम या उससे कम वाले किसी भी प्रसाधन सामग्री और तरल अवस्था में 25 मिलीलीटर या उससे कम वाले किसी प्रसाधन सामग्री पर लागू नहीं होगाः

परंतु कि साबुन के मामले में, बैच संख्या के बजाय, साबुन के विनिर्माण का महीना और वर्ष लेबल पर दिया जाएगा।

(ख) विनिर्माण अनुज्ञप्ति नंबर, 'एम' या "एमएल नंबर" या "एमएफजी एलआईसी सं." से पहले की संख्या आंतरिक और बाहरी लेबल पर दी जाएगी;

परंतु कि आयातित उत्पादों के मामले में, यदि मूल देश में ऐसा प्रावधान अनिवार्य नहीं है, तो अन्य आयात विनियमों की पूर्ति के अधीन विनिर्माण अनुज्ञप्ति संख्या का उल्लेख किये बिना ऐसी प्रसाधन सामग्री की अनुमति दी जा सकती है।

(3) प्रसाधन सामग्री के बाहरी लेबल में ठोस पदार्थों के लिए वजन, तरल पदार्थ के लिए तरल माप, अर्धठोस के लिए वजन यदि सामग्री संख्या उप-विभाजित हो तो संख्यात्मक गणना के साथ संयुक्त रूप के संदर्भ में शुद्ध सामग्री की घोषणा व्यक्त की जाएगी:

परंतु कि इस कथन को इत्र, शौचालय के पानी या इसी तरह के पैकेज के मामले में प्रकट करने की आवश्यकता नहीं है, जिसकी शुद्ध सामग्री 60 मिलीलीटर से अधिक न हो या ठोस या अर्द्ध ठोस प्रसाधन सामग्री के किसी भी पैकेज की शुद्ध सामग्री 30 ग्रामसे अधिक न हो।

(4) उन प्रसाधन सामग्री के मामले में; जहां खतरा मौजूद हो, हर आंतरिक लेबल निम्नलिखित को स्पष्ट रूप से इंगित करेगा।

क) सुरक्षित उपयोग के लिए उपयुक्त निदेश,

ख)उपभोक्ता द्वारा बरतने जाने वाली कोई अपेक्षित किसी भी चेतावनी, सावधानी या विशेष दिशा को देखा जाना आवश्यक है,

ग) एक विवरण जो खतरनाक या जहरीले पदार्थों के नाम और मात्रा को इंगित करता हो।

(5) भारत में बेचे जाने के लिए आयातित प्रसाधन सामग्री के मामले में, आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संख्या का उल्लेख पत्र "आरसी" या "आरसी संख्या" या "रजि. प्रमा. सं." से पहले "आयातक के नाम और पते" के साथ यूनिट पैक के लेबल पर उल्लिखित किया जाएगा;

(6) जहां प्रसाधन सामग्री के पैकेज में केवल एक लेबल होता है, इन नियमों के अधीन ऐसे लेबल पर आंतरिक और बाहरी लेबल दोनों पर दिखाए जाने वाले सभी जानकारी सम्मिलित होंगी।

(7) सभी मामलों में, एक प्रतिशत से अधिक की एकाग्रता में मौजूद अवयवों की सूची को उनके सम्मिलित किए जाने के समय वजन या मात्रा के घटते क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा, उसके बाद उनमें से कम या एक प्रतिशत के बराबर की एकाग्रता में, किसी भी क्रम में, और 'सामग्रियां शब्द से पहले सूचीबद्ध किया जाएगा।

परंतु कि इस विवरण को 60 मिलीलीटर से कम तरल और 30 ग्राम ठोस और अर्ध-ठोस के पैक के लिए प्रदर्शित करने की आवश्यकता नहीं है।

(8) प्रसाधन सामग्री को नौवीं अनुसूची के अधीन आच्छादित किए गए प्रसाधन सामग्री के लिए 'भारतीय मानक ब्यूरो' द्वारा अधिकथित सुसंगत भारतीय मानक में विनिर्दिष्ट लेबलिंग आवश्यकता, यदि कोई हो, का पालन करना होगा।

(9) कोई भी प्रसाधन सामग्री तब तक आयात नहीं की जाएगी जब तक कि इन नियमों के अनुरूप पैक और लेबल नहीं किया गया हो और आयातित प्रसाधन सामग्री के लेबल में उत्पाद के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संख्या और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र धारक का नाम और पता भारत में उपर्युक्त उत्पाद की मार्केटिंग के लिए मौजूद हो।

परंतु कि जिन मामलों में आयातित प्रसाधन सामग्री के लिए भारत विशिष्ट लेबलिंग की आवश्यकता होती है, वहां बॉन्डेड गोदामों में अनुमत या स्टिकर की अनुमति दी जाएगी।

(10) यदि प्रसाधन सामग्री निर्यात के लिए है तो प्रसाधन सामग्री की पैकेजिंग या कंटेनर पर लेबल उस देश के कानून की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करेगा जहां प्रसाधन सामग्रीका निर्यात किया जाना है, लेकिन निम्नलिखित विवरण स्पष्ट रूप में दिखाई देगा, प्रसाधन सामग्री के अंदरूनी अधिकांश पैक के लेबल पर जिस तरह से प्रसाधन सामग्री पैक किया जाता है और कंटेनर पैक किया जाता है, हर दूसरे बाहरी कवर:-

(क) प्रसाधन सामग्री का नाम;

(ख) "लॉट नंबर" या "लॉट" या "बैच नं" या "बी संख्या या""क्रम सं." शब्द से पहले सुस्पष्ट बैच संख्या या लॉट संख्या या क्रम सं.या "बी";

(ग) उपयोग करने या समाप्ति की तारीख, यदि कोई हो;

(घ) विनिर्माता का नाम और पता और वास्तविक परिसर का पता जहां प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण किया गया है;

(ङ) अनुज्ञप्ति नंबर से पहले अनुज्ञप्ति "अनुज्ञप्ति नंबर या एलआईसी। सं.।";

(च) जहां भी आवश्यक हो, विषय-वस्तु के *बदले* अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतीक:

परंतु कि जहां माल वाहक द्वारा विनिर्माता के नाम और पते के साथ लेबल करने के लिए प्रसाधन सामग्री की आवश्यकता नहीं है, वहां पैकेज या कंटेनर पर लेबल केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कोड लेना होगा।

35. प्रसाधन सामग्री के कंटेनर, लेबल या रैपर पर शिलालेख बदलने के खिलाफ प्रतिषेध.- कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रसाधन सामग्री के कंटेनर, लेबल या रैपर पर विनिर्माता द्वारा बनाए गए या रिकॉर्ड किए गए किसी भी शिलालेख या चिह्न को बदल, मिटा या हटा देगा;

परंतु कि इस नियम में कुछ भी किसी भी वृतांत या निर्देश में या केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी की अनुमति के साथ किसी भी प्रसाधन सामग्री के कंटेनर, लेबल या रैपर पर किए गए किसी भी बदलाव, शिलालेख या चिह्न पर लागू नहीं होगा।

36. झूठे या भ्रामक दावों के खिलाफ निषेध.- कोई भी प्रसाधन सामग्री तात्पर्यित या तात्पर्यित होने का दावा या किसी भी विचार को व्यक्त करने का दावा नहीं कर सकता है जो इच्छुक उपयोगकर्ता के लिए झूठा या भ्रामक है।

37. डाई, रंगों और रंगद्रव्य वाले बालों के डाई की लेबलिंग.-पैरा-फेनिलेनेडियम या अन्य डाई, रंगों और रंग दृव्यों को अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं में निम्नलिखित लिजेंड के साथ लेबल किया जाएगा और ये आंतरिक और बाहरी दोनों लेबलों पर दिखाई जाने होंगे:

"चेतावनी- इस उत्पाद में ऐसे तत्व होते हैं जो कुछ मामलों में त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं और इसलिए दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार शुरूआती जांच की जानी चाहिए। इस उत्पाद का उपयोग पलकों या भौहें की रंगाई के लिए नहीं किया जाना चाहिए; क्योंकि इस तरह के उपयोग से अंधापन हो सकता है।"

प्रत्येक पैकेज में परीक्षण करने के लिए निम्नलिखित पंक्तियां, के निर्देश भी अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं में होंगेः

"इस उत्पाद से कुछ मामलों में त्वचा पर गंभीर जलन हो सकती है और इसलिए यह निर्धारित करने के लिए शुरूआती जांच हमेशा की जानी चाहिए कि विशेष संवेदनशीलता है या नहीं। जांच करने के लिए, साबुन और पानी या अल्कोहल का उपयोग करके कान के पीछे या कलाई की भीतरी सतह पर त्वचा के एक छोटे से हिस्से को साफ करें। इस हिस्से पर उपयोग के लिए तैयार की गई बाल की डाई की एक छोटी मात्रा लगाएं और इसे सूखने दें। चौबीस घंटे बाद, साबुन और पानी के साथ धीरे-धीरे इस हिस्से को धो लें। यदि कोई जलन या सूजन न हो, तो यह माना जा सकता है कि डाई के लिए कोई अतिसंवेदनशीलता मौजूद नहीं है। परीक्षण, तथापि, प्रत्येक प्रयोग से पहले किया जाना चाहिए। इस उत्पाद को भौहें या पलकों कीरंगाई के लिए किसी भी रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे आंखों में जलन या यहां तक की अंधापन भी हो सकता है"

38. फ्लोराइडयुक्त टूथपेस्ट से संबंधित विशेष उपबंध.-

(i) टूथपेस्ट में फ्लोराइड सामग्री 1000 पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिए और फ्लोराइड की मात्रापीपीएम में सामग्री ट्यूब और दफ़्ती पर उल्लिखित की जाएगी।

(ii) ट्यूब और दफ़्ती पर समाप्ति की तारीख का उल्लेख किया जाना चाहिए।

39. प्रसाधन सामग्री के मानक.- (1) किसी भी प्रसाधन सामग्री का आयात या निर्मित तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि नौवीं अनुसूची या किसी भी कार्य गुणवत्ता मानक, और सुरक्षा जो इसे लागू होते है और नियमों के अधीन अन्य उपबंधों के अधीन विहित विनिर्देशों का अनुपालन न करे। यदि, प्रसाधन सामग्री के नौवीं अनुसूची में शामिल न होने की दशा में वह मूल के देश में लागू इन नियमों और विनिर्देशों और मानकों के अधीन आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

(2) भारतीय मानक ब्यूरो आईएस: 4707 भाग 2 यथा संशोधित के उपाबद्ध क में निर्दिष्ट कच्चे माल को प्रसाधन सामग्री उत्पाद में शामिल नहीं किया जाएगा।

(3) उस प्रसाधन सामग्री का आयात या निर्माण नहीं किया जाएगा जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो (आईएस: 4707 भाग I अथवा आईएस: 4707 भाग 2 यथा संशोधित) द्वारा निर्दिष्ट और दसवीं अनुसूची में सम्मिलित के अलावा डाई, रंग और रंग दृव्य शामिल हों।

प्रसाधन सामग्री में प्रयुक्त सिंथेटिक कार्बनिक रंग और प्राकृतिक कार्बनिक रंगों में निम्नलिखित से अधिक शामिल नहीं होंगे: -

i. आर्सेनिक ट्रायऑक्साइड के रूप में गणना की गई अर्सेनिक के प्रति मिलियन 2 भाग।

ii. लीड के रूप में गणना किए गए लीड के प्रति मिलियन 20 भाग

iii. लीड के अलावा भारी धातुओं के प्रति मिलियन 100 भाग संबंधित धातुओं की कुल मात्रा के रूप में गणना की जाती है।

(4) हेक्साक्लोरोफेन युक्त किसी भी प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण नहीं किया जाएगा:

परंतु साबुन के मामले में, सांद्रण में उपयोग की गई हेक्साक्लोरोफेन वज़न -दर-वज़न एक प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकेगी:

परंतु, यह, और कि निम्नलिखित चेतावनी नोट मुद्रित किए जाएंगे और प्रत्येक साबुन के पैकेज के रैपर पर एक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। अर्थात "हेक्साक्लोरोफेन शामिल है - बच्चों पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए"।

(5) देश में आयातित या विनिर्मित प्रसाधन सामग्री में पारा निम्नलिखित अनुपात में होना चाहिए, अर्थात् -

(क) वे प्रसाधन सामग्री जो केवल आंख के क्षेत्र में उपयोग के लिए प्रायोजित है, पारा का स्तर पारा के प्रति मिलियन (0.007 प्रतिशत) के रूप में अधिक नहीं होना चाहिए, जिसकी गणना धातु के रूप में, एक संरक्षक के रूप में की जाती है;

(ख) अन्य तैयार प्रसाधन सामग्री उत्पादों में, गैर प्रायोजित पारा एक भाग प्रति मिलियन (1 पीपीएम) से अधिक नहीं होगा।"

(6) रंगने वाले प्रसाधन सामग्री के उद्देश्य हेतु लीड व आर्सेनिक कम्पाउंड का प्रयोग निषेध है।

(7) प्रसाधन सामग्री के परीक्षण के लिए कोई भी व्यक्ति किसी जानवर का उपयोग नहीं करेगा।

अध्याय 7

परीक्षण या विश्लेषण, सेजर और रिपोर्ट के लिए नमूनाकरण की प्रक्रिया

40. **क्रेता से प्रसाधन सामग्री का परीक्षण.-** इस अधिनियम की धारा 26 के अधीन प्रसाधन सामग्री के परीक्षण या विश्लेषण के लिए क्रेता द्वारा सरकारी विश्लेषक को आवेदन प्ररूप सीओएस -13 में किया जाएगा और इस तरह के आवेदन पर किए गए प्रसाधन सामग्री के परीक्षण या विश्लेषण की रिपोर्ट प्ररूप सीओएस -14 में आवेदक को दी जाएगी।

41. **नमूना करण की प्रक्रिया.-** अधिनियम की धारा 22 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते समय निरीक्षक उपयुक्त अधिनियम की धारा 23 में दी गई प्रक्रिया का पालन करेगा।

42. **जब्त प्रसाधन सामग्री, रिकॉर्ड रजिस्टर, दस्तावेज या किसी अन्य सामग्री वस्तु के लिए रसीदों का प्रारूप.-**किसी भी प्रसाधन सामग्री के स्टॉक के लिए रसीद या किसी भी रिकॉर्ड, रजिस्टर, दस्तावेज या किसी अन्य सामग्री वस्तु के लिए अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (1) के खंड (ग) या खंड (गग) प्ररूप सीओएस -15 में दिया जाएगा।

43. **जब्त दस्तावेजों की प्रतियों को प्रमाणित करने की रीति.**-निरीक्षक अधिनियम की धारा 22 की उप-धारा (1) के खंड (गग) के अधीन उसके द्वारा खंड (गगक) के अधीन उसके समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रतियां जब्त करने और उनका सार नोट करने के बाद उन पर संबंधित निरीक्षक और वह व्यक्ति, जिससे दस्तोवज जब्त किए गए थे, और जिसने ऐसे रिकॉर्ड प्रस्तुत किए, जैसा भी मामला हो, के हस्ताक्षर लेकर, उस व्यक्ति, जिससे ये दस्तावेज जब्त किए गए हैं, और जिस व्यक्ति ने दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, को जब्ती और प्रस्तुतीकरण की तारीख से बीस दिनों की अवधि के भीतर वापस करेगा।

44. **नमूने लेने के प्रयोजन की सूचना का प्ररूप: -** (1) कोई निरीक्षक जब जांच और विश्लेषण के उद्देश्य से प्रसाधन सामग्री का नमूना लेता है, जो वह जिस व्यक्ति से नमूने प्राप्त करता है, उसे प्ररूप सीओएस-10 में लिखित ऐसे प्रयोजन की सूचना देगा।

(2) यदि नमूना देने वाला व्यक्ति प्रस्तुत किए गए उचित मूल्य को मानने से मना कर देता है तो निरीक्षक प्ररूप सीओएस-16 में रसीद में यह तथ्य नोट करेगा।

45. **सरकारी विश्लेषक को नमूने के प्रेषण की प्रक्रिया** - (1) अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (4) के अधीन निरीक्षक द्वारा जांच और विश्लेषक हेतु सरकारी विश्लेषण को भेजे जाने वाले नमूने का भाग और पात्र रजिस्ट्रीकृत डाक और मुहरबंद पैकेट में भेजे जाएंगे, इसके साथ प्ररूप सीओएस-17 में एक ज्ञापन भी संलग्न किया जाएगा।

(2) सरकारी विश्लेषक को ज्ञापन की एक प्रति और पैकेट को सील करने के लिए प्रयुक्त मुहर का नमूना रजिस्ट्रीकृत डाक और दस्ती डाक द्वारा अलग से भेजा जाएगा।

46. **स्टॉक का निपटान न करने के आदेश का प्ररूप–** यदि निरीक्षक चाहता है कि कोई व्यक्ति अपने किसी स्टॉक का निपटान न करे तो वह उस व्यक्ति को लिखित में प्ररूप सीओएस- 18 में एक आदेश देगा।

47. **विक्रय का निषेध** – यदि किसी व्यक्ति के पास ऐसा प्रसाधन सामग्री है, जिसके संबंध में निरीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 22 की उप-धारा (1) के खंड (ग) के अधीन आदेश दिया गया है तो वह उस आदेश के उल्लंघन में, ऐसी प्रसाधन सामग्री के किसी स्टॉक को न तो बेचेगा और न ही अन्यथा उसका निपटान करेगा।

48. **नमूना प्राप्त करने की प्रक्रिया** - परीक्षण और विश्लेषण के लिए नमूने वाले पैकेज की निरीक्षक से प्राप्ति पर, सरकारी विश्लेषक पैकेट पर या सैंपल और कंटेनर के हिस्से पर अलग से प्राप्त नमूने की छाप के साथ मुहरों की तुलना करेगा और पैकेट पर और नमूने और कंटेनर के हिस्से पर मुहरों की स्थिति नोटकरेगा। परीक्षण और विश्लेषण पूरा होने के बाद वह तुरंत निरीक्षक को प्ररूप सीओएस-19 में परीक्षण और विश्लेषण में अनुप्रयुक्त पूर्ण प्रोटोकॉल के साथ परीक्षण और विश्लेषण के परिणाम की एक रिपोर्ट तीन प्रतियों में प्रस्तुत करेगा।

स्पष्टीकरण - इसे "परीक्षण और विश्लेषण के प्रोटोकॉल" की आपूर्ति के संबंध में नियम की आवश्यकता के पूर्ण और पर्याप्त अनुपालन के रूप में समझा जाएगा, यदि -

(1) प्रसाधन सामग्री की श्रेणी, जिसके लिए नौवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट मानकों को अनुप्रयुक्त एवं उनका अनुपालन किया जाता है, निर्धारित में मानकों के अनुसार विशिष्ट परीक्षण अथवा विश्लेषण संदर्भ रिपोर्ट में दिया गया है।

(2) उन प्रसाधन सामग्री जिनके लिए परीक्षज्ञा के तरीके उपलब्ध नहीं हैं और सरकारी विश्लेषक द्वारा विकसित किए गए हैं, जांच का अनुप्रयुक्त विवरण रिपोर्ट में दिया गया है।

49. **न्यायालय के आदेश द्वारा जांच और विश्लेषण के लिए नमूने भेजना** - (1) अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (4) के अधीन जांच और विश्लेषण के लिए नमूने मुहरबंद पैकेट में रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा और कोरियर और दस्ती द्वारा भेजे जाएंगे, जिसके साथ निदेशक को संबोधित बाह्य आवरण सहित प्ररूप सीओएस-20 में ज्ञापन संलग्न किया जाएगा।

(2) बाह्य आवरण और पैकेट को विशिष्ट संख्या से चिह्नित किया जाएगा।

(3) प्ररूप सीओएस-20 में ज्ञापन की एक प्रति और पैकेट को सील करने के लिए प्रयुक्त मुहर की नमूना छाप को रजिस्ट्रीकृत डाक और कूरियर द्वारा निदेशक को अलग से भेजा जाएगा।

50. **मुहर की स्थिति की रिकॉर्डिंग** - पैकेट की प्राप्ति पर, उसे निदेशक की ओर से लिखित में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोला जाएगा जो पैकेट पर मुहर की स्थिति को रिकॉर्ड करेगा।

51. **जांच अथवा विश्लेषण के परिणाम की रिपोर्ट** - जांच अथवा विश्लेषण के बाद ऐसी जांच और विश्लेषण के पूरा होने के तुरंत बाद जांच और विश्लेषण के परिणाम, अनुपयुक्त जांच के पूर्ण प्रोटोकॉल सहित, प्ररूप सीओएस – 21 में प्रेषक को भेजे जाएंगे।

52. **प्रमाण पत्र जारी करना**- प्रयोगशाला द्वारा इन नियमों के अधीन जारी प्रमाण-पत्रों को निदेशक और इस तरह के प्रमाण-पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

53. **प्रसाधन सामग्री , उपकरण, मशीनरी इत्यादि की जब्ती .-** (1) जहां किसी भी व्यक्ति को अधिनियम के अध्याय 4 और उसके अधीन बनाए गए किसी भी नियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने के लिए दोषी ठहराया गया है तथा प्रसाधन सामग्री का स्टॉक उसी उल्लंघन से संबद्ध हो तो, वह सामान जब्त किया जा सकता है।

(2) यदि कोई व्यक्ति अधिनियम की धारा 17ग के खंड (क), खंड (ख) अथवा खंड (ग) के अधीन किसी भ्रामक ब्रांड की प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण करता है, अथवा अधिनियम की धारा 17 ङ के अधीनप्रसाधन सामग्री में मिलावट करने, और अधिनियम की धारा 18 के खंड (ग) के अधीन अपेक्षित विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना किसी प्रसाधन सामग्री को बेचने हेतु विनिर्माण करने का दोषी पाया जाता है तो, ऐसे विनिर्माण में प्रयुक्त सामग्री और मशीनरी और भंडार, पैकेजों और आवरणों, जिसमें ऐसे प्रसाधन सामग्री निहित हैं तथा ऐसे प्रसाधन सामग्री को ले जाने में प्रयुक्त पशु, वाहन, जहाज और अन्य वाहन भी जब्त किए जाएंगे।

54. **जब्त किए गए प्रसाधन सामग्री के निपटारे की प्रक्रिया.-** (1) न्यायालय रिपोर्ट के लिए संबधित निरीक्षक को जब्त किए गए प्रसाधन सामग्री को भेजेगा कि क्या ये मानक गुणवत्ता के हैं या किसी भी तरह से अधिनियम और नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं।

(2) यदि निरीक्षक, सरकारी विश्लेषक की रिपोर्ट के आधार पर, जब्त किए गए प्रसाधन सामग्री को मानक गुणवत्ता का नहीं पाता है और यह मामला है कि अधिनियम और उस के नियमों के किसी भी प्रावधान उल्लंघन हुआ, तो वह तदनुसार न्यायालय को रिपोर्ट करेगा। इसके बाद न्यायालय इस तरह के प्रसाधन सामग्री को नष्ट करने का आदेश देगा। न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट अनुसार ऐसे प्रसाधन सामग्री को ऐसे प्राधिकारी की उपस्थिति में निरीक्षक की देख रेख में नष्ट किया जाएगा।

(3) यदि निरीक्षक को पता चलता है कि जब्त किए गए प्रसाधन सामग्री मानक गुणवत्ता के हैं और अधिनियम के प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों का उल्लंघन नहीं करते हैं, तो वह तदनुसार न्यायालय को रिपोर्ट करेगा।

अध्याय 8

प्रसाधन सामग्री और उनके कच्चे माल का परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला का अनुमोदन

55. **प्रसाधन सामग्री की जांच के लिए स्वीकृति प्रदान करने हेतु आवेदन – (1)** कोई प्रयोगशाला, जो अपेक्षाओं को पूरा करती है तथा जिसे राष्ट्रीय प्रत्यायन निकाय द्वारा प्रत्यायित प्रसाधन सामग्री की जांच करने के लिए मान्यता दी गई है, अनुज्ञप्तिधारी की ओर से प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए विनिर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल और प्रसाधन सामग्री की पहचान, शुद्धता, गुणवत्ता और क्षमता की जांच करने के लिए अनुमोदन दे सकती है, जिसे केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी का प्ररूप सीओएस – 22 में राज्य के राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा जहां ऐसी प्रयोगशाला स्थापित की जानी है:

परंतु आवेदक अनुमोदन प्राधिकारी को आवेदन के संबंध में प्ररूप सीओएस -22 में आवश्यक अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत करेगा।

(2) इन प्रसाधन सामग्री के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री सहित प्रसाधन सामग्री की अतिरिक्त श्रेणियों पर परीक्षण करने के लिए अनुमोदन हेतु अलग से आवेदन किया जाएगा।

(3) उप-नियम (1) के अधीन आवेदन तीसरी अनुसूची के रूप में निर्दिष्ट शुल्क के साथ किया जाएगा।

(4) यदि मूल अनुमोदन विरुपित, क्षतिग्रस्त और गुम हो जाता है, तो अनुमोदन की नकल (प्रतिलिपि) के लिए शुल्क तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट किया जाएगा ।

56. **अनुज्ञप्ति धारी की ओर से प्रसाधन सामग्री की ऐसी जांच करने के लिए अनुमोदन** - (1) प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्तिधारी की ओर से, इन नियमों के प्रावधानों के अधीन अपेक्षित प्रसाधन सामग्री की पहचान, शुद्धता, गुणवत्ता और क्षमता की ऐसी जांच करने के लिए अनुमोदन प्ररूप सीओएस-23 में प्रदान किया जाएगा।

(2) प्ररूप सीओएस - 23 में अनुमोदन से पहले, आवेदक द्वारा निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन किया जाएगा-

(i) परिसर, जहां परीक्षण किए जा रहे हैं, अच्छी तरह से प्रकाशित और हवादार होने चाहिए, जब तक कि प्रसाधन सामग्री की जांच के लिए कोई अन्य स्थिति अपेक्षित न हो। जहां भी आवश्यक हो, परिसर वातानुकूलित होना चाहिए, ताकि प्रयोगशाला उपकरणों की सटीकता और कार्य-प्रणाली को बनाए रखा जा सके और स्टेरिलिटी टेस्ट, माइक्रोबायोलॉजिकल टेस्ट इत्यादि जैसे विशेष परीक्षणों के निष्पादन को सक्षम बनाया जा सके।

(ii) आवेदक परीक्षण किए जाने वाले प्रस्तावित प्रसाधन सामग्री के नमूने की प्रकृति और संख्या के अनुसार पर्याप्त स्थान प्रदान करेगा।

परंतु अनुमोदन प्राधिकारी समय-समय पर निर्धारित करेगा कि उपलब्ध कराई गई जगह पर्याप्त है अथवा नहीं।

(iii) आवेदक परीक्षण करने के आशय से प्रसाधन सामग्री के नमूने की प्रकृति और संख्या के संबंध में उचित उपकरण उपलब्ध कराएगा और उनका अनुसरण करेगा, जो केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण की राय में पर्याप्त होंगे।

(iv) प्रसाधन सामग्री का परीक्षण, उस व्यक्ति के दिशा-निर्देश में होगा, जिसकी योग्यता और अनुभव अनुमोदन प्राधिकारी की राय में पर्याप्त माने गए हैं और जिसे आवेदक द्वारा जारी परीक्षण और विश्लेषण की रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

(v) पहचान, शुद्धता, गुणवत्ता और क्षमता के लिए प्रसाधन सामग्री का परीक्षण उन व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा जिनकी योग्यता और परीक्षण का अनुभव केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण की राय में पर्याप्त है ।

(vi) आवेदक अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अधीन स्वीकृत मानक निर्देशिका और ऐसी संदर्भ निर्देशिका प्रदान करेगा, जो उन उत्पादों के परीक्षण या विश्लेषण के संबंध में आवश्यक हो सकती है, जिनके लिए आवेदन किया गया था।

57. **अनुमोदन स्वीकृति से पूर्व निरीक्षण :-** (1) प्ररूप सीओएस-23 में अनुमोदन की मंजूरी से पूर्व, अनुमोदित करने वाले प्राधिकारी संस्थान को उन कारणों से अवगत कराएंगे जिनके कारण परिसर और प्रसाधन सामग्री की जांच हेतु उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की जांच करने तथा नियोजित किए जाने वाले विशेषज्ञ कर्मचारियों की व्यावसायिक अर्हताओं की जांच करने के लिए अधिनियम की धारा 21 के अधीन केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए निरीक्षक द्वारा प्रसाधन सामग्री की जांच की जाएगी।

(2) निरीक्षण की रिपोर्ट को निरीक्षण के चौबीस घंटों के भीतर प्रस्तुत कर दिया जाएगा और उसकी एक प्रति निरीक्षण की गई प्रयोगशाला को उपलब्ध करा दी जाएगी।

58. **अनुमोदित करने वाले प्राधिकारी की प्रक्रिया :-** (1) यदि अनुमोदित करने वाला प्राधिकारी, ऐसी अन्य किसी जांच के पश्चात्, यदि कोई हो, जैसा भी आवश्यक समझा जाए, संतुष्ट होता है कि अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों की आवश्यकताओं को समेकित किया गया है और यह कि अनुमोदन की शर्तें और अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों का अनुपालन किया जाएगा, वह प्ररूप सीओएस-23 में अनुमोदन को मंजूर कर देगा।

(2) यदि अनुमोदन करने वाला प्राधिकारी इससे सहमत नहीं होता है तो, आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा आवेदक को अस्वीकृत किए जाने वाले उन कारणों और शर्तों से अवगत करा दिया जाएगा जिनके बारे में अनुमोदन की मंजूरी से पूर्व संतुष्ट होना अनिवार्य है।

59. **अस्वीकृत होने के पश्चात अतिरिक्त आवेदन :-** यदि अनुमोदन हेतु किए गए आवेदन के अस्वीकृत होने से छह महीने की अवधि के भीतर, आवेदक अनुमोदन करने वाले राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी को यह सूचित करता है कि उसने निर्धारित शर्तों को पूरा कर दिया है तथा तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट निरीक्षण फीस जमा कर दिया है, तो राज्य सरकार, उसका निरीक्षण करने तथा इस तथ्य से कि आवेदक ने अनुमोदन की मंजूरी के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा कर दिया है, से संतुष्ट हो जाता है तो वह प्ररूप सीओएस-23 में अनुमोदन को मंजूर कर देगा।

60. **अनुज्ञप्ति की वैधता:-** (1) प्ररूप सीओएस-23 में जारी किया गया अनुज्ञप्ति जब तक कि, केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा इसे निलम्बित अथवा निरस्त नहीं कर दिया जाता वैध रहेगा, यदि अनुज्ञप्ति धारी इसके जारी होने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि पूरी होने से पूर्व तीसरी अनुसूची में संदर्भित अनुज्ञप्ति प्रतिधारण फीस जमा करा देता है।

(2) उप-नियम (1) में संदर्भित अनुज्ञप्ति प्रतिधारण फीस तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्टानुसार ऐसे अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु अपेक्षित फीस के बराबर होगा।

(3) यदि अनुज्ञप्ति धारी उप-नियम (1) में संदर्भित देय तारीख को अथवा उससे पूर्व अनुज्ञप्ति प्रतिधारण फीस का भुगतान करने में विफल रहता है तो, उसे प्रत्येक माह अथवा उसके भाग के लिए छ: महीने तक अनुज्ञप्ति फीस के

दो प्रतिशत की दर से परिकलित विलंब फीस के साथ अनुज्ञप्ति प्रतिधारण फीस जमा कराना होगा तथा इस फीस का भुगतान न किए जाने की स्थिति में, अनुज्ञप्ति को निरस्त समझा जाएगा।

61. **अनुपालन के सत्यापन हेतु निरीक्षण.-**अनुज्ञप्ति की शर्तों तथा अधिनियम और इन नियमों के प्रावधानों की अनुपालना का सत्यापन करने के लिए इन नियमों में विनिर्दिष्ट तरीके से केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक द्वारा अनुज्ञप्त परिसर का तीन वर्ष में कम से कम एक बार निरीक्षण किया जाएगा।

62. **अनुमोदन के पश्चात सामान्य शर्तें:-** प्ररूप सीओएस-23 में दिया गया अनुमोदन निम्नलिखित सामान्य शर्तों के अधीन होगा:-

(क) वह प्रयोगशाला जिसे जांच और विश्लेषण के लिए इस अध्याय के अधीन अनुमोदित किया गया है, पर्याप्त संख्या में कर्मचारी उपलब्ध कराएगी तथा उन्हें बनाए रखेगी और ग्यारहवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुसार पर्याप्त परिसर और उपकरण उपलब्ध कराएगी।

(ख) संस्थान द्वारा नमूनों के गुणों को सुरक्षित रखने के लिए उनके भंडारण हेतु अनुमोदित संस्थान समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

(ग) अनुमोदित संस्थान प्रसाधन सामग्री के सभी नमूनों पर किए गए परीक्षणों तथा परीक्षणों के प्रोटोकॉलों के साथ उनके परिणामों के रिकॉर्डों की पहचान, शुद्धता, गुण्वत्ता और क्षमता के लिए उनके परिणामों और परिकलन को इस प्रकार दर्शाते हुए उनका अनुरक्षण करेगा ताकि वे निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहें तथा उन पदार्थों के मामले में, जिनके लिए वैद्यता समाप्ति की तारीख उस तारीख की समाप्ति से दो वर्ष की अवधि तथा अन्य पदार्थों के मामले में छह वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है, ऐसे रिकार्डों को सुरक्षित रखा जाएगा।

(घ) अनुमोदित संस्थान इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किए गए निरीक्षक को पूर्व सूचना अथवा बिना पूर्व सूचना के उस परिसर में प्रवेश करने और परीक्षण के लिए उपयोग किए गए उपकरणों तथा उसमें उपयोग का निरीक्षण करने की अनुमति देगा जहां परीक्षण किए जाते है। संस्थान निरीक्षकों को इन नियमों के अधीन बनाए गए रजिस्टरों और रिकोर्डों का निरीक्षण करने की अनुमति देगा तथा ऐसी सूचना उन निरीक्षकों को उपलब्ध कराएगा जो अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों की अनुपालना को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित होंगे।

(ड) अनुमोदित संस्थान प्रसाधन सामग्री का परीक्षण करने वाले प्रभारी-व्यक्ति या परीक्षण के लिए जिम्मेवार विशेषज्ञ स्टाफ में किसी प्रकार का परिवर्तन होने और परिसर में किसी प्रकार की सामग्री परिवर्तन या परीक्षण के प्रयोजन से उपयोग में लाए गए उपकरण में परिवर्तनों, जिन्हें केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी की ओर से अनुमोदन मंजूर करने या उसके नवीनीकरण से पूर्व किए गए अंतिम निरीक्षण की तारीख से किया गया है, के बारे में समय-समय पर केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को रिपोर्ट करेगा।

(च) अनुमोदित प्रयोगशाला परीक्षण अथवा विश्लेषण के परिणामों की रिपोर्ट प्ररूप सीओएस-24 में प्रस्तुत करेगी।

(छ) यदि प्रसाधन सामग्री का कोई भी नमूना परीक्षण के दौरान मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो अनुमोदित संस्थान अनुप्रयुक्त परीक्षणों के प्रोटोकॉलों के साथ नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट की प्रति सहित इसकी रिपोर्ट केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी और उस राज्य के अनुज्ञापन प्राधिकारी को भेजेगा जहां निर्माता अथवा प्रसाधन सामग्री को भेजने वाला स्थित है।

(ज) अनुमोदित प्रयोगशाला अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों तथा अधिनियम के अध्याय-4 के अधीन विनिर्दिष्ट अन्य कोई आवश्यकता, यदि कोई हो, की अनुपालना करेगी।

(झ) अनुमोदित संस्थान एक निरीक्षण पुस्तिका रखेगा ताकि निरीक्षक अपनी टिप्पणियों अथवा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को उसमें नोट कर सकें।

63. **अनुमोदन की वापसी और निलंबन :-** (1) केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुमोदित प्रयोगशाला को कारण बताने के लिए एक अवसर प्रदान करने के पश्चात्; कि क्यों न ऐसा आदेश पारित किया जाए, कारण बताते हुए इस भाग के अधीन मंजूर किए गए अनुमोदन को उस अवधि के लिए, जिसे उचित समझा जाए, या तो पूर्ण रूप से या प्रसाधन

सामग्री की कुछ उन श्रेणियों के लिए, जिनसे वह संबंधित है, वापस ले सकता है अथवा निलंबित कर सकता है, यदि उसकी राय में, अनुमोदित संस्थान अनुमोदन की किन्हीं भी शर्तों का या अधिनियम अथवा उसके अधीन बनाए गए नियमों के किन्हीं प्रावधानों की अनुपालना करने में विफल रहता है।

(2) कोई भी अनुमोदित प्रयोगशाला जिसका अनुमोदन या तो निलम्बित कर दिया गया है या वापस ले लिया गया है, आदेश की तारीख से तीन महीने के भीतर संबंधित राज्य सरकार को अपील कर सकती है, जो उसकी अपील का उसकी ओर से नियुक्त और सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किए गए सक्षम व्यक्तियों के पैनल के साथ परामर्श करके निपटान करेगी।

अध्याय – 9

विविध

64. **प्रसाधन सामग्री को छूट :-** (1) बारहवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्रसाधन सामग्री को अधिनियम के अध्याय-III और अध्याय–IV तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों से एक सीमा तक तथा उस अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन छूट दी जाएगी।

65. **प्रसाधन सामग्री की स्वेच्छा से वापसी** (1) यदि कोई निर्माता या अधिकृत अभिकर्ता , जैसा भी मामला हो, यह सोचता है या उसके पास विश्वास करने का ऐसा कोई कारण है कि प्रसाधन सामग्री, जिसे आयात किया गया है, निर्माण किया गया है, विक्रय की गई है या वितरित किया गया है, उससे उसके उपयोग के दौरान उपभोक्ता के स्वास्थ्य को खतरा होने की सम्भावना है, और इसलिए असुरक्षित हो सकता है, तो ऐसा निर्माता या अधिकृत अभिकर्ता उसकी वापसी के कारण दर्शाते हुए संबंधित प्रसाधन सामग्री को बाजार से वापस लेने के लिए तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करेगा तथा उससे संबंधित विवरण राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी या केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, को देगा।

(2) यदि ऐसा विश्वास करने का कोई कारण होगा कि प्रसाधन सामग्री, जिसे बाजार में उतारा गया है, उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित नहीं है, तो निर्माता अथवा अधिकृत अभिकर्ता , जैसा भी मामला हो, तत्काल राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अथवा केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, को सूचित करेगा तथा उनके साथ सहयोग करेगा।

(3) निर्माता अथवा आयातक अथवा अधिकृत अभिकर्ता , जैसा भी मामला हो, उपभोक्ताओं के लिए जोखिम को रोकने हेतु की गई कार्रवाई के बारे में राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अथवा केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, को सूचित करेगा तथा जहां ऐसे प्रसाधन सामग्री के उपयोग के कारण उत्पन्न होने वाले जोखिम में इससे रोकथाम हो सके, वे कम हो सकें या समाप्त हो सकें, वहां अधिनियम और इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अथवा केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, से सहयोग करने में न तो किसी व्यक्ति को रोकेगा और न ही उसे ऐसा करने के लिए हतोत्साहित करेगा।

66. **नमूनों की जांच के लिए फीस :-** (1) अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (1) के अधीन नमूनों की जांच और उनके विश्लेषण के लिए पांचवीं अनुसूची में फीस को विनिर्दिष्ट किया गया है।

(2) व्यक्ति द्वारा खरीदी गई औषधि की जांच अथवा विश्लेषण के लिए अधिनियम की धारा 26 के अधीन सरकारी विश्लेषण को प्रस्तुत करने के लिए भुगतान किया जाने वाला फीस वह होगा जो कि पांचवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

67. **फीस के भुगतान की विधि :-** (1) इन नियमों में निर्धारित फीस का भुगतान केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण आवेदन करने के मामले में, चालान अथवा इलैक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 अथवा बैंक ऑफ बड़ौदा की अन्य किसी शाखा में या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सरकार के किसी अन्य बैंक में किया जाएगा, जोकि लेखा शीर्ष "0210- चिकित्सा और जन स्वास्थ्य, 04-जन स्वास्थ्य, 104-फीस और जुर्माना के अधीन जमा किया जाएगा।

(2) यदि विनिर्दिष्ट फीस राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी को देय होगा, वहां उसका भुगतान संबंधित राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट, चालान या इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से किया जाएगा।

68. **विसंगति के मामले में अनुप्रयोज्यता:-** यदि इन नियमों और अधिनियम के अधीन निर्मित अन्य नियमों के बीच कोई विसंगति पाई जाती है, तो ऐसे अन्य नियमों पर इन नियमों के प्रावधान अभिभावी होंगे।

69. **आवेदक का विवर्जन:-** (1) कोई भी, आवेदक स्वयं या उसकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति, भ्रामक अथवा जाली अथवा झूठे प्रलेख प्रस्तुत करता है तो केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण उसे ऐसे कृत्य करने का कारण बताने का अवसर देकर मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के उपयुक्त समझी गई अवधि के लिए विवर्जित कर सकेगा।

(2) यदि कोई आवेदक उप-नियम (1) के अधीन केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा किए गए किसी आदेश से प्रभावित हो तो वह आवेदक आदेश प्राप्त होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर, केन्द्र सरकारया राज्यसरकार को अपील कर सकेगा और केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार, किसी ऐसी कार्रवाई, जो वह आवश्यक समझे, के बाद और सुनवाई का एक अवसर प्रदान करके इस संबंध में ऐसे आदेश पारित कर सकती है जैसा वह उपयुक्त समझे।

70. **प्ररूप का डिजिटलीकरण:** इन नियमों के अधीन विहित प्ररूप डिजिटलीकरण के उद्देश्य से केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा उपयुक्त उपांतरण किए जा सकेंगे और डिजिटल प्ररूप उपांतरण में ऐसा संपरिवर्तन सभी प्रयोजनों हेतु विधिक रूप से विधिमान्य माना जाएगा।

71. **औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में संशोधन**.-औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में तेरहवीं अनुसूची में यथा निर्दिष्ट अनुसार संशोधन किया जाता है।

72 **व्यावृत्ति.-** (1) औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 लागू नहीं होना होते हुए भी इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व प्रसाधन सामग्रियों के संबंध में इस अधिनियम और उक्त नियमों के उपबंधों के अधीन अनुमोदन अथवा अनुज्ञा अथवा अनुज्ञप्ति अथवा जारी किए गए प्रमाणपत्र और उक्त नियमों के तत्स्थायी उपबंधों के अधीन अवसान की तारीख तक अथवा इन नियमों के अधिसूचित होने की तारीख से 18 माह की अवधि के लिए जो भी पश्चात्वर्ती हो सभी प्रयोजनार्थ विधिमान्य समझे जाएंगे।

(2) औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के अधीन की गई कोई बात अथवा की गई कार्रवाई अथवा तात्पर्यित की गई हो अथवा कर ली गई हो, जिसमें किसी नियम, अधिसूचना, निरीक्षण, आदेश अथवा दिया गया अथवा जारी किया गया नोटिस अथवा की गई कोई नियुक्ति अथवा की गई कोई घोषणा अथवा किया गया कोई ऑपरेशन अथवा दिया गया कोई निर्देश अथवा की गई कार्यवाही अथवा कोई शास्ती, दण्ड, जब्ती या लगाया गया जुर्माना, इन नियमों के तत्स्थायी उपबन्धों के अधीन किए गए अथवा किए जाने वाले समझे जाएंगे और सभी प्रयोजनों हेतु विधिमान्य रहेंगे।

पहली अनुसूची

(नियम 12 (3) देखें)

विनिर्माता से प्राधिकार-पत्र

(प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट अथवा मूल देश में भारतीय दूतावास द्वारा अथवा प्रचारक के माध्यम से किसी समकक्ष प्राधिकारी द्वारा भारत में अधिप्रमाणित किया जाए)

आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए किसी आवेदन को संलग्न करने का प्राधिकार-पत्र

मैं----------, ---------- पद पर मैसर्स----------(पूरा पता/टेलीफोन नं., ई-मेल) में कार्यरत, जिनका विनिर्माण स्थल ---------- (पूरा पता याटेलीफोन नं., ई-मेल) में है, की ओर से इस प्राधिकार-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत नीचे उल्लिखित स्थल पर निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री का प्रसाधन सामग्री नियम, 2018 के उपबंधों के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र हेतु आवेदन करने के लिए मैसर्स----------(पूरा पता, टेलीफोन, फैक्स एवं ई-मेल पते सहित, जो इससे आगे शासकीय अभिकर्ता माना जाएगा, को भारत में आयात करने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

आयात किए जाने वाले प्रस्तावित प्रसाधन सामग्री के विवरण निम्नलिखित हैं (यदि अपेक्षित हो, तो नीचे दिए गए प्ररूप में एक पृथक सूची संलग्न की जाए)

क्र.सं.	उत्पाद/प्रसाधन सामग्री का ब्रांड	ब्रांड का नाम	वेरिएंट नाम	पैक का आकार	वास्तविक विनिर्माता एवं उसके परिसर
1.					
2.					

(2) हमारा प्राधिकृत अभिकर्ता निम्नलिखित संबंध में कार्य करेगा:-

(क) मैसर्स ----------(विदेशी विनिर्माता/ब्रांड स्वामी का नाम और पूरा पता) की ओर से भारत में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त के लिए शासकीय प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु।

(ख) ---------- (विनिर्माता का नाम) द्वारा विबनाए गए प्रसाधन सामग्री के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र हेतु ---------- (विदेशी विनिर्माता/ब्रांड स्वामी का नाम और पूरा पता) के नाम में सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु ।

(3) मैं रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र पर लागू और प्रसाधन सामग्री नियम, 2018 के उपबंधों की सभी शर्तों का पालन करुंगा।

(4) मैं घोषणा करता हूं कि मैसर्स---------- सूचीबद्ध प्रसाधन सामग्री का विनिर्माण उपर्युक्त निर्दिष्ट विनिर्माण स्थल पर कर रहा है।

(5) मैं केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्रदाता प्राधिकरण को अथवा उसकी ओर से उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति को विनिर्माण परिसर में प्रवेश और निरीक्षण करने तथा किसी भी विनिर्माण स्थल के संबंध में प्रक्रिया, पद्धति और दस्तावेज की जांच करने तथा सूचीबद्ध प्रसाधन सामग्री जिनके लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र हेतु आवेदन किया गया है, का नमूना लेने की अनुमति दूंगा।

(6) प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अधीन नियमों के किसी उल्लंघन के मामले में, प्राधिकृत अभिकर्ता, भारत में आयातित प्रसाधन सामग्री के लिए इस मुखतार नामें (पॉवर ऑफ अटार्नी) को वापस किए जाने के बाद भी जिम्मेदार बना रहेगा।

(7) मैं व्यक्त एवं घोषणा करता हूं कि आवेदन में सभी फोटो प्रतियां या स्कैन की गई प्रतियां मूल दस्तावेजों की सत्य प्रतियां हैं।

(8) मैं स्पष्ट एवं घोषणा करता हूं कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज सत्य एवं सही हैं।

स्थान :

तारीख :

विनिर्माता के हस्ताक्षर----------

(नाम और पदनाम)----------

मोहर ----------

प्राधिकृत अभिकर्ता से वचनपत्र

मैं----------,आयु----------मैसर्स----------(पूरा पता या टेलीफोन नंबर, ई-मेल) में सेवारत मैसर्स ---------- (पूरा पता या टेलीफोन नंबर, ई-मेल), जिनका विनिर्माण स्थल----------(पूरा पता/ टेलीफोन नंबर, ई-मेल) पर स्थित है, की ओर से प्राधिकृत अभिकर्ता के रूप में अधिकार देने के परिणामस्वरूप कार्य करने हेतु सहमत हूं।

स्थान :

तारीख :

अधिकृत अभिकर्ता के हस्ताक्षर

(नाम और पदनाम)

मोहर

द्वितीय अनुसूची

(नियम 12(4), 23(2), और 23(4) देखें)

भाग-I

आयात रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के लिए विनिर्माता या उसके शासकीय आयातक/वितरक/अभिकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की जाने वाली अपेक्षित सूचना एवं वचनपत्र।

प्ररूप सीओएस-5 में प्रत्येक आवेदन के लिए प्ररूप उपयुक्त रूप से भरा जायेगा।

1. विनिर्माता एवं विनिर्माण-परिसरों के विवरण:

   (क) रेजिस्ट्रीकृत किए जाने वाले विनिर्माता एवं विनिर्माण परिसरों का नाम एवं पता और टेलीफोन नंम्बर, फैक्स नं. तथा ई-मेल पता।

   (ख) भागीदारों या निदेशकों का/के नाम और पता/पते।

   (ग) विनिर्माता के व्यवसाय के लिए जिम्मेदार भारत में शासकीय आयातक या वितरक या अभिकर्ता का नाम और पता तथा उसके भागीदारों या निदेशकों के नाम और पते ।

   (घ) देशी तथा विश्व बाजार में विनिर्माण के व्यवसाय कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण।

टिप्पण: यदि ब्रांड स्वामी, भारत में रेजिस्ट्रीकृत कोई कंपनी है तो कंपनी का नाम तथा रजिस्ट्रीकरण कार्यालय का पता लिखें।

2. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के अधीन रेजिस्ट्रीकृत किए जाने वाले प्रसाधन सामग्री का विवरण:

   (1) प्रसाधन सामग्री का नाम तथा उनका ब्रांड नाम, श्रेणी, पैक का आकार तथा रेजिस्ट्रीकृत किए जाने वाले भिन्न रूपों और भारत में आयात एवं उपयोग करने के उद्देश्य।

   (2) विनिर्माण अनुज्ञप्ति या रजिस्ट्रीकरण या उत्पाद अनुमति या विपणन प्राधिकार या नि:फीस विक्रय प्रमाणपत्र या (यदि कोई हो) का विवरण जिसके अधीन प्रसाधन सामग्री का मूल देश में विनिर्माण किया जा रहा है और उस देश के विनियामक प्राधिकरण या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी या संगमो द्वारा जारी अनुज्ञप्ति या विपणन प्राधिकार या नि:शुल्क विक्रय प्रमाणपत्र या रजिस्ट्रीकरण का विवरण।

   (3) उन देशों की सूची, जहां उक्त प्रसाधन सामग्री के लिए विपणन प्राधिकार या आयात अनुमति दी गई है।

(3) प्रसाधन सामग्री की रासायनिक सूचना :

   (क) मानक संदर्भों के विवरण में घटकों के नाम तथा प्रसाधन सामग्री में अंतर्विष्ट प्रतिशतता।

   (ख) प्रसाधन सामग्री (प्रसाधनों) की जांच हेतु विनिर्देश और परीक्षण।

   (ग) प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के अनुसार लेबल लगाने का तरीका।

   (घ) पैकेटों में रखी गई सामग्री (यदि कोई हो)।

(4) निम्न की घोषणा करने हेतु वचनबद्धता :-

   (क) मैं/हम प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के उपबंधों के अधीन अपेक्षाओं के अनुसार प्रसाधन सामग्री के आयात हेतु रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के लिए लागू सभी शर्तों का अनुपालन करेंगे।

   (ख) मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि हम ऊपर विनिर्दिष्ट परिसर में इस अनुसूची में दर्शाए गए प्रसाधन सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं, और हम परिसर, जहां उत्पादन किया जाएगा और यदि वहां एक से अधिक फैक्ट्री में उत्पादन किया जाता है और इन फैक्ट्रियों के बीच वितरण के कार्य में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है, तो किसी प्रकार के परिवर्तन की रिपोर्ट समय-समय पर देते रहेंगे।

   (ग) मैं/हम, प्रसाधन सामग्री नियमों, 2020 के अध्याय ३के उपबंधों का अनुपालन करेंगे।

(घ) हमारे द्वारा, भारत में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के अधीन आयात हेतु निर्मित प्रत्येक प्रसाधन सामग्री नौवीं अनुसूची में यथा निर्दिष्ट भारतीय मानक ब्यूरो में उल्लिखित मानकों के अनुरूप होंगे।

(ड.) भारत में हमारे द्वारा बनाए गए उन प्रसाधनों का आयात नहीं किया जाएगा, जिनका परीक्षण पशुओं पर किया गया हो।

(च) मैं/हम, किसी रजिस्ट्रीकृत उत्पाद के लेबलिंग या कंपोजिशन या परीक्षण या उसकी विशिष्टता के संबंध में परिवर्तन तीस दिनों के भीतर नौवीं अनुसूची में यथानिर्दिष्ट भारतीय मानक ब्यूरो में उल्लिखित मानकों के अनुरूप उत्पाद के वचनबद्धता के साथ केन्द्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को सूचित करेंगे।

(छ) मैं/हम, प्रतिकूल प्रतिक्रिया हेतु की गई किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई जैसे – बाजार से वापिस मंगा लेना/विनियामक प्रतिबंध अथवा प्राधिकरण को रद्द करना और/अथवा किसी ऐसे देश में, जहां इस प्रसाधन का विपणन/बेचा अथवा वितरित किया गया है, उस देश के किसी भी विनियामक प्राधिकरण द्वारा घोषित रजिस्ट्रीकरण सत्यापन से संबंधित किसी प्रसाधन की मानक गुणवत्ता के अनुरूप न होने की रिपोर्ट के विषय में समय-समय पर रिपोर्ट देंगे। इस प्रकार के मामलों में, प्रसाधन के प्रेषण तथा विपणन को रोक दिया जाएगा तथा अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को तुरंत सूचित किया जाएगा।

(ज) मैं/हम, इस अधिनियम तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन, भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट, यदि हो तो, इस प्रकार की आगामी अपेक्षाओं का अनुपालन करेंगे।

(झ) मैं/हम, यदि अनुज्ञप्ति प्राधिकरण आवश्यक समझे तो प्रसाधन सामग्री के नमूने लेने हेतु किसी भी अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति को अनुमति प्रदान करेंगे।

उपरोक्त प्रस्तुत सूचना मेरी/हमारी जानकारी से पूर्ण तथा उचित है।

स्थान :

तारीख :

विनिर्माता अथवा उसके प्राधिकृत अभिकर्ता के हस्ताक्षर

नाम तथा पदनाम :

सील / मोहर

दूसरी अनुसूची

भाग-२

विनिर्माता द्वारा विनिर्माण अनुज्ञप्ति तथा ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु आवेदन प्ररूप के साथ प्रस्तुत की जाने वाली सूचना तथा वचनबद्धता

(1)

(क) मामले के अनुसार भुगतान किए गए फीस तथा चालान (तीसरी अनुसूची के अनुसार फीस) की रसीद अथवा उसकी सत्यापित प्रतियां।

(ख) विनिर्माण क्षेत्र के नक्शे के अनुमोदन हेतु प्रति।

(ग) दस्तावेज, जैसे – किराए की रसीद, परिसर के विधिमान्य कब्जे को दर्शाने वाली सत्यापित प्रतियां अथवा क्रय के दस्तावेज।

(घ) मशीनरी तथा उपस्करो की सूची।

(ङ) फर्म के गठन से संबंधित दस्तावेज, जैसे – साझेदारी-कार्य, संगठन का ज्ञापन तथा अनुच्छेद आदि।

(च) प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण तथा परीक्षण हेतु नियुक्त सक्षम तकनीकी स्टाफ का पूरा विवरण तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव के प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित उनके सक्षम प्राधिकारी के रूप में अनुमोदन पत्र प्रस्तुत किए जाएं। सक्षम तकनीकी स्टाफ को आवेदक फर्म के साथ पूर्णकालिक रोजगार हेतु अपेक्षित सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(छ) प्रसाधन सामग्री को बनाने की विधि, लेबलिंग के तरीके के साथ उसकी सूची की तीन प्रतियां वचनबद्धता सहित प्रस्तुत की जाए।

(ज) प्रसाधन सामग्री के ब्रांड का स्वामित्व रेजिस्ट्रीकृत है अथवा ट्रेडमार्क के अधीन है, से संबंधित दस्तावेज, यदि कोई हो।

(झ) साझेदारों अथवा स्वत्वधारी का पूरा नाम, अथवा जो भी मामला हो, आवेदन में दिया जा सकता है। निजी अथवा सार्वजनिक के मामले में, आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाले निदेशक तथा प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम, यदि कोई हो तो, आवेदन में दिया जाए।

(ञ) प्ररूप सीओएस-7 की विनिर्दिष्टाओं के अनुसार, प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु उत्तम विनिर्माण परिपाटियों (जीएमपी) के अनुपालन का स्व-प्रमाणपत्र ।

2) घोषणा करने के लिए वचनबद्धता-

(क) मैं/हम प्रसाधन-सामग्री नियम, 2020 के उपबंधों के अधीन यथा अपेक्षित प्रसाधन-सामग्री के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति अथवा ऋण-अनुज्ञप्ति पर अधिरोपित सभी शर्तों का पालन करुँगा/करेंगे।

(ख) मैं/हम घोषणा करता/करते हैं कि इस अनुसूची में उल्लिखित प्रसाधन सामग्रियों के विनिर्माण को उपर्युक्त निर्दिष्ट परिसरों पर जारी रख रहा हूँ/रहे हैं और हम समय-समय पर उन परिसरों को परिवर्तन के बारे में सूचित करते रहेंगे जिन पर विनिर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

(ग) मैं/हम प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के अध्याय- ४ के उपबंधों का पालन करूँगा/करेंगे।

(घ) भारत में विक्रय अथवा वितरण के लिए हमारे द्वारा विनिर्मित की गई प्रत्येक प्रसाधन-सामग्री नौवीं अनुसूची में यथा निर्दिष्ट भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अधिकथित किए गए मानकों के अनुरूप होगी।

(ड.) मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमारे द्वारा विनिर्मित किसी भी प्रसाधन सामग्री का परीक्षण पशुओं पर नहीं किया गया है।

(च) मैं/हम अनुज्ञप्तिकृत उत्पाद अथवा इसके विनिर्देशन की लेबलिंग अथवा संयोजन परीक्षण के संबंध में किसी परिवर्तन के मामले में अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को 30 दिन के अंदर इस आशय की वचनबद्धता के साथ कि उत्पाद नौवीं अनुसूची में यथा-निर्दिष्ट भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अधिकथित किए गए मानकों का अनुपालन करते हैं, सूचित कर दिया जाएगा।

(छ) मैं/हम ऐसी और अपेक्षाओं, यदि कोई हो, जो भारत सरकार द्वारा अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी, का पालन करूँगा/करेंगे।

(ज) मैं/हम अनुज्ञप्ति प्राधिकरण अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति को उनकी ओर से यदि अनुज्ञप्ति प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समझा गया, परीक्षण के लिए प्रसाधन-सामग्री का नमूना लेने की अनुमति दूँगा/देंगे।

(झ) मैं/हम यह वचनबद्धता देता हूँ/देते हैं कि यदि राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण अथवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त किए गए किसी अधिकारी को निरीक्षण के दौरान कोई कमी दिखाई देती है। राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण को उक्त प्रसाधन सामग्रियों के संबंध में उक्त परिसरों में अच्छी विनिर्माण प्रथा के लिए सुधार हेतु कोई निर्देश देने अथवा रद्द करने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त, इस संबंध में, मैं राज्य अनुज्ञप्ति प्राधिकरण की किसी भी कार्रवाई के लिए किसी क्षति का दावा नहीं करूँगा/करेंगे।

मेरी उत्तर जानकारी तथा विश्वास के अनुसार उपर्युक्त प्रस्तुत की गई सूचना सही है।

स्थान:

तारीख:

विनिर्माता/आवेदक के हस्ताक्षर

नाम तथा पदनाम:

सील/मोहर

तीसरी अनुसूची

[नियम 12(5), 12(9), 13(5), 23(2), 23(10), 28, 30(1), 55(3), 55(4), 59, 60(1) और 60(2) देखें]

अनुज्ञप्ति , अनुज्ञा तथा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र हेतु देय फीस

क्र.सं.	विषय	जहां डॉलर के रूप में निर्दिष्ट है, को छोड़कर रुपये में (आईएनआर)
1.	रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र	
	(क) प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक श्रेणी हेतु रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की मंजूरी या प्रतिधारण हेतु फीस	$1000
	(ख) प्रसाधन सामग्री की अतिरिक्त श्रेणी हेतु रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की मंजूरी या प्रतिधारण हेतु फीस	$1000
	(ग) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की मंजूरी हेतु विभिन्न प्रसाधन सामग्री हेतु फीस	$50
	(घ) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की मंजूरी या प्रतिधारण हेतु प्रत्येक विनिर्माण स्थल हेतु फीस	$500
	(ड.) नए प्रसाधन सामग्री की अनुमति हेतु फीस	$500
	(च) यदि मौलिक प्रमाण-पत्र खराब हो गया, खो गया हो तो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति को जारी करने हेतु फीस	$200
	(छ) प्रसाधन सामग्री के प्रत्येक विदेशी विनिर्माण स्थल के निरीक्षण हेतु फीस	$5000
2.	विनिर्माण अनुज्ञप्ति	
	(क) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की 10 मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	10000
	(ख) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक अतिरिक्त मद के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	500
	(ग) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक अतिरिक्त श्रेणी की 10 मदों के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	10000
	(घ) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक अतिरिक्त श्रेणी की 10 मदों के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	10000
	(ड.) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक अतिरिक्त श्रेणी के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	500

	(च) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की प्रत्येक अतिरिक्त श्रेणी की 10 मदों के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु फीस	10000
	(छ) यदि मौलिक प्रमाण-पत्र खराब अथवा खो गया है, तो प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति अथवा प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति जारी करने हेतु फीस	500
	(ज) अस्वीकृति के बाद आगामी आवेदन हेतु फीस	1000
	(झ) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की 10 मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	10000
	(ण) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की अतिरिक्त मदों के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	500
	(ट) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की 10 मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-8 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	10000
	(ठ) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की 10 मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	10000
	(ड) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की अतिरिक्त मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	500
	(ढ) प्रत्येक प्रसाधन सामग्री की 10 मदों तक के वितरण व विक्रय हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु प्ररूप सीओएस-9 में ऋणअनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु प्रतिधारण फीस	10000
3.	प्रसाधन सामग्री और उनके कच्चे माल की जांच करने वाली प्रयोगशाला की मंजूरी के लिए फीस	
	(क) प्रसाधन सामग्री के परीक्षण और विश्लेषण के लिए फार्म सीओएस - 23 में प्रयोगशाला की मंजूरी के लिए फीस	1000
	(ख) अनुमोदन की अनुलिपि जारी करने के लिए फीस , यदि मूल खराब, क्षतिग्रस्त या खो गया है	100
	(ग) आवेदन की अस्वीकृति के बाद आगामी निरीक्षण के लिए प्रयोगशाला के निरीक्षण के लिए फीस	500
	(घ) प्रसाधन सामग्री के परीक्षण और विश्लेषण करने वाली प्रयोगशाला हेतु फार्म सीओएस-23 में दी गई अनुमोदन के प्रतिधारण के लिए फीस	1000

चौथी अनुसूची

[नियम 12 (6) देखें]

आयात हेतु प्रसाधन सामग्री की श्रेणी की सूची

क्र.सं.	श्रेणी
1.	फेस मास्क के अलावा फेस केयर उत्पाद
2.	फेस मास्क
3.	आंख कोन्टयूर उत्पाद
4.	लिप केयर उत्पाद
5.	हैंड केयर उत्पाद
6.	फुट केयर उत्पाद
7.	बॉडी केयर उत्पाद
8.	बाहरी अंतरंग केयर उत्पाद
9.	कैमिकल एक्सफोलिएशन उत्पाद
10.	मैकेनिकल एक्सफोलिएशन उत्पाद
11.	स्किन लाइटनिंग उत्पाद
12.	अन्य स्किन केयर उत्पाद
13.	साबुन उत्पाद
14.	स्नान / शॉवर उत्पाद
15.	मेक-अप रिमूवर उत्पाद
16.	बाहरी अंतरंग स्वच्छता उत्पाद
17.	अन्य स्किन क्लींजिंग उत्पाद
18.	कैमिकल डेपिलेटरीज़
19.	फिजिकल एपिलेशन उत्पाद
20.	शरीर के बालों को हटाने के उत्पाद
21.	शरीर के बालों के लिए ब्लीच
22.	एंटीपर्सपिरेंट गतिविधि के साथ उत्पाद
23.	बिना एंटीपर्सपिरेंट गतिविधि के उत्पाद
24.	शेविंग उत्पाद
25.	शेविंग के पूर्व/बाद के उत्पाद
26.	शेविंग के पूर्व/बाद के अन्य उत्पाद
27.	फाउंडेशन
28.	कंसीलर
29.	अन्य फेस मेकअप उत्पाद
30.	मस्कारा
31.	आई शेडो
32.	आई पेंसिल
33.	आई लाइनर
34.	आई मेकअप के अन्य उत्पाद
35.	लिपस्टिक
36.	लिपस्टिक सीलर
37.	लिप मेकअप के अन्य उत्पाद

38.	बॉडी या फेस पेंट "कार्नेवल मेक-अप सहित "
39.	अन्य प्रसाधन सामग्री उत्पाद
40	हाइड्रोएल्कोहोलिक इत्र
41	गैर हाइड्रोएल्कोहोलिक इत्र
42	धूप से पहले और बार के धूप संरक्षण उत्पाद
43	सेल्फ टैनिंग उत्पाद
44	अन्य धूप और सेल्फ टैनिंग उत्पाद
45	अन्य त्वचा उत्पाद
46	बाल कंडीशनर
47	सिर और बालों की जड़ों की देखभाल संबंधी उत्पाद
48	एंटी हयर लॉस उत्पाद
49	अन्य बाल और सिर देखभाल और सफाई उत्पाद
50	रूसीरोधक उत्पाद
51	ऑक्सीडेटिव हेयर कलर उत्पाद
52	गैर-ऑक्सीडेटिव हेयर कलर उत्पाद
53	हेयर ब्लीचिंग और डाई रीमूवर उत्पाद
54	अन्य हेयर कलर उत्पाद
55	अस्थायी हेयर के लिए उत्पाद
56	स्थायी वेव स्टाइल उत्पाद
57	हेयर रिलैक्सर / स्ट्रेटनर उत्पाद
58	अन्य हेयर स्टाइल उत्पाद
59	हेयर धूप संरक्षण उत्पाद
60	अन्य हेयर और सिर उत्पाद
61	नाखून वार्निश/ नाखून मेक-अप
62	नाखून वार्निश रिमूवर
63	नाखून वार्निश थीनर
64	नाखून ब्लीच
65	अन्य नाखून वार्निश और रिमूवर उत्पाद
66	नाखून देखभाल उत्पाद
67	नाख़ून हार्डनर
68	अन्य नाखून देखभाल / नाखून हार्डनर उत्पाद
69	नाखून गोंद रिमूवर
70	क्यूटिकल हटाने वाला / सॉफ़्टनर
71	नाखून कला उत्पाद
72	अन्य नाखून और छल्ली उत्पाद
73	टूथपेस्ट
74	टूथ सफाई पाउडर / नमक
75	अन्य दांत देखभाल उत्पाद
76	माउथ वाश
77	ब्रीद स्प्रे
78	अन्य माउथ वाशर / ब्रीद स्प्रे उत्पाद
79	दांत व्हाइटनर
80	अन्य मुख स्वच्छता उत्पाद

पांचवीं अनुसूची

[नियम 12 (8), 66 (1) और 66 (2) देखें]

केंद्रीय प्रसाधन सामग्री प्रयोगशालाओं या राज्य प्रयोगशाला द्वारा परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस

	1. भौतिक परीक्षण के लिए फीस	***रूपए***
(i)	एडहेसन शक्ति	150
(ii)	एश अवयव	100
(iii)	ब्लीड संख्या	150
(iv)	ब्लश टाइम	150
(v)	सफाई क्षमता	100
(vi)	क्लाउड प्वाईंट	100
(vii)	लोविबांड स्केल पर सेल में कलर	100
(viii)	पर्ची का व्यास	150
(ix)	सूखने का समय	150
(x)	सुंदरता (फाइननेस)	100
(xi)	फ़्लैश प्वाइंट	100
(xii)	फोम ऊंचाई	100
(xiii)	फोमिंग पावर	100
(xiv)	क्रैकिंग से मुक्त	100
(xv)	ग्रिटिनेससे मुक्त	100
(xvi)	लेदर टेस्ट	100
(xvii)	सूखने पर नुकसान	100
(xviii)	उबलते पानी में अघुलनशील पदार्थ	100
(xix)	गलनांक प्वाईंट	150
(xx)	नमी और अस्थिर (वोलटाइल) पदार्थ	100
(xxi)	मश	100
(xxii)	गैर-अस्थिर पदार्थ	100
(xxiii)	गंध	100
(xxiv)	अनियंत्रित (अनडिस्पर्स्ड) वर्णक माइक्रोन का कण आकार	100
(xxv)	पीएच	100
(xxvi)	पोलेंस्क मूल्य	100
(xxvii)	40 डिग्री सेल्सियस पर अपवर्तक सूचकांक	100
(xxviii)	25 डिग्री सेल्सियस पर सापेक्ष घनत्व	100

(xxix)	30 डिग्री / 30 डिग्री सेल्सियस पर सापेक्ष घनत्व	100
(xxx)	सैपोनिफिकेशन मूल्य	100
(xxxi)	गलनांक	100
(xxxii)	ठोस सामग्री	200
(xxxiii)	स्थिरता परीक्षण	100
(xxxiv)	सलफेट युक्त राख	100
(xxxv)	सस्पेंडेड ठोस पदार्थ	100
(xxxvi)	तापीय स्थिरता	150
(xxxvii)	कुल सक्रिय पदार्थ	100
(xxxviii)	कुल ठोस	100
(xxxix)	कुल अस्थिर पदार्थ	100
(xl)	पारदर्शिता	100
(xli)	चिपचिपापन	100

2. रसायनिक परीक्षण के लिए फीस ***रूपए***

(i)	एसिड अघुलनशील ऐश	200
(ii)	एसिड मूल्य	200
(iii)	आर्सेनिक	200
(iv)	परख (अमोनियम बाइकार्बोनेट के रूप में)	200
(v)	परख (ऑक्सीजन सामग्री के रूप में)	200
(vi)	परख (हाइड्रोजन पेरोक्साइड के रूप में)	200
(vii)	कार्बोनाइजेशन पदार्थ	200
(viii)	क्लोराइड	200
(ix)	ठंडा पानी एक्सट्राक्ट	200
(x)	क्रूड फाइबर	200
(xi)	अतिरिक्त सैंड	200
(xii)	नि:फीस एसिड और क्षार	200
(xiii)	नि:फीस कार्बोनेटेड क्षार	200
(xiv)	नि:फीस कास्टिक अल्काली	200
(xv)	ग्लिसरॉल	200
(xvi)	भारी धातु	200
(xvii)	आयोडिन मूल्य	200

(xviii)	लॉसोन वर्णक	200
(xix)	शराब में अघुलनशील पदार्थ	200
(xx)	खनिज पदार्थ	200
(xxi)	गैर अस्थिर शराब पदार्थ	200
(xxii)	पेरोक्साइड वैल्यू	200
(xxiii)	पीपीडी सामग्री (ग्रेविमेट्री द्वारा)	200
(xxiv)	अतिरिक्त रंगों की उपस्थिति	200
(xxv)	रोसिन टेस्ट	200
(xxvi)	सल्फर और सल्फाइड	200
(xxvii)	सिंथेटिक डिटर्जेंट	200
(xxviii)	सिंथेटिक सतह सक्रिय अभिकर्ता	200
(xxix)	रैंसिडिटी के लिए टेस्ट	200
(xxx)	फैट्टी एसिड की कुल मात्रा	200
(xxxi)	कुल वसायुक्त पदार्थ	200
(xxxii)	अनसैपोनिफायबल पदार्थ	200

3. उपकरणों से जुड़े परीक्षणों के लिए फीस		*रूपए*
(i)	अर्सेनिक	300
(ii)	ब्रेकिंग लोड वैल्यू	150
(iii)	कंसिस्टेंसी	300
(iv)	फ्लोराइड आयन	300
(v)	भारी धातु	300
(vi)	पारा	300
(vii)	पे ऑफ टेस्ट	150
(viii)	पीपीडी सामग्री (एचपीएलसी द्वारा)	1000
(ix)	अल्ट्रावाइलेट अवशोषण	300
(x)	पानी की मात्रा	300

4. सूक्ष्मजीव विज्ञान परीक्षण के लिए फीस		*रूपए*
(i)	माइक्रोबायोलॉजिकल लिमिट टेस्ट	500
	क) ग्राम निगेटिव रोगजनक	
	ख) कुल खमीर और मोल्ड गणना	
	ग) कुल व्यवहार्य गणना	

टिप्पण - अनुसूची में सूचीबद्ध परीक्षणों के लिए, प्रयोगशाला / संस्थान के निदेशक या सरकारी विश्लेषक द्वारा मामले के अनुसार फीस अवधारित की जाएगी।

छठी अनुसूची

(नियम 17 देखें)

प्रसाधन सामग्री नियम, 2018 के अधीन केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) पोर्ट कार्यालय में आयातक द्वारा आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या हेतु आवेदन प्ररूप के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले प्रसाधन सामग्री के आयात के लिए वचनबद्धता

मैं/हम..... पुत्र/पुत्री..... पता ---------- स्थित आयु ----------परिसरों के लिए एतद्द्वारा वचन देता हूं कि,-

1. मैं ---------- (प्रसाधन सामग्री का नाम) का आयातक हूं और ---------- (उस कंपनी का नाम और पता जिससे प्रसाधन सामग्री का आयात किया जाता है) ---------- जिनका जिस निर्माता द्वारा निर्माण किया जाता है उसका नाम और पता प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के अनुसार लेबल पर लिखा गया है (निर्माता का नाम और पूरा पता) और जो प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के उपबंधों के अनुरूप है।

2. पोर्ट अधिकारी या सीडीएससीओ के किसी भी अधिकारी द्वारा नमूने की जांच करने की आवश्यकता होने पर मैं परीक्षण के लिए फीस का वहन करूंगा।

3. आयातित प्रसाधन सामग्री उत्पाद की किसी भी गुणवत्ता की विफलताओं के मामले में या यदि प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के गैर-अनुपालन के कारण अनुज्ञप्तिप्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, तो मैं उत्पाद के आगे वितरण को रोकूंगा या बाजार से प्रसाधन सामग्री को वापस लूंगा और मामले के अनुसार अनुज्ञप्ति या रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करूंगा।

4. मैं उपरोक्त आयातित प्रसाधन सामग्री के वितरण के पुस्तकों और अभिलेखों का रखरखाव करूंगा।

5. मैं औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक को आवश्यक होने पर बहियों और अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिए अनुमति दूंगा।

स्थान :

तारीख :

(हस्ताक्षर)

नाम:

पता:

आईईसी कोड :

मुहर:

7वीं अनुसूची

(देखें नियम 23 (4), 26 (ख))

प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए परिसरों, संयंत्रों और उपस्कर की अच्छी विनिर्माण पद्धतियां और अपेक्षाएं

1. सामान्य अपेक्षाएं

(क) अवस्थिति और आसपास का वातावरण :- कारखाना स्वच्छ स्थान पर अवस्थित होना चाहिए और परिसर में सभी स्वस्थतापूर्ण दशाएं बनाए रखी जानी चाहिए। परिसरों का उपयोग आवास के लिए नहीं होना चाहिए या आवासीय क्षेत्रों के साथ इसका जुड़ाव नहीं होना चाहिए। यह अच्छी प्रकार से हवादार और स्वच्छ होना चाहिए।

प्रसाधन उत्पादों के विनिर्माण में समग्र नियंत्रण और निगरानी आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ता को विशिष्ट गुणवत्ता के उत्पाद मिलें।

(ख) भवन:- कारखाने के लिए अंतर्विष्ट भवन को इस प्रकार बनाए गए किया जाना चाहिए कि इसमें स्वस्थतापूर्ण दशाओं में ही उत्पादन हो और कीट-पतंगों, चूहों, मक्खियां आदि को अंदर न आने दिया जाए।

आसपास के वातावरण से किसी भी प्रकार संदूषण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

जिस कक्ष में विनिर्माण का प्रचालन किया जा रहा है उसकी दीवारों और फर्श में दरार नहीं होनी चाहिए इनके जोड़ खुले नहीं होने चाहिए ताकि धूल-मिट्टी अंदर जमा न हो सके। दीवारें और फर्श सपाट, धोने योग्य, साफ और विसंक्रमित किए जाने योग्य होना चाहिए।

भवन पर्याप्त रूप से प्रकाशमान और उचित ढंग से हवादार होना चाहिए ताकि प्रचालन कार्य सुगमता से किए जा सकें।

परीक्षण प्रयोगशालाओं को भौतिक रूप से उत्पादन क्षेत्रों से अलग रखा जाना चाहिए।

भंडारण क्षेत्रों को उपयुक्त प्रकाश-व्यवस्था के साथ पर्याप्त स्थान दिया जाना चाहिए और इन्हें शुष्क, स्वच्छ रखने और इनमें भंडारित सामग्री व उत्पादों को क्रम से रखने की उपयुक्त व्यवस्था की जानी चाहिए।

जिस कक्ष में विनिर्माण का प्रचालन किया जा रहा है उसकी दीवारें फर्श से छह फुट तक ऊँची होनी चाहिए।

(ग) कार्मिक – ऐसे कार्मिक पर्याप्त संख्या में तैनात किए जाने चाहिए जिनके पास आबंटित कार्य से संबंधित अनुभव और योग्यताएं हों।

(घ) जलापूर्ति- विनिर्माण अंतर्विष्ट जल पेयजल की गुणवत्ता वाला होना चाहिए।

(ङ) अपशिष्ट का निपटान – विनिर्माण परिसर से किलने वाले गंदे पानी और अपशिष्ट पदार्थ (ठोस, तरल और गैस) का निपटान पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अपेक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए।

(च) स्टाफ की स्वस्थ्य, पहनावा और स्वच्छता संबंधी अपेक्षाएं- सभी कर्मी छूत के या संक्रामक रोगों से मुक्त होने चाहिए। जहां आवश्यक हो उन्हें स्वच्छ वर्दी, मॉस्क, हेडगियर और दस्ताने प्रदान किए जाने चाहिए। नहाने-धोने की सुविधाएं भी दी जानी चाहिए।

(छ) चिकित्सा उपकरण- फर्स्ट एड के लिए पर्याप्त सुविधाएं दी जानी चाहिए।

(ज) रखरखाव- सभी उपस्करों की सर्विसिंग और अंशाकन नियमित रूप से की जानी चाहिए और जहां आवश्यक हो इसका रिकॉर्ड भी रखा जाना चाहिए।

(झ) कच्चे माल और अंतिम रूप से तैयार प्रसाधन- उत्पादों का परीक्षण और निर्मुक्ति- कच्चे माल और अंतिम रूप से तैयार प्रसाधन उत्पादों का क्वालिटी नियंत्रण उत्तम विनिर्माण परिपाटी का आवश्यक अंग है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रसाधन उत्पाद इनके अभिप्रेत प्रयोग के अनुकूल उपयुक्त क्वालिटी वाले होंगे।

यह सुनिश्चित करने के लिए एक क्वालिटी नियंत्रण प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए कि उत्पादों में विशिष्ट क्वालिटी और मात्रा वाली सही सामग्री निहित है और इन्हें मानक प्रचालन पद्धतियों के अनुसार उचित दशाओं के अधीन विबनाए गए किया गया है।

क्वालिटी नियंत्रण में प्रसंस्कृत, मध्यस्थ, बड़ी तादाद में और अंतिम रूप से तैयार उत्पादों के कच्चे माल/पैकेजिंग सामग्री के नमूने भरना, इनका निरीक्षण और परीक्षण सम्मिलित हैं।

कच्चे माल को मानक मात्रा में छोड़ने की पद्धति अपनाई जा सकती है परन्तु ये पद्धतियां सुदृढ़, विधिमान्य और ऐसे प्रयोजनों के लिए परीक्षण के पूर्व अनुभव पर आधारित होनी चाहिए।

कच्चे माल को मानक मात्रा में छोड़ने की पद्धति अपनाई जा सकती है परन्तु ये पद्धतियां सुदृढ़, विधिमान्य और ऐसे प्रयोजनों के लिए नेत्र उत्पादों, लिपस्टिक और दंत्य उत्पादों की प्रसाधन सामग्री के सिवाय परीक्षण के पूर्व अनुभव पर आधारित होनी चाहिए।

टिप्पण: कच्चे माल, अंतिम रूप से तैयार उत्पाद या प्रसंस्कृत उत्पादों के प्रत्येक बैच में पैरामीटरों के परीक्षण की आवश्यकता नहीं है तथापि इसे अनुमोदित और मानक मात्रा में निर्मुक्ति की मानक प्रचालन पद्धति के आधार पर क्वालिटी नियंत्रण द्वारा निर्मुक्त किए जाने की आवश्यकता है।

(ञ) भरने, लेबल लगाने, पैक करने आदि से प्रचालनों को क्रियान्वित करने के लिए कार्य अनुरूप बेंच प्रदान किए जाने चाहिए। इन बेंचों पर सपाट, अभेद्य टॉप लगाए जाने चाहिए जिन्हें धोना सरल हो।

(ट) यदि उत्पाद की पैकिंग करने के लिए कॉंच के उन्हीं कंटेनरों का बारबार प्रयोग किया जाता है तो इनको धोने और सुखाने की पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।

II. संयंत्र और उपस्कर की अपेक्षाएं

देश में विक्रय के लिए विनिर्माण करने की अनुज्ञप्ति प्रदान करने के प्रयोजनार्थ प्रसाधन सामग्री की श्रेणियों की सूची

श्रेणी
क. पाऊडर
ख. शिशुओं के लिए स्किन पाऊडर
ग. क्रीम, लोशन, इमल्शन, पेस्ट, क्लीनिंग मिल्क, शैम्पू, पोमेड, ब्रिलिएंटाइन, शेविंग-क्री और बालों का तेल आदि
घ. नाखून पॉलिश और नाखून लैकर्स
ङ. लिपिस्टक और लिपग्लोस
च. डेपीलेटरीज
छ. नेत्रों के प्रयोग के लिए तैयार पदार्थ 1. भौहें, पलकें, आईलाइनर 2. काजल, सुरमा
ज. एयरोसोल
झ. एल्कोहॉलिक फ्रैगरैंस सोल्युशन
ञ. हेयर डाई
ट. दंत मंजन और टूथपेस्ट आदि 1. दंत मंजन सामान्य 2. टूथपेस्ट 3. दंत मंजन-(काला)
ठ. नहाने का साबुन

निम्नलिखित के विनिर्माण के लिए निम्नलिखित उपस्कर क्षेत्र और अन्य अपेक्षाओं की सिफारिश की गई है-

क. पाऊडर- फेस पाऊश्र, केक मेकअप, कॉम्पैक्ट, फेस-पैक, मॉस्क और रूज (लाली) आदि।

उपस्कर:

(क) उपयुक्त प्रकार का पाऊडर मिक्सर जिसके साथ धूल संग्रहक दिया गया हो।

(ख) परफ्यूम और कलर ब्लेंडर

(ग) उपयुक्त मेश आकार की छलनी वाले सिफ्टर

(घ) उपयुक्त ग्राइंडर के बाल मिल

(ङ) ट्रे और स्कूप (स्टेनलेस स्टील के)

(च) धूल निकालने वाले यंत्र (डस्ट एक्स्ट्रैक्टर) से लैस डिब्बा भरने और सील करने वाला उपस्कर

(छ) कॉम्पैक्ट के लिए –

i. पृथक मिक्सर

ii. कॉम्पैक्ट दबाव मशीन

(ज) तोलने और मापने के उपकरण

(झ) भंडारण टैंक

15 वर्गमीटर का क्षेत्र होना चाहिए। इस सेक्शन में पर्याप्त संख्या में एक्जोस्ट पंखे लगाए जाएं।

(ख) शिशुओं के लिए स्किन पाऊडर

उपस्कर:

(क) उपयुक्त प्रकार का पाऊडर मिक्सर जिसके साथ धूल संग्रहक दिया गया हो।

(ख) परफ्यूम और कलर ब्लेंडर

(ग) उपयुक्त मेश आकार की छलनी वाले सिफ्टर

(घ) उपयुक्त ग्राइंडर के बाल मिल

(ङ) ट्रे और स्कूप (स्टेनलेस स्टील के)। धूल निकालने वाले यंत्र (डस्ट एक्स्ट्रैक्टर) से लैस डिब्बा भरने और सील करने वाला उपस्कर

(च) तोलने और मापने के उपकरण

15 वर्गमीटर का क्षेत्र होना चाहिए। इस सेक्शन में पर्याप्त संख्या में एक्जोस्ट पंखे लगाए जाएं।

(ग) क्रीम, लोशन, इमल्शन, पेस्ट, क्लीनिंग मिल्क, शैम्पू, पोमेड, ब्रिलिएंटाइन, शेविंग-क्री और बालों का तेल आदि

उपस्कर :

(क) उपयुक्त पदार्थ के मिक्सिंग और भंडारण टैंक।

(ख) गर्म करने की केतली-भाप,गैस या बिजली से गर्म करने वाली

(ग) उपयुक्त ऐजिटेटर

(घ) कोलोयडल मिल या होमोजिनाइजर (जहां आवश्यक हो)

(ङ) ट्रिपल रोलर मिल (जहां आवश्यक हो)

(च) भरने और सील करने वाला उपस्कर

(छ) तोलने और मापने के उपकरण

25 वर्गमीटर का क्षेत्र होना चाहिए।

(घ) नाखून पॉलिश और नाखून लैकर्स

1.उपस्कर :

(क) उपयुक्त मिक्सर

(ख) भंडारण टैंक।

(ग) भरने की मशीन-हाथ से चलने वाली या बिजली से चलने वाली

(घ) तोलने और मापने के उपकरण

15 वर्गमीटर का क्षेत्र होना चाहिए। इस सेक्शन में फ्लेम प्रूफ एक्जोस्ट सिस्टम लगाया जाए।

2. परिसर - नाखून पॉलिस और नाखून लैकर्स के संबंध में निम्नलिखित विशेष अपेक्षाएं हैं :

(क) यह औद्योगिक क्षेत्र में स्थित होना चाहिए।

(ख) इसके लिए अन्य प्रसाधन सामग्री विनिर्माण क्षेत्र से अलग पार्टीशन होना चाहिए जिसे छत तक धातु/ईंटों से अलग किया हुआ हो।

(ग) फर्श, दीवारें, छत और दरवाजे फायर प्रुफ होने चाहिए।

(घ) यहां धुम्रपान, खाना पकाना और रहना निषिद्ध होना चाहिए तथा परिसर में कोई प्रज्ज्वलित वस्तु नहीं लाई जानी चाहिए।

(ङ) विद्युत के सभी तार और कनेक्शन छिपे हुए होने चाहिए और मेन इलेक्ट्रिक स्विच विनिर्माण क्षेत्र से बाहर होना चाहिए।

(च) इस हिस्सें में सभी उपस्कर, फर्नीचर और लाइट फिटिंग्स फ्लेम प्रुफ होने चाहिए।

(छ) अग्निशमक जैसे कि फोम और सूखा पाऊडर तथा रेत भरी पर्याप्त संख्या में बाल्टियां उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

(ज) इस हिस्से के सभी दरवाजे बाहर की ओर खुलने चाहिए

3. भंडारण –सभी विस्फोटक साल्वेंटों और इन घटकों को धातु के कपबोर्ड में या अलग से बंद जगह पर भंडारित किया जाना चाहिए।

4. विनिर्माण :

(क) लॉकर का विनिर्माण तब तक शुरू नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि उपर्युक्त शर्तों का अनुपालन न किया गया हो।

(ख) इस सेक्शन में कर्मियों को रबर के तले वाले जूते पहनने के लिए कहा जाना चाहिए।

5. अन्य अपेक्षाएं – स्थानीय फायर ब्रिगेड प्राधिकारियों से प्राप्त किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र भेजा जाना चाहिए।

(ङ.) लिपिस्टक और लिपग्लोस

उपस्कर :

(क) वर्टिकल मिक्सर।

(ख) जैकेटयुक्त केतली-भाप,गैस या बिजली से गर्म करने वाली

(ग) मिश्रण तैयार करने के बर्तन (जंगरोधी स्टील)

(घ) ट्रिपल रोलर मिल/बाल मिल

(ङ) प्रशीतन (रेफ्रीजिरेशन) सुविधायुक्त मॉल्ड

(च) तोलने और मापने के उपकरण

15 वर्गमीटर का क्षेत्र होना चाहिए।

(च) डेपिलेट्रीज़.-

उपकरण :

(क) मिक्सिंग टैंक।

(ख) मिक्सर।

(ग) ट्रिपल रोलर मिल या होमोजेनाइज़र (जहां आवश्यक हो)।

(घ) उपकरण भरना और सील करना।

(ङ) वजन और मापक उपकरण।

(च) मोल्ड्स (जहां आवश्यक हो)।

10 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

(छ) आंखों के प्रयोग के लिए प्रेपरेशन्स-ऐसी प्रेपरेशन्स कड़ी स्वच्छताओं के अधीन विनिर्मित की जाएंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये उपयोग के लिए सुरक्षित हैं।

1. आईब्रो, आईलेशिस, आईलाइनर.-

उपकरण :

(क) मिक्सिंग टैंक।

(ख) उपयुक्त मिक्सर।

(ग) होमोजेनाइज़र (जहां आवश्यक हो)।

(घ) उपकरण भरना और सील करना।

(ङ) वजन और मापक उपकरण ।

10 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

2. काजल और सुरमा.-

उपकरण :

(क) बेस विसंक्रामक।

(ख) पाउडर विसंक्रामक (शुष्क ऊष्म ओवन)।

(ग) स्टेनलेस स्टील टैंक।

(घ) उपयुक्त मिक्सर।

(ङ) स्टेनलेस स्टील सीव्स।

(च) भरना और सील करने की व्यवस्था ।

(छ) वजन और मापक उपकरण।

(ज) होमोजेनाइज़र (जहां आवश्यक हो)।

(झ) पेस्टल और मोर्टार (सुरमे के लिए)।

बेस विसंक्रमण के लिए 5 वर्ग मीटर के एक अलग क्षेत्र के साथ 10 वर्ग मीटर का एक क्षेत्र अनुशंसित है।

1और 2 के लिए अन्य आवश्यकताएं:

(क) जहां कहीं अपेक्षित है फॉल्स सीलिंग उपलब्ध करवाई जाएगी।

(ख) विनिर्माण क्षेत्र मक्खीरोधी होना चाहिए। ऐयरलॉक अथवा एक कर्टेन होना चाहिए।

(ग) काजल के लिए प्रयोग में लाए जाने वाला बेस अलग संलग्न क्षेत्र में 150ºCपर अपेक्षित समय के लिए गर्म करके विसंक्रमित किया जाना चाहिए।

(घ) अपेक्षित समय के लिए 120ºC पर ड्राईंग ओवन में गर्म करके वनस्पत्ति कार्बन काले पाउडर को विसंक्रमित किया जाना चाहिए।

(ङ) विनिर्माण के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले सभी बर्तन स्टेनलेस स्टील के होने चाहिए और उन्हें डिटजेंट पानी,एंटीसेप्टिक तरल से धोने के बाद आसवित जल (डिसटिल्ड) से धोया जाना चाहिए।

(च) 'काजल'के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले कंटेनर को कृमिनाशन घोल से अच्छी तरह से धोकर सुखाया जाना चाहिए।

(छ) कर्मियों को साफ ओवरऑल पहनने चाहिए और जहां अवश्यक हो दस्तानों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

(ज) एरोसोल:

उपकरण :

(क) एयर कंप्रेसर (जहां आवश्यक हो)।

(ख) मिक्सिंग टैंक।

(ग) उपयुक्त प्रोपेलेंट फिलिंग और क्रिम्पिंगउपकरण ।

(घ) तरल भरन एकक।

(ङ) लीक जांच उपकरण।

(च) अग्निशमन यंत्र (जहां आवश्यक हो)।

(छ) उपयुक्त फिलट्रेशन उपकरण।

(ज) वजन और मापक उपकरण।

15 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

अन्य अपेक्षाएं.- स्थानीय अग्निशमन ब्रिगेड प्राधिकारियों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया जाए।

(झ) अल्कोहल सुगंध घोल.-

उपकरण :

(क) स्टर्र के साथ टैंक मिश्रण।

(ख) फ़िल्टरिंग उपकरण।

(ग) भरन और सील उपकरण।

(घ) वजन और मापक उपकरण।

15 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

(ञ) हेयर डाई.-

उपकरण :

(क) स्टेनलेस स्टील टैंक।

(ख) मिक्सर।

(ग) भरन एकक।

(घ) वजन और मापक उपकरण।

(ङ) मास्क, दस्ताने और चश्मा।

उचित निकास के साथ 15 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

(ट) दंत-पाउडर और टूथपेस्ट, आदि.-

1. सामान्य दंत-पाउडर।

उपकरण :

(क) वजन और मापक उपकरण।

(ख) ड्राई मिक्सर (पाउडर ब्लेंडर)।

(ग) स्टेनलेस स्टील सीव्स।

(घ) पाउडर भरन और सीलिंग उपकरण।

उचित निकास के साथ 15 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

2. टूथपेस्ट।

उपकरण :

(क) वजन और मापक उपकरण।

(ख) केतली-भाप, गैस या विद्युत तापित (जहां आवश्यक हो)।

(ग) डी-एयररेटर सिस्टम के साथ प्लेनेटरी मिक्सर।

(घ) स्टेनलेस स्टील टैंक।

(ङ) ट्यूब भरन उपकरण।

(च) क्रिम्पिंग मशीन ।

उचित निकास के साथ 15 वर्ग मीटर का अतिरिक्त क्षेत्र अनुशंसित है।

3. टूथ- पाऊडर (काला)।

उपकरण :

(क) वजन और मापक उपकरण।

(ख) ड्राई मिक्सर पाउडर ब्लेंडर।

(ग) स्टेनलेस स्टील सीव्स।

(घ) पाउडर भरन की व्यवस्था।

उचित निकास के साथ 15 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है। "ब्लैक" और "व्हाइट" दांत-पाउडर बनाने के लिए क्षेत्र अलग होना चाहिए।

(ठ) प्रसाधन साबुन.-

उपकरण :

(क) सैपोनिफिकेशन के लिए केतलियां / पैन।

(ख) बॉयलर या कोई अन्य उपयुक्त तापन व्यवस्था।

(ग) उपयुक्त स्टरिंग व्यवस्था।

(घ) भंडारण टैंक या ट्रे।

(ङ) ड्रायर।

(च) एमलगामीटर / चिपिंग मशीन।

(छ) मिक्सर।

(ज) ट्रिपल रोलर मिल।

(झ) ग्रेनुलेटर।

(ञ) पलॉडर।

(ट) कटर।

(ठ) दाबन मुद्राकंन और एम्बॉसिंग मशीन।

(ड) वजन और मापन उपकरण ।

प्रसाधन साबुन के लघु उद्योग विनिर्माण के लिए न्यूनतम 100 वर्ग मीटर का क्षेत्र अनुशंसित है।

प्रसाधन सामग्री के विभिन्न वर्गों के विनिर्माण के लिए उपर्युक्त बुनियादी क्षेत्र अनुशंसित है। इसके अतिरीक्त कच्चे माल, तैयार उत्पादन,पैकिंग सामग्री के भंडारण के लिए फैक्ट्री परिसर में अलग से पर्याप्त जगह होनी चाहिए।

टिप्पण I : अनुसूची की उपर्युक्त अपेक्षाएं अनुज्ञप्ति प्राधिकारी के विवेकाधीन आशोधन की शर्ताधीन है अगर उनकी राय में विनिर्माण प्रचालन के विस्तार और प्रकृति को देखते हुए मामले विशेष की परिस्थितियों में इस में ढील देना अथवा इन्हें बदलना आवश्यक हो।

टिप्पण II : उपर्युक्त अपेक्षाओं में मशीनरी,उपस्करों और विभिन्न प्रकार की प्रसाधन सामग्री के लिए अपेक्षित कंटेनरों को तैयार करने तथा उन्हें बंद करने के लिए परिसर, सम्मिलिप्त नहीं होते हैं। अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को अनुज्ञप्ति पर विचार करने के लिए मशीनरी उपस्कर तथा परिसर की पर्याप्तता की उपयुक्तता की जांच करने का विवेकाधीन निर्णय लेने का अधिकार है।

टिप्पण III : अनुसूची में उपस्कर तथा कतिपय वर्ग की प्रसाधन सामग्री के लिए ही अपेक्षित स्थान को विनिर्दिष्ट करता है। अतर,परफूयम जैसी कुछ अन्य प्रसाधन सामग्री मदें हैं जो उपर्युक्त में कवर नहीं होती हैं। अनुज्ञप्ति प्राधिकारी ऐसे वर्ग की प्रसाधन सामग्री की मदों के संबंध में फैक्टरी परिसर,स्थान,सयंत्र और मशीनरी तथा अन्य अपेक्षाओं की पर्याप्तता को जांच करने का अधिकार रखता है और इसकी प्रकृति तथा विनिर्माण प्रचालन के विस्तार में संलिप्त अपेक्षाओं को देखते हुए अनुज्ञप्ति धारी को आवश्यक परिवर्तन करने के लिए कह सकता है।

आठवीं अनुसूची

[नियम 26(च) देखें]

I. विनिर्माता के रिकॉर्ड में दर्शाया जाने वाला विवरण:

(1). क्रम संख्या

(2). उत्पाद का नाम

(3). लॉट / बैच का आकार

(4). लॉट / बैच संख्या

(5). विनिर्माण कार्य शुरु करने तथा कार्य पूरा करने की तारीख

(6). लॉट / बैच आकार के लिए अपेक्षित सभी सामग्री का नाम तथा वास्तविक रूप में उपयोग की गई मात्रा

(7). सूत्रांकन में प्रयुक्त कच्ची सामग्री के संबंध में नियंत्रण संदर्भ संख्या

(8). विश्लेषणात्मक रिपोर्ट संख्या या यूनिक कोड का संदर्भ

(9). तैयार पैकिंग के आकार और मात्रा को दर्शाने वाला वास्तविक उत्पादन और पैकिंग विवरण

(10). वितरण या विक्रय के लिए तैयार पैकिंग को जारी करने की तारीख

(11). विनिर्माण हेतु जवाबदेह विशेषज्ञ कर्मचारीगण के हस्ताक्षर

II. कच्ची सामग्री का रिकॉर्ड : प्रत्येक कच्चीसामग्री से संबंधित रिकॉर्ड को अनुरक्षण प्राप्त मात्रा, नियंत्रण संदर्भ संख्या, समय-समय पर जारी मात्रा,कच्ची सामग्री की उक्त मात्रा जिससे उत्पाद का विनिर्माण किया गया है, का नाम और बैच नंबर के आधार पर किया जाएगा।

टिप्पणियां : (1) अनुज्ञप्ति प्राधिकरण इस शर्त पर संतोषजनक तरीके से रिकॉर्ड रखने के लिए अनुज्ञप्ति धारक को मंजूरी प्रदान कर सकती है कि उपर्युक्त मूल अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है।

(2) अनुज्ञप्ति प्राधिकरण किसी विशेष मामले की विशेष परिस्थितियों में आवश्यक समझे जाने पर ही ऐसे अतिरिक्त विवरण का रिकॉर्ड रखने के लिए अनुज्ञप्ति धारक को निदेश दे सकती है।

नौवीं अनुसूची

(नियम 34(7), 39(1), 48देखें)

प्रसाधन सामग्री के लिए मानक

प्रसाधन सामग्री के लिए तैयार प्ररूप में मानक: - तैयार प्ररूप में निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा समय-समय पर निर्धारित भारतीय मानकों के विनिर्देशों के अनुरूप होंगे।

1. त्वचा पाउडर आईएस: 3959
2. शिशुओं के लिए त्वचा पाउडर आईएस:5339
3. दांत पाउडर आईएस:5383
4. टूथपेस्ट आईएस:6356
5. त्वचा क्रीम आईएस: 6608
6. बाल तेल आईएस:7123
7. शैम्पू, साबुन – आधारित आईएस: 7669
8. शैम्पू, सिंथेटिक डिटर्जेंट आधारित आईएस: 7884
9. बाल क्रीम आईएस: 7679
10. ऑक्सीडेशन हेयर डाइज़ आईएस:8481
11. कोलोन आईएस:8482
12. नाखून पोलिश (नाखून तामचीनी) आईएस:9245
13. आफ्टरशेव लोशन आईएस: 9255
14. पोमेड्स और ब्रिलिएंटाइन्स आईएस:9339
15. डेपिलेटरीज़ रसायन आईएस:9636
16. शेविंग क्रीम आईएस:9740
17. कॉस्मेटिक पेंसिल आईएस:9832
18. लिपस्टिक आईएस:9875
19. शौचालय साबुन आईएस:2888
20. तरल शौचालय साबुन आईएस:4199

21. बेबी शौचालय साबुन आईएस:10523
22. शेविंग साबुन आईएस:5784
23. पारदर्शी शौचालय साबुन आईएस:11303
24. लिप्सलव आईएस: 10284
25. पाउडर हेयर डाई आईएस: 10350
26. बिंदी (तरल) आईएस: 10998
27. कुमकुम पाउडर आईएस: 10999
28. हिना पाउडर आईएस: 11142
29. बाथिंग बार्स आईएस: 13498
30. सिंदूर आईएस: 14649:1999
31. तरल फाउंडेशन मेकअप आईएस: 14318
32. कोल्डवैक्स-हेयर रिमूवर आईएस 15152
33. फेस पैक आईएस 15153
34. काजल आईएस: 15154
35. ऑक्सीडेशन हेयर डाइज़ (इमल्शन प्रकार) आईएस 15205
36. क्रीम ब्लीच आईएस 15608
37. बाल शेम्पू आईएस:17117

टिप्पण: भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित किसी भी नए या संशोधित मानकों के मामले में, प्रकाशन की तारीख से छह महीने बाद प्रसाधन सामग्री के लिए नए या संशोधित मानक अनिवार्य होंगे।

दसवीं अनुसूची

[नियम 39(1), 39(3) देखें]

[भाग I]

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा समय-समय पर संशोधित आईएस: 4707 (भाग 1) के अधीन दिए गए प्रसाधन सामग्री उत्पादों में उपयोग के लिए अनुमति दी गई रंगों की सूची

भाग-II

साबुनों में प्रयोग किए जाने वाले रंगों की सूची

रंग का सामान्य नाम	रंग सूचकांक संख्या	रंग के रासायनिक नाम
(1)	(2)	(3)
फ्थालोसियानाइन ब्लू	74160	फ्थालोसिनिनेट (2-) कॉपर
साइट्रस नं. 2	12156	1-2(2,5- डिमेथोक्सी फेनीलेजो) 2-नैफथोल
एक्रेअस ग्रीन वेस्ट	74260	पॉलीक्लोरो कॉपर फ्थालोसियानाइन
पिगमेंट-यैलो	11710	2-(4-क्लोरो-2-निट्रोफिनाइ1) अजो-एन-(-2 क्लोरोफिनाइ1)-3-आक्सोबुटामाइड

इरगेलाइट-केरयिन एफ-पी पाउडर अथवा पिगमेंट्स रेड-5	12490	एन-(5-क्लोरो-2, 4-डाइमोथोक्सीफ़िनाइल-4-(सीएस-डाइथेलेमाइन) सल्फोनी 1-2-मेथोक्सीफेनी-I)-अजो-3-हाइट्रोक्सी-2-नेफथेलीन कार्बोक्सामाइड
मोनोलाइट रेड 4आर एच वी पेस्ट अथवा पिगमेंट्स रेड 7	12420	एन-(4-क्लोरो-2-मेथिलफेनी1 -4-(4-क्लोरो-2- मेथिलफेनी1) अजो 3-हाईड्रोकसी-2-नेफ्थाइनो-1-कारबोक्सामाइड

टिप्पण. – (1) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित कोई नए अथवा संशोधित मानकों के मामले में, नए अथवा संशोधित मानक प्रकाशन की तारीख से 6 माह के बाद प्रसाधन सामग्रियों के लिए अनिवार्य होंगे।

(2) साबुन में प्रयोग के लिए रंगों की यह सूची उन रंगों के अतिरिक्त है जो दसवीं अनुसूची के भाग I में पहले ही दी गई है और साबुन के लिए प्रयोग की जा रही है।

ग्यारहवीं अनुसूची

[नियम 62क देखें]

परिसर और उपकरणों की अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं और आवश्यकताओं

1. सामान्य आवश्यकताएं.-

(क) प्रयोगशाला या संगठन जिसका यह एक हिस्सा है वह एक ऐसी इकाई होनी चाहिए जो विधिक रूप से कार्य करने के लिए शासकीय है और कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

(ख) यह सुनिश्चित करना प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है कि प्रयोगशाला उत्तम प्रयोगशाला प्रथा (जीएलपी) आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने परीक्षण, अंशांकन, सत्यापन, और अन्य सभी तकनीकी कार्यकलापों को पूरा करे।

(ग) प्रयोगशाला प्रबंधन में सभी तकनीकी गतिविधियों को पूरा करने और दस्तावेज गुणवत्ता प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए गुणवत्ता प्रबंधक या तकनीकी प्रबंधक के रूप में जाना जाने वाला एक योग्य व्यक्ति होगा और सीधे शीर्ष प्रबंधन को रिपोर्ट करेगा।

(घ) गुणवत्ता प्रबंधक प्रयोगशाला के प्रभारी के अलावा शीर्ष प्रबंधन द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ या विशेषज्ञों द्वारा जीएलपी अनुपालन के लिए प्रयोगशाला के तकनीकी लेखा परीक्षा के लिए एक कार्यक्रम तैयार करेगा औरगुणवत्ता नियम के अनुसार दस्तावेजी गुणवत्ता प्रणाली के रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।

2. परिसर-

(क) (i) प्रयोगशालाओं का डिजाइन, निर्माण और रखरखाव इस तरह किया जाएगा जिससे क्रॉस संदूषण के अलावा कीड़े और कृन्तकों के प्रवेश को टोका जा सके;

(ii) आंतरिक सतह (दीवारों, मंजिल, और छत) चिकनी और दरार से मुक्त होनी चाहिएऔर आसान सफाई और कीटाणुशोधन के अनुरूप हो;

(iii) आवश्यक परीक्षण करने के लिए न केवल जगह और उपकरणों के लिए पर्याप्त उपबंध किया जाता है बल्कि पानी, बिजली और गैस जैसी उपयोगिताओं के लिए भी पर्याप्त उपबंध किया जाता है;

(iv) एयर वेंटिलेशन सिस्टम धूल मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेगा।

(ख) प्रयोगशालाओं को पर्याप्त प्रकाश और वेंटिलेशन प्रदान किया जाएगा और यदि आवश्यक हो, तो संतोषजनक तापमान और सापेक्ष आर्द्रता बनाए रखने के लिए एयर कंडीशनिंग जो दवाओं के परीक्षण और प्रसाधन सामग्री का भंडारण या प्रयोगशाला औजारों या उपकरणों के कामकाज की सटीकता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं करेगी ।

(ग) जल निकासी प्रणाली की सुविधाएं ऐसी होंगी जो उचित रखरखाव की सुविधा और प्रयोगशाला में जल लॉगिंग को रोकने के लिए सुविधाजनक हो।

(घ) टैबलटॉप का निर्माण एसिड, क्षार और विलायक प्रतिरोधी सामग्री के साथ किया जाएगा और जहां तक संभव हो सके चिकना और सिवाइसेस से मुक्त होना चाहिए।

(ङ) जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2016 यथा संशोधित के उपबंधों के अनुसार सभी जैव चिकित्सा प्रयोगशाला कचरे को नष्ट किया जाएगा।

(च) जैव-बोझ का नियमित रूप से नियंत्रित और अनियंत्रित क्षेत्र में रख-रखाव किया जाएगा, (जैसे एयल लॉक्स)

3. कार्मिक.-

(क) प्रयोगशाला के कर्मचारियों के पास आवश्यक योग्यता, उचित प्रशिक्षण होना चाहिए और दिए गए कर्तव्यों के लिए पर्याप्त, अनुभव होना चाहिए।

(ख) सभी कर्मियों का एक प्रशिक्षण रिकॉर्ड बनाए रखा जाएगा।

(ग) प्रयोगशाला का अध्यक्ष विश्लेषण और प्रयोगशाला प्रबंधन में अनुभव के साथ उच्च व्यावसायिक विशेषता वाला होना चाहिए जो इसके लिए ज़िम्मेदार है।

(i) नियामक प्राधिकरणों की आवश्यकताओं के अनुसार गुणवत्ता प्रणाली सहित दस्तावेजों के नियंत्रण और रखरखाव को सुनिश्चित करना जिसमें सभी रॉ डाटा, एसओपी, दस्तावेज़ीकरण प्रदर्शन, प्रोटोकॉल, प्रशिक्षण चार्ट आदि सम्मिलिप्त हैं;

(ii) गुणवत्ता प्रणाली की लेखा परीक्षा की योजना बनाना और व्यवस्थित करना, साथ ही सुधारात्मक कार्यों की शुरूआत व अनुवर्ती कार्रवाई, यदि कोई हो;

(iii) तकनीकी शिकायतों की जांच;

(iv) परीक्षित नमूने के गैर अनुपालन की स्थिति में किसी भी नियामक कार्रवाई की अनुशंसा करने के लिए अंतिम जिम्मेदारियां लेना।

4. उपकरण.-

(क) प्रयोगशाला के भीतर विभिन्न कार्यकलापों को करने के लिए आवश्यक सभी प्रकार के उपकरणों की प्रयोगशाला में पूर्ति की जाएगी।

(ख) विश्लेषणात्मक उपकरणों को धूल मुक्त वातावरण में रखा जाएगा और जब भी आवश्यक हो, तापमान और आर्द्रता की स्थिति को बनाए रखा जाएगा और तापमान और आर्द्रता की आवधिक जांच की जाएगी और दर्ज की जाएगी।

(ग) उपकरण, उपकरण बेंच और आसपास के क्षेत्रों को हर समय साफ और स्वच्छ रखा जाएगा।

(घ) अंशांकन की आवश्यकता वाले उपकरण नियमित अंतराल पर कैलिब्रेटेड किए जाएंगे और इस तरह के अंशांकन या रखरखाव के रिकॉर्ड को रखा जाएगा और प्रचालन, रखरखाव और उपकरणों के अंशांकन के लिए मानक ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं के रूप में लिखित निर्देश होंगे।

(ङ) उपकरणों के रिकॉर्ड को रखा जाएगा और इस तरह के रिकॉर्ड में निम्नलिखित सम्मिलिप्त होंगे: -

(i) उपकरण या मशीन या औजार का नाम;

(ii) विनिर्माता का नाम, मॉडल संख्या और पहचान का प्रकार;

(iii) क्रम संख्या;

(iv) प्रयोगशाला में उपकरण प्राप्त करने की तारीख;

(v) वर्तमान स्थान;

(vi) प्राप्त होने पर स्थिति (जैसे नई, प्रयुक्त, पुन: नवीकृत);

(vii) विनिर्माता के ऑपरेटिंग निर्देशों की प्रति;

(viii) अंशांकन की आवृत्ति;

(ix) रखरखाव की आवृत्ति;

(x) लॉग बुक (उपकरण की स्थिति सहित दिन-प्रतिदिन की प्रविष्टि)

(xi) उपकरण के अंशांकन और रखरखाव की स्थिति की निगरानी के लिए जिम्मेदार कर्मचारी;

(xii) कैलिब्रेटिंग रिकॉर्ड;

(xiii) शासकीय उपयोगकर्ताओं या ऑपरेटरों की सूची, यदि कोई हो;

(xiv) किसी भी नुकसान, खराबी, संशोधन या उन्नयन, मरम्मत और अंशांकन का वृत्तांत;

(xv) स्पेयर और सहायक उपकरण की सूची, यदि कोई हो।

(च) गैर-कार्यात्मक उपकरणों के लिए एक प्रगति रजिस्टर और स्पेयर और एक्सेसरीज़ की क्रय के लिए कार्रवाई, इसकी निगरानी को रखा जाएगा।

(छ) मशीन या उपकरण या औजार के निवारक रखरखाव के लिए एक मानक ऑपरेटिंग प्रक्रिया प्रयोगशाला द्वारा तैयार की जाएगी।

(ज) अन्य उपकरण जैसे ब्यूरेट्स, पिपेट्स, वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क, वेट बॉक्स, थर्मामीटर इत्यादि की उपयोग के लिए स्वीकृति से पहले अंशांकन की सटीकता के लिए पूरी तरह से जांच की जाएगी।

(झ) मानक ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं के रूप में रखरखाव प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए और रखरखाव इंजीनियर या विशेषज्ञ द्वारा नियमित सर्विसिंग की जानी चाहिए

(ञ)असंगत परिणाम देने वाले या दोषपूर्ण उपकरण यंत्रों को मरम्मत होने तक'आउट ऑफ़ ऑर्डर' के रूप में लेबल किया जाना चाहिए और उपकरण की मरम्मत के बाद इसे उपयोग से पहले कैलिब्रेटेड किया जाना चाहिए।

(ट) बिजली, गैस, पानी, भाप, और कम्प्रेस्ड गैस जैसी सेवाओं के लिए उपकरणों का रखरखाव सक्षम व्यक्ति द्वारा संभाला जाएगा।

(ठ) आटोक्लेव को प्रचालन, सुरक्षा और सत्यापन प्रक्रियाओं के लिए वर्णित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, और प्रयोगशाला द्वारा किए गए सत्यापन को रिकॉर्ड किया जाएगा।

(ड) फ्यूम कपबोर्ड।

हानिकारक और घृणित वाष्प निकलने वाले से जुड़े कार्य को एक फ्यूम अलमारी में किया जाएगा। धुएं अलमारी की निकास प्रणाली प्रायः यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जाएगी कि यह ठीक है। फ्यूम अलमारी के अंदर एक जल निकासी व्यवस्था होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए बार-बार जांच की जाएगी कि पानी की कोई लॉगिंग नहीं है और यह ठीक स्थिति में है।

5. रसायन और अभिकर्मक.-

(क) रसायनों और अभिकर्मकों का भंडारण और प्रबंधन इन पदार्थों के भौतिक रसायन गुणों और उनके उपयोग में सम्मिलित खतरों पर विचार करते हुए किया जाएगा।

(ख) प्रयोगशाला में सभी अभिकर्मकों और सोल्यूसन पर पहचाना के लिए लेबल लगाया जाएगा।

(ग) प्रयोगशाला द्वारा अपने रॉ डाटा के साथ मानकीकरण रजिस्टर रखा जाएगा और स्टॉक सोल्यूशन, मानक सोल्यूशन, वॉल्यूमेट्रिक सोल्यूशन संबधी तैयारी व मानकीकरण के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया स्टॉफ के मार्गदर्शन हेतु आवश्यक रूप से तैयार की जानी चाहिए।

(घ) स्टॉकसोल्यूशन और मानक सोल्यूशन के कंटेनर पर निम्नलिखित विवरण होगा: -

(i) सोल्यूशन तैयार करने वालेविश्लेषणात्मक रसायनज्ञ का नाम;

(ii) तैयारी की तारीख;

(iii) सोल्यूशन की स्थिरता के आधार परप्रत्येक वॉल्यूमेट्रिकसोल्यूशन पर "तारीख से पहले उपयोग" होगा; और

(iv) अभिलेखों का मानकीकरण ।

(ङ) खतरनाक रसायनों और रीजेंट्स को एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में स्थानांतरित करने के लिए सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उपयुक्त उपकरण के साथ किया जाएगा और कोई मेक-शिफ्ट या खतरनाक तरीकों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

6. गुड हाउस किपिंग और सुरक्षा.-

(क) सुरक्षा के लिए सामान्य और विशिष्ट लिखित निर्देश प्रत्येक स्टाफ सदस्य को प्रसारित किए जाएंगे और निर्देशों को समय-समय पर संशोधित किया जाएगा (उदाहरण के लिए, पोस्टर डिस्प्ले, ऑडियो-विज़ुअल सामग्री और संगोष्ठियों / सम्मेलनों द्वारा)

(ख) सुरक्षा, घर रखने और हानि रोकथाम के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया भारत सरकार के विभिन्न नियमों और विनियमों के अनुसार तैयार की जाएगी और निम्नलिखित आवश्यकताओं को सम्मिलित करेंगी: -

(i) परीक्षण किए जाने से पहले सुरक्षा डाटा शीट कर्मचारियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायी जानी चाहिए;

(ii) प्रयोगशालाओं में पीने, खाने और धूम्रपान की अनुमति नहीं दी जाएगी; मानव सेवन के लिए भोजन कार्य या भंडारण क्षेत्रों में नहीं रखा जाएगा; परीक्षण जानवरों के लिए भोजन एक पशु चिकित्सक या योग्य व्यक्ति के मार्गदर्शन में श्रमिकों द्वारा संभाला जाएगा। पशु घर में, परीक्षण से हटाने से पहले जानवरों के अपशिष्ट के संग्रह और निपटान या अपशिष्ट के सुरक्षित स्वच्छता भंडारण की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए;

(iii) कर्मचारियों को जहां भी आवश्यक हो, दस्ताने और फेस मास्क और आंखों की सुरक्षा सहित प्रयोगशाला कोट या अन्य सुरक्षात्मक कपड़े पहनना चाहिए;

(iv) प्रयोगशालाओं में पर्याप्त प्राथमिक चिकित्सा किट और उचित जगहों पर स्थित अग्निशमन उपकरण होंगे और कर्मचारियों को आग बुझाने वाले यंत्रों, आग कंबल और गैस मास्क या फैक्ट्री अधिनियम के अधीन अनुमोदन के अनुसार कोई समकक्ष उपकरण सहित अग्निशमन उपकरणों के उपयोग से परिचित और प्रशिक्षित होना चाहिए,

(v) स्टेरिलिटी टेस्ट करने वाले ऑपरेटर हेडगियर, फेस मास्क और जूते सहित स्टरलाइज्ड वस्त्र पहनेंगे;

(vi) कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों, आपातकालीन देखभाल और एंटीडोट्स के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए; तथा

(vii) कम्प्रेस्ड गैसों के सिलेंडरों को संभालने में सुरक्षा नियमों का ध्यान रखा जाना चाहिए और कर्मचारियों को प्रासंगिक रंग पहचान कोड से परिचित होना चाहिए;

(ग) प्रयोगशालाओं में सुरक्षा सावधानी बरतनी चाहिए:

(i) प्रयोगशाला में उचित स्थानों पर वाटर शावर स्थापित किए जाएंगे;

(ii) मैनुअल पिपेट और साइफन पर रबड़ सक्शन बल्ब का उपयोग किया जाना चाहिए;

(iii) हिंसक, अनियंत्रित या खतरनाक प्रतिक्रियाओं के साथ काम के लिए चेतावनी, सावधानियां, और लिखित निर्देश दिए जाने चाहिए (उदाहरण के लिए पानी और एसिड, संक्रामक एजेंटों जैसे जैविक मिश्रण);

(iv) कचरे के संग्रह, भंडारण और निपटान के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी;

(v) कर्मचारियों को पारा और इसके सूत्रों के पूर्ण निपटान की आवश्यकता और सूत्रीकरण अथवा निष्क्रियता द्वारा संक्षारक या खतरनाक उत्पादों के सुरक्षित निपटान के तरीकों से अवगत होना चाहिए।

(vi) कर्मचारियों को पोटेशियम साइनाइड और साइनोजन ब्रोमाइड को संभालने के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी अवगत होना चाहिए;

(vii) रासायनिक और जैविक कचरे को संभालने, संग्रहण, निपटान के लिए एक मानक प्रचालन प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए।

7. रखरखाव, अंशांकनऔर उपकरणों का मान्यकरण -

(क) प्रयोगशाला में उपयोग किए जाने वाले सभी उपकरण, यंत्र और अन्य उपकरणों को सभी परीक्षणों अथवा अंशांकन के लिए उपयुक्त पद्धतियों और प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाए और उन्हें नियमित रूप से अंशांकन और मान्यकरण किया जाएगा। अंशांकन की आवृत्ति उपकरण अलग-अलग होने के कारण भिन्न हो सकती है।

(ख) अंशांकन की आवृति निश्चित करते समय मूल उपकरण विनिर्माता की अनुशंसाओं के साथ प्रयोगशाला स्टाफ का अनुभव और प्रति दिन उपकरण के उपयोग पर भी विचार किया जाए।

(ग) प्रयोगशाला द्वारा अधिकांश उपकरणों और उपकरणों के लिए, अंशांकन और अंशांकन अनुसूची के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया तैयार की जाती है और अंशांकन परिणामों के उचित दस्तावेजीकरण हेतु प्रत्येक प्रयोगशाला द्वारा एक लॉगबुक भी तैयार किया जाएगा।

8. संदर्भ सामग्री.-

(क) एजेंसी को प्राधिकृत करने हेतु किसी उपकरण, उपकरण या अन्य उपकरणों के परीक्षण और, या अंशांकन, सत्यापन या सत्यापन के लिए संदर्भ सामग्री आवश्यक है और ऐसी सभी सामग्रियां भारत सरकार या किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकाय द्वारा प्राधिकृत एजेंसी के लिए सुगम्य होंगी।

(ख) जब भी, प्रयोगशाला द्वारा कोई भी नई संदर्भ सामग्री प्राप्त की जाती है, तो कोड संख्या प्रदान की जाएगी और यह कोड संख्या प्रयोगशाला टिप्पण बुक और विश्लेषणात्मक वर्कशीट पर उद्धृत की जाएगी। कार्यकारी मानक पहचान कोड का साथ भी प्रदान किया जाएगा।

(ग) प्रयोगशाला द्वारा संदर्भ और कार्य सामग्री संबंधित एक रजिस्टर रखा जाना चाहिए। रजिस्टर में निम्नलिखित विवरणों का उल्लेख किया जा सकता है:

(i) आपूर्ति का स्रोत;

(ii) संदर्भ सामग्री का कोड संख्या;

(iii) प्राप्ति की तारीख;

(iv) आपूर्ति एजेंसी की बैच संख्या या पहचान संख्या;

(v) परख मूल्य, पानी की सामग्री या प्रदान की गई किसी भी अन्य जानकारी जैसे विवरण;

(vi) सामग्री के भंडारण की स्थिति; तथा

(vii) मियाद समाप्ति की तारीख, अगर कोई हो और विनिर्माण की तारीख संभव हो

(घ) सभी प्रचालन मानकों की उचित अंतराल पर अथवा उपयोग से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जाएगी कि भंडारण के दौरान खराब नहीं हुआ है या विघटित नहीं हुआ है। इन अवलोकनों को एक रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए: सभी संदर्भ और कार्य मानकों को उचित भंडारण की स्थिति में संग्रहीत किया जाएगा; जिनके लिए 2-8डिग्री सेल्सियस के बीच भंडारण की आवश्यकता होती है उन्हें रेफ्रिजरेटर में रखा जाएगा, तथापि अनुशंसित सामग्री को जमाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

9. माइक्रोबायोलॉजिकल कल्चर -

(क) प्रयोगशालाओं द्वारा माइक्रोबियल कल्चर और सब-कल्चर के रखरखाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए।

(ख) यदि कल्चर गैर-व्यवहार्य या उत्परिवर्ती हो गई हैं, तो इन कल्चरों को जैविक परीक्षण के लिए प्राधिकृत कर्मियों के अधीन स्वत: सहेजकर इन कल्चरों को नष्ट करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।अधिमानतः पांच से अधिक पैसेज तैयार नहीं किए जा सकते हैं।

(ग) सभी गतिविधियों को प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा एक कीटाणु रहित क्षेत्र में किया जाना चाहिए।

(घ) प्रयोगशालाएं अपनी व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए साहित्य में दी गई सब-कल्चर पर निष्पादन करेंगे।

10. गुणवत्ता प्रणाली.-

निम्नवत् उद्देश्य सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता प्रणाली तैयार की जाएगी: -

(क) माप और अंशांकन पूरी तरह से अनुरूप अपेक्षाओं के अनुरूप होगा और विधिमान्यता प्रोटोकॉल के आधार पर प्रदर्शन विधियों का पालन किया जाएगा।

(ख) यह आवश्यक आश्वासन प्रदान करने में प्रभावी होगा कि गतिविधियों या प्रक्रियाओं या तकनीकों या अभ्यास योजनाबद्ध व्यवस्था का अनुपालन हो रहा है।

(ग) यह गैर अनुरूपताओं की प्रारंभिक पहचान और सुधार में सहायता करता है।

(घ) आंतरिक और बाहरी लेखापरीक्षा द्वारा अवलोकनों पर उपचारात्मक कार्रवाई उचित रूप से की जाती है और

(ड.) इसमें संगठन के लिए एक दस्तावेजी गुणवत्ता नीति होगी।

11. आंतरिक गुणवत्ता प्रणाली लेखा परीक्षाएं : -

(क) विश्लेषण की अखंडता को आश्वस्त करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा की जाती है और ऐसे लेखापरीक्षाएं आवधिक रूप से अधिकरित जांच-बिन्दु के साथ पूर्व अधिकरित कार्यक्रम और प्रक्रिया के साथ की जाएगी। यह सत्यापित करने के लिए कि संचालन गुणवत्ता प्रणाली की आवश्यकताओं और विनियामक प्राधिकरण की आवश्यकताओं का अनुपालन जारी रखता है। आंतरिक गुणवत्ता लेखा परीक्षा प्रशिक्षित और योग्य कर्मियों द्वारा की जाएगी जो लेखापरीक्षा की गतिविधि से स्वतंत्र हैं।

(ख) गुणवत्ता लेखा परीक्षा की आवधिकता प्रयोगशाला प्रमुख द्वारा तय की जाएगी जिससे प्रत्येक गतिविधि को साल में कम से कम एक बार लेखा परीक्षित किया जा सके।

(ग) प्रयोगशाला प्रमुख लेखा परीक्षा से प्राप्त सुधारात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक कार्रवाई करने और उसके सत्यापन के लिए उत्तरदायी होगा।

(घ) गुणवत्ता नीति या गुणवत्ता प्रणाली के कार्यान्वयन में टीम द्वारा जब भी कोई अनुपालना अथवा कोई विषमता पड़ती है, तब गुणवत्ता प्रबंधक द्वारा देखा जाएगा । समस्या का विश्लेषण किया जाएगा और उचित दस्तावेज सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(ड.) गुणवत्ता प्रबंधक आयोजित किए जा रहे विश्लेषण के सभी अभिलेखों बनाएगा जिसमें परीक्षण प्रणाली, विश्लेषण के प्रकार, विश्लेषण की तारीखआदि सम्मिलित होगी और लेखा परीक्षा टीम द्वारा जांच की जारी गतिविधियों से संबंधित सभी प्रोटोकॉल की प्रतियां भी रखी जाएंगी।

12. प्रबंधन समीक्षा.-

गुणवत्ता प्रणाली की समीक्षा शीर्ष प्रबंधन द्वारा एक वर्ष में कम से कम एक बार में आयोजित की जाएगी और समीक्षा का एजेंडा निम्नलिखित को सम्मिलित करेगा: -

(i) आंतरिक लेखा परीक्षा की रिपोर्ट या इनपुट;

(ii) पिछली समीक्षाओं से उत्पन्न होने वाले मामले;

(iii) बाह्य लेखापरीक्षा की रिपोर्ट, यदि कोई हो;

(iv) निगरानी रिपोर्ट, यदि कोई हो;

(v) दक्ष परीक्षण का परिणाम;

(vi) प्रयोगशाला सेवाओं के उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों या प्रतिक्रिया;

(vii) इन-हाउस गुणवत्ता नियंत्रण जांच का विवरण;

(viii) गुणवत्ता प्रणाली और दस्तावेज़ीकरण में संशोधन की आवश्यकता;

(ix) नए कर्मचारियों का आरंभिक प्रशिक्षण; तथा

(x) प्रयोगशाला की कोई अन्य आवश्यकताएं।

13. मानक प्रचालन प्रक्रियाएं.-

(क) मानक प्रचालन प्रक्रियाएं, प्रयोगशाला में आयोजित विभिन्न गतिविधियों हेतु लिखित प्रक्रियाएं होती हैं और इसमें निम्नलिखित विशेषताएं सम्मिलित होंगी:

(i) वे एक कालक्रम क्रम में लिखे जाएंगे जो दवाओं के विश्लेषण अथवा किसी साधन के अंशांकन के विश्लेषण के लिए विभिन्न चरणों की सूची में सूचीबद्ध होंगी:

(ii) परीक्षण प्रयोगशालाओं में मानक प्रचालन प्रक्रिया मैनुअल होंगे और जिनकी आवधिक समीक्षा होगी;

(iii) यह उपयोगकर्ता अनुकूल दस्तावेज होगा और इसमें इच्छित गतिविधि के लिए व्यक्ति उत्तरदायी पदनाम सम्मिलित होगा।

(ख) विभिन्न गतिविधियों के अधीन अनुशंसित प्रक्रियाओं के अलावा मानक परिचालन प्रक्रिया भी निम्नलिखित के संबंध में तैयार की जाएंगी:

(i) नमूना हैंडलिंग और उत्तरदायित्व;

(ii) परीक्षण और नियंत्रण सामग्री की प्राप्ति पहचान, भंडारण, मिश्रण और पद्धति नमूनाकरण;

(iii) डाटा रखने, रिपोर्टिंग, संग्रहण और डाटा की पुनर्प्राप्ति;

(iv) कम्प्यूटरीकृत डाटा सिस्टम के उपयोग सहित विभिन्न अध्ययनों की कोडिंग, डाटा को संभालना;

(v) निष्पादन और रिपोर्टिंग लेखा परीक्षा, निरीक्षण और अंतिम रिपोर्ट समीक्षा करने में तकनीकी लेखापरीक्षा कार्मिकों का प्रचालन;

(vi) सफाई, रखरखाव, परीक्षण, अंशांकन और उपकरणों के मानकीकरण के नियमित निरीक्षण;

(vii) उपकरण विफलता के संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए;

(viii) विश्लेषणात्मक डाटा की पद्धतियां;

(ix) कच्चा डाटा;

(x) डाटा हैंडलिंग और भंडारण पुनर्प्राप्ति;

(xi) स्वास्थ्य और सुरक्षा संरक्षण;

(xii) माइक्रोबियल कल्चर का भंडारण और रखरखाव;

(xiii) संदर्भ मानकों का उपयोग और भंडारण;

(xiv) दुकानों और उपस्करों की क्रय;

(xv) नमूने के परीक्षण की निगरानी;

(xvi) अप्रत्याशित नमूने, उनके स्थान, रखरखाव और निपटान के प्रतिधारण की पद्धति;

(xvii) दस्तावेज़ नियंत्रण;

(xviii) तकनीकी शिकायतों का निवारण;

(xix) आवास रखरखाव;

(xx) सुधारात्मक और निवारण कार्रवाई;

(xxi) कार्य प्रक्रिया (परीक्षण पद्धतियां);

(xxii) अंशांकन मैनुअल; तथा

(xxiii) प्रशिक्षण मैनुअल।

14. प्रोटोकॉल और विनिर्देश संग्रह.-

(क) प्रत्येक प्रयोगशाला में एक विनिर्देश संग्रह होगा और सभी आवश्यक विनिर्देशों के वर्तमान संस्करणों को अधिनियम की आवश्यकताओं और इसके अधीन बनाए गए नियमों और भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार रखा जाएगा।

15. कच्चा डाटा.-

(क) कच्चा डाटा प्रयोगशाला कार्य पत्र, टिप्पण पुस्तकें या विश्लेषण पत्र, अभिलेख, और अन्य गतिविधियों को निर्दिष्ट करता है और ऐसे कच्चे डाटा में हाथ लिखित टिप्पण, फोटो, सॉफ्टवेयर, चित्र, कंप्यूटर प्रिंटआउट, वर्णक्रमीय चार्ट, अधिकरित अवलोकन या स्वचालित उपकरणों से प्राप्त रिकॉर्ड डाटा सम्मिलिप्त होंगे। कच्चे आंकड़ों में पर्यावरणीय निगरानी, अंशांकन, उपकरण के रिकॉर्ड , विश्लेषणात्मक उपकरणों से इंटीग्रेटर आउटपुट, एक टिप्पण पढ़ने के लिए प्रयुक्त कार्य-पत्रक, किसी उपकरण के प्रकाश उत्सर्जक डायोड प्रदर्शन की जानकारी सम्मिलित है ।

(ख) डाटा बदलने के माध्यम से एक लाइन भी जाएगी; सही जानकारी पुराने डाटा और परिवर्तन के कारण सहित अभिलिखित की जाएगी। परिवर्तन करने वाले विश्लेषक की पहचान तारीख के साथ उनके हस्ताक्षर द्वारा जाएगी। स्वचालित डाटा संग्रह प्रणाली के मामले में, जिम्मेदार व्यक्ति डाटा आउटपुट के समय पहचाना जाएगा। मूल प्रविष्टि को सुरक्षित किया जाना चाहिए और सिस्टम के सभी डाटा के लिए लेखा परीक्षा ट्रायल होगा।

(ग) डाटा अखंडता और सुरक्षा रखी जाएगी और डाटा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के लिए सुलभ नहीं होगा।

16. भंडारण और अभिलेखीय.-

(क) अंतिम रिपोर्ट के बाद एक वर्ष की अवधि तक अवशिष्ट नमूना उचित संग्रहण स्थिति में रखा जाएगा।

(ख) प्रयोगशाला को सभी गुणवत्ता दस्तावेजों की पहचान संग्रह, अनुक्रमण, पुनर्प्राप्ति, भंडारण, रखरखाव और निपटान के लिए प्रक्रियाओं को स्थापित और बनाए रखना चाहिए।

(ग) सभी कच्चे डाटा, दस्तावेज़ीकरण, मानक परिचालन प्रक्रियाओं , प्रोटोकॉल, और अंतिम रिपोर्टों को बनाए रखा जाना है और सभी कच्चे डाटा, दस्तावेज़ीकरण, प्रोटोकॉल,अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट के व्यवस्थित भंडारण और त्वरित पुनर्प्राप्ति के लिए अभिलेखागार होंगे। संग्रह एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करेगा जो संशोधन, क्षति, या गिरावट और / या हानि को रोकेगा।

(घ) जिस स्थिति में मूल दस्तावेज संग्रहीत किए जाते हैं, उनकी सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करनी चाहिए,

(ड.) पेपर दस्तावेजों को उच्च आर्द्रता और लंबी अवधि के लिए नहीं रखा जाएगा और कच्चे डाटा को टेप और डिस्क के रूप में परिचर्या सहित संरक्षित किया जाना चाहिए।

(च) केवल ऑप्टिकल डिस्क के भंडारण के मामले में, डिस्क का जीवन भंडारण समय से अधिक लंबा होगा,

(छ) थर्मल पेपर पर कच्चा डाटा समय के साथ दूर हो सकता है; इसलिए, थर्मल पेपर की एक फोटोकॉपी भी संग्रह में बरकरार रखी जाएगी।

(ज) वह समय जिसमे रिकॉर्डों को कायम रखना है, उन्हें दस्तावेजों में विहित किया जाएगा।

बारहवीं अनुसूची

[नियम 64(1) देखें]

प्रसाधन सामग्री की श्रेणी	विस्तार एवं छूत की स्थिति
1. प्रसाधन सामग्री	अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अध्याय 4 के उपबंध, जिसके लिए उन्हें विक्रय के लिए अनुज्ञप्ति द्वारा कवर किया जाना चाहिए, परन्तु कि भारतीय मूल के बेचे जाने वाले प्रसाधन सामग्री अनुज्ञप्ति प्राप्त निर्माताओं द्वारा विनिर्मित किए जाएं।
2. बालों के फिक्सर्स अर्थात् दाढ़ी फिक्स करने हेतु प्ररूप द्वारा उपयोग की जाने वाली गोंद वाली चिपचिपी तैयारी	अधिनियम के अध्याय 4 और इसके अधीन नियमों के उपबंध।
3. प्रसाधन सामग्री की निम्नलिखित श्रेणियां: (i) अन्यदेशों में 100% निर्यात के लिए रीपैकेजिंग के लिए थोक में प्रसाधन सामग्री; (ii) पैकेजिंग परीक्षण,उपभोक्ता अध्ययन, शैल्फ लाइफ अध्ययन और परिवहन अध्ययन जैसे अनुसंधान और विकास उद्देश्यों के लिए प्रसाधन सामग्री। (iii) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के भीतर स्थित फीस मुक्त दुकानों में विदेशी यात्रियों को विक्रय के लिए प्रसाधन सामग्री। (iv) यदि घरेलू विक्रय के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा है तो मानार्थ आधार पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के अनन्य उपयोग के लिए सौन्दर्य प्रसाधनों में प्रसाधन सामग्री। (v) होटल में उपयोग के लिए आयात किए गए प्रसाधन सामग्री विशेष रूप से उनकी कैप्टिव खपत के लिए और इस आशय में टिप्पणरीकृत उपक्रम प्रदान करने के बाद।	अधिनियम के अध्याय-3 और उसके अधीन बनाए गए नियम जो उनके लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र द्वारा कवर किए जाने अपेक्षित थे के अनुवर्ती शर्तों के अधीन: (i)प्रसाधन सामग्री का उपयोग घरेलू विक्रय के लिए नहीं किया जाएगा
4. भारत में इस प्रकार विपणन किए जाने वाले किट के रूप में आयात की गई प्रसाधन सामग्रियों जिसमें किट के सभी पृथक पृथक उत्पाद प्रसाधन सामग्री नियम 2020 के अधीन भारत में आयात किए जाने के लिए पहले से ही रेजिस्ट्रीकृत है	अधिनियम के अध्याय-3 और उसके अधीन बनाए गए नियम जो उनके लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र द्वारा कवर किए जाने अपेक्षित थे।

तेरहवीं अनुसूची

(नियम 71 देखें)

1. औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम 1945 (इसके बाद उक्त नियम कहा गया है) के नियम 1 के उप-नियम (1) में शब्द "और प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
2. उक्त नियमों के नियम 45 के उप-नियम (1) में "और प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
3. उक्त नियमों के नियम 48 में "या प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
4. उक्त नियमों के नियम 52 में "या प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
5. उक्त नियमों के नियम 52 के उप-नियम (1) में "या प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
6. उक्त नियमों के नियम 52 के उप-नियम (4) में "या प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
7. उक्त नियमों के नियम 54 क में, जहां भी "या प्रसाधन सामग्री " शब्द आएं, उनका लोप किया जाएगा।
8. उक्त नियमों के नियम 55 में जहां भी "प्रसाधन सामग्री " या" प्रसाधन सामग्री " शब्द आएं, उनका लोप किया जाएगा।
9. उक्त नियमों में, भाग XIII, भाग XIV और भाग XV और उसमें निहित नियमों का लोप किया जाएगा।
10. उक्त नियमों में, भाग XV (क) में "प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।
11. उक्त नियमों में, नियम-15 ग "अथवा प्रसाधन सामग्रियों की मदें" जहां वे विद्यमान हों, को हटा दियाजाएगा।
12. उक्त नियमों में, 150ख नियम में "प्रसाधन सामग्री ", "या प्रसाधन सामग्री " और "या प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
13. उक्त नियमों में, 150ग नियम में "प्रसाधन सामग्री ", "या प्रसाधन सामग्री " और "या मामले के रूप में प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
14. उक्त नियमों में, 150ङ नियम में "या प्रसाधन सामग्री " और " या एक प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
15. उक्त नियमों में उक्त नियमों के नियम 150च में " या प्रसाधन सामग्री " और "या प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
16. उक्त नियमों में 150 ग में "या प्रसाधन सामग्री की मदें" शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
17. उक्त नियमों में, अनुसूची क में "III प्रसाधन सामग्री रुपये 400-1500 (फीस की सही धनराशि प्रयोगशाला के निदेशक और सरकारी विश्लेषक, जैसा भी मामला हो, द्वारा अधिकरित की जाएगी)" में आंकड़े, कोष्ठक और शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
18. उक्त नियमों में, अनुसूची ख(1) में "प्रसाधन सामग्री " शब्द का लोप किया जाएगा।
19. उक्त नियमों में, अनुसूची घ में "या प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।
20. उक्त नियमों में, अनुसूची घ (III) का लोप किया जाएगा।
21. उक्त नियमों में, अनुसूची के में आंकड़े, कोष्ठक और शब्द "16. प्रसाधन सामग्री "और" निर्माताओं के साथ उपबंध और समापन "से शुरू होने वाले भाग का लोप किया जाएगा।
22. उक्त नियमों में, अनुसूची ङ (II) का लोप किया जाएगा।
23. उक्त नियमों में, अनुसूची थ का लोप किया जाएगा।
24. उक्त नियमों में, अनुसूची ध का लोप किया जाएगा।
25. उक्त नियमों में, अनुसूची प (1) का लोप किया जाएगा।

26. उक्त नियमों में, अनुसूची 15 में प्ररूप 15 में "प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।

27. उक्त नियमों में, अनुसूची 16 में अनुसूची क में शब्द "या प्रसाधन सामग्री " और "प्रसाधन सामग्री " शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।

28. उक्त नियमों में, अनुसूची 17 में प्ररूप 17 में "प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।

29. उक्त नियमों में, अनुसूची 18 में प्ररूप 18 में "प्रसाधन सामग्री " शब्दों का लोप किया जाएगा।

30. उक्त नियमों में, अनुसूची में प्ररूप 31, प्ररूप 32, प्ररूप 33, प्ररूप 33 क, प्ररूप 34, प्ररूप 42 और प्ररूप 43 शब्दों का लोप किया जाएगा।

31. उक्त नियमों में, अनुसूची 36 में अनुसूची क में "प्रसाधन सामग्री " और "प्रसाधन सामग्री की मदें" शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।

32. उक्त नियमों में, प्ररूप 37 में अनुसूची क में "प्रसाधन सामग्री " शब्द, "प्रसाधन सामग्री की मदें " और "या प्रसाधन सामग्री की मदें" शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।

33. उक्त नियमों में, अनुसूची 8 में प्ररूप 38 में "प्रसाधन सामग्री " और "प्रसाधन सामग्री के सामान" शब्द जहां भी आएं, उनका लोप किया जाएगा।

34. नियमों में, अनुसूची क में प्ररूप 39 में "प्रसाधन सामग्री " का लोप किया जाएगा।

35. उक्त नियमों में, नियम 150 ट में "प्रसाधन सामग्री के सामान" का लोप किया जाएगा ।

36. उक्त नियमों में, अनुसूची क में प्ररूप 17 क में "या प्रसाधन सामग्री" का लोप किया जाएगा ।

परिशिष्ट

प्ररूप सीओएस-1

[नियम 12 (2) और 12 (7) देखें]

भारत में प्रसाधन सामग्री के आयात के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए आवेदन

मैं/हम*_____ *(नाम और पूरा पता) विनिर्माता, मैसर्स* _____ *(विदेशी विनिर्माता का टेलीफोन नंबर, फैक्स और ई-मेल पता) को भारत में आयात* के लिए उसकी विनिर्मित प्रसाधन सामग्री के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन करते है ।

1. रजिस्ट्रीकरण के लिए उनके ब्रांड नाम और पैक आकार और संस्करणों के साथ प्रसाधन सामग्री के नाम।

क्र.सं.	प्रसाधन सामग्री के उत्पाद / ब्रांड	ब्रांड का नाम	संस्करण का नाम	पैक आकार	वास्तविक निर्माता और उसका परिसर
1.					
2.					

2. मैं/हम* नीचे बताए गए परिसर के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए निर्माता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित द्वितीय अनुसूची के भाग-1 में निर्दिष्ट जानकारी और वचनबंध पत्र संलग्न करता हूं/ करते है: -

3. उपरोक्त क्रम संख्या 2 में निर्दिष्ट आयात के लिए प्रसाधन सामग्री के पंजीकरण के लिए .....का शुल्क प्रसाधन सामग्री नियम, 2018 - केंद्र के अधीन केन्द्रीय सरकार को लेखा शीर्ष "0210-चिकित्सा और जन स्वास्थ्य, 04-जन स्वास्थ्य, 104-शुल्क और जुर्माना" में चालान संख्या....., दिनांक ....., (मूल रूप में संलग्न) के द्वारा जमा किया गया है।

4. परिसर, जहां निर्माण किया जाता है, के विवरण पंजीकृत किए जाएंगे:

पता: _____

टेलीफोन: _____

फैक्स: _____

ई-मेल: _____

मैं/हम रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी नियमों और शर्तों का पालन करने और इसकी विधिमान्यता अवधि के दौरान इसे विधिमान्य रखने की शपथ लेते हैं।

स्थान:

तारीख:

हस्ताक्षर_____

नाम_____

पदनाम _____

भारत में निर्माता और उसके अधिकृत अभिकर्ता की सील/मुहर

(**नोट:-** यदि आवेदक भारत में निर्माता का अधिकृत अभिकर्ता है, तो रजिस्ट्रीकरण के उद्देश्य के लिए दूसरी अनुसूची के भाग-1 के अनुसार वचनबंध संलग्न किया जाए)

प्ररूप सीओएस -2

[नियम 13 (1) और 13 (4) देखें]

भारत में प्रसाधन सामग्री के आयात के लिए जारी किया जाने वाला रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र संख्या _____ तारीख _____

मैसर्स_____ (रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का नाम और पूरा पता) फैक्ट्री परिसर_____ (पूर्ण पता) में है, को एक निर्माता के रूप में नियम 13 के अधीनरजिस्ट्रीकृत किया गया है और उन्हें एतद्द्वारा यह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है।

2. प्रसाधन सामग्री के नाम, उनके ब्रांड नाम और पैक आकार और संस्करण के साथ, जो इस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र के अधीन आयात किए जा सकते हैं।

क्र.सं.	प्रसाधन सामग्री के उत्पाद / ब्रांड	ब्रांड का नाम	संस्करण का नाम	पैक आकार	वास्तविक निर्माता और उसका परिसर
1.					
2.					

3. यह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र _____ से _____ तक लागू रहेगा, जब तक कि नियमों के अधीन इसे निलंबित और रद्द न किया जाए।

4. यह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र निर्माता और उसके अधिकृत अभिकर्ता और भारत में आयातक और निर्माता द्वारा अधिकृत भारत में सहायक कंपनी के माध्यम से जारी किया जाता है, अर्थात् मैसर्स..... (नाम और पूरा पता) ..... जो सभी मामलों में भारत में निर्माता की व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगा ।

5. यह रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र नीचे बताई गई शर्तों एवं औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 में निर्दिष्ट अन्य शर्तों और इस संबंध में समय-समय पर बनाए गए नियमों के अधीन है।

स्थान: _____

तारीख:_____

केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकरण

सील/मुहर

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की शर्तें

1. अनुज्ञापन प्राधिकारी/नियामक प्राधिकरण द्वारा जब भी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र मांगा जाएगा, तो वह अधिकृत आयातक/वितरक/अभिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

2. निर्माता या भारत में उसका अधिकृत आयातक/वितरक/अभिकर्ता, की गई किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई के मामले में अर्थात् बाजार से उत्पाद वापस लेने, विनियामक प्रतिबंध, और प्राधिकरण को रद्द करने, और/या किसी प्रसाधन सामग्री के संबंध में उसके उत्पादनकर्ता देश के विनियामक प्राधिकरण औरकिसी अन्य देश, जहां प्रसाधन सामग्री का विपणन/विक्रय या वितरण किया जाता है, द्वारा घोषित इस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की गुणवत्ता रिपोर्ट के मानक न होने पर, तुरंत अनुज्ञापन प्राधिकरण को सूचित करेगा।

ऐसे मामलों में प्रसाधन सामग्री का प्रेषण और विपणन रोक दिया जाएगा तथा अनुज्ञापन प्राधिकारी को तत्काल सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रसाधन सामग्री के रोके गए ऐसे विपणन के बारे में अनुज्ञापन प्राधिकारी के निर्देशों के मामलों में, संबंधित सौन्दर्य प्रसाधन के संदर्भ में अनुज्ञापन प्राधिकारी के साथ परामर्श करके मूल देश में अथवा विपणन देश में की गई कार्रवाई के अनुसार अनुज्ञापन प्राधिकारी के साथ परामर्श करके भारत में भी कार्रवाई की जाएगी। तथापि, अनुज्ञापन प्राधिकारी इस कार्रवाई के लिए 48 घण्टे की समय-सीमा के भीतर भारतीय बाजार से प्रसाधन सामग्री को वापस लेने सहित किसी और संशोधन के लिए निदेश दे सकता है।

3. विनिर्माता अथवा उसका प्राधिकृतअभिकर्ता अथवा आयातक अथवा वितरक अथवा भारत में उसकी समनुषंगी इस वचनबद्धता के साथ कि उत्पाद नौवीं अनुसूची में यथा-संदर्मित भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित किए गए मानकों का अनुपालन करते हैं, के साथ, इस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र से संबंधित किसी भी प्रसाधन सामग्री की लेबलिंग अथवा रचना अथवा प्रशिक्षण अथवा विनिर्देशन अथवा प्रलेखन में परिवर्तन की स्थिति में अनुज्ञापन प्राधिकरण को 30 दिन के अंदर लिखित रूप में सूचित करेंगे।

4. इस रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के अधीन परिचालित फर्म की संरचना में किसी परिवर्तन होने की स्थिति में निर्माता या भारत में उसका अधिकृत अभिकर्ता तत्काल लिखित रूप में अनुज्ञापन प्राधिकारी को सूचित करेगा। जहाँ फर्म की संरचना में ऐसा कोई परिवर्तन होता है तो, वर्तमान प्रमाणपत्र परिवर्तन होने की तारीख से अधिकतम 180 दिनोंकी अवधि के लिए विधिमान्य माना जाएगा। इस बीच फर्म की परिवर्तित संरचना के साथ फर्म के नाम से अनुज्ञापन प्राधिकरण से नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

5. एक पंजीकरणधारी अथवा विदेश के विनिर्माता जो इस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के अधीन चल रहे हैं, के नाम अथवा पता में परिवर्तन के मामले में,आशोधन के लिए एक आवेदन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में उक्त परिवर्तन के लिए केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकरण से पूर्व-अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर, ऐसे परिवर्तन की तारीख से 60दिन की अवधि के अंदर आवेदन करेगा।

6. आयातक प्रसाधन सामग्री उत्पाद की श्रेणी, जिससे मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न होता हो, के बारे में तथा किए गए सुधारक उपायों के बारे में तत्काल अनुज्ञापन प्राधिकारी को सूचित करेगा।

प्ररूप सीओएस-3

[नियम 13(3), 23(3), 32(2) और 32(3) देखें]

नए प्रसाधन सामग्री का भारत में आयात करने अथवा उत्पादन करने के लिए अनुमति

अनुमति की संख्या और जारी करने की तारीख..... मैसर्स..... पता..... को सौन्दर्य प्रसाधन नियम, 2018 के नियम 32 के अधीन निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री का आयात करने अथवा उनका उत्पादन करने हेतु एतदद्वारा अनुमति दी जाती है।

1. सौन्दर्य प्रसाधन का नाम
2. श्रेणी/उपयोग का आशय
3. उत्पादन का संघटन
4. अन्य विशेष अनुदेश

तारीख

हस्ताक्षरः

अनुज्ञापन प्राधिकारी का नाम और पदनाम

नए सौन्दर्य प्रसाधन का आयात करने या उत्पादन करने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए शर्तें

1. सौन्दर्य प्रसाधन उत्पाद, केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकरण द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार विनिर्देशों के अनुरूप होना चाहिए।
2. सौन्दर्य प्रसाधन का वास्तविक नाम स्थायी स्याही से मुद्रित अथवा लिखा जाएगा और वह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए।
3. अनुमेय अन्य किसी विशेष अनुदेशों को लेबल पर मुद्रित किया जाएगा।
4. केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी की बिना पूर्व अनुमति के लेबल पर अनुमत दावे के अतिरिक्त अन्य किसी दावे को मुद्रित नहीं किया जाएगा।

प्ररूप सीओएस-4

[नियम 17(1) देखें]

पहले ही रजिस्ट्रीकृत की गई प्रसाधन-सामग्रियों के आयात के लिए आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या के निर्गम के लिए आवेदन।

मैं/हम*_____(आयातक का नाम तथा पूरा पता)एतद् द्वारा भारत में आयात के लिए अभिहित पहले ही रजिस्ट्रीकृत प्रसाधन-सामग्रियों के आयात हेतु रजिस्ट्रीकरण संख्या प्रदान करने के लिए आवेदन कर रहा हूं/ कर रहे हैं।

1. प्रसाधन सामग्रियों का ब्यौरा

क्रम संख्या	प्रसाधन सामग्री का नाम	विनिर्माता का नाम तथा पता	पैक का आकार (साइज)	रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की संख्या
1.				
2.				
3.				

2. मैं/हम*_____ छठी अनुसूची में विनिर्दिष्ट सूचना तथा वचनबद्धता विधिवत हस्ताक्षरित संलग्न कर रहा हूं/ कर रहे हैं।

3. मैं/हम*_____रजिस्ट्रीकरण संख्या प्राप्त करने के लिए सभी निबंधन तथा शर्तों का अनुपालन करने तथा इसकी विधिमान्यता अवधि के दौरान इसे विधिमान्य रखने की बचनबद्धता देता हूं/देते हैं।

पता(पते):_____

दूरभाष: _____

फैक्स: _____

ई-मेल:_____

स्थान:

तारीख:

हस्ताक्षर_____

नाम _____

पदनाम _____

प्ररूप-सीओएस-4 क

[नियम 17(2) देखें]

भारत में पहले ही रजिस्ट्रीकृत प्रसाधन-सामग्रियों के आयात के लिए जारी की जाने वाली आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या।

आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या:_____ तारीख _____

1. मैसर्स _____(आयातक का नाम तथा पूरा पता) को नियम-17 के अधीन एक आयातक के रूप में रजिस्ट्रीकृत कर दिया गया है तथा यह आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या भारत में पहले ही पंजीकृत प्रसाधन-सामग्रियों के आयात के लिए जारी किया जाता है।

2. प्रसाधन सामग्रियों का ब्यौरा

क्रम संख्या	सामग्री (सामग्रियों का नाम)	पैक का आकार (साइज)	विनिर्माता का नाम तथा पता
1.			
2.			

3. यह आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या तीनवर्ष तक विधिमान्य रहेगी जब तक कि इसे प्रसाधन सामग्री,2020 के अंतर्गत प्रलंबित अथवा रद्द नहीं कर दिया जाता।

4. यह आयत रजिस्ट्रीकरण संख्या नीचे उल्लिखित शर्तों के तथा ऐसी अन्य शर्तों के अध्यधीन है जो प्रसाधन सामग्री नियम,2020 के अंतर्गत पृवृत्त (लागू) नियमों में विनिर्दिष्ट हों।

स्थान: _____

तारीख: _____

केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकरण

सील /मुहर

आयात रजिस्ट्रीकरण की शर्तें

1. यह आयात रजिस्ट्रीकरण संख्या आयातक द्वारा जब कभी भी अनुज्ञापन प्राधिकरण अथवा विनियामक प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित होगी, प्रस्तुत की जाएगी।
2. आयातक की गई किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई अर्थात बाजार से वापस लेना, मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्रधारी से उत्पाद हटाना अथवा इस रजिस्ट्रीकरण से संबंधित किसी भी प्रसाधन-सामग्री किसी भीविनियामक प्रतिबंध की स्थिति में, अनुज्ञापन प्राधिकरण को सूचित करेगा।
3. आयातक केंद्रीय अनुज्ञापन प्राधिकरण को, उसके द्वारा की गई प्रसाधन सामग्री के ब्यौरे का विवरण वार्षिक रूप से उपलब्ध कराएगा।

प्ररूप सीओएस-5

[नियम 23 (2) देखें]

बिक्री अथवा वितरण हेतु प्रसाधन सामग्री के निर्माण हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु आवेदन

1. मैं/हम..... मैंसर्स..... प्रसाधन सामग्री के निर्माण हेतु की मंजूरी प्रदान करने के लिए एतदद्वारा आवेदन करते हैः
2. प्रसाधन सामग्री के नाम.....

क्र. सं.	प्रसाधन सामग्री के नाम	घटकों का नाम	घटकों की विशेषता या मानक या ग्रेड	घटकों का प्रतिशत	घटक का कार्य

3. निर्माण एवं परीक्षण हेतु नियोजित तकनीकी कर्मचारियों के नाम, अर्हताएं और अनुभव.....
4. लेखा शीर्ष..... के अधीन रु. ..... का शुल्क सरकार को जमा कर दिया गया है।

तारीख.....

हस्ताक्षर.....

टिप्पणीः आवेदन के साथ परिसरों की योजना भी संलग्न की जाए।

प्ररूप सीओएस-6

[नियम 23(2) देखें]

बिक्री अथवा वितरण हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण के लिए ऋण अनुज्ञापन की मंजूरी हेतु आवेदन

1. ..... से मैं/हम..... बिक्री हेतु ..... स्थित परिसर पर निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री का निर्माण करने के लिए एतदद्वारा ऋण अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु आवेतन करता हूँ/करते हैः

2. प्रसाधन सामग्री के नाम.....

क्र. सं.	प्रसाधन सामग्री के नाम	घटकों का नाम	घटकों की विशेषता या मानक या ग्रेड	घटकों का प्रतिशत	घटक का कार्य

3. निर्माण परिसर में विशिष्ट उत्पादों के निर्माण और परीक्षण से वास्तव में जुड़े हुए विशेष स्टाफ के नाम, अर्हताएं और अनुभव।

4. मैं/हम संलग्न करता हूँ/करते हैं-

(क) संबंधित विनिर्माता जिसकी, विनिर्माण क्षमता का मेरे/हमारे द्वारा उपयोग किया जाना है, को मेरे/हमारे द्वारा भेजे गए पत्र की प्रमाणित प्रति)

(ख) *संबंधित विनिर्माण से प्राप्त पत्र की एक प्रमाणित प्रति, जिसमें वे मेरे/हमारे द्वारा अपेक्षित प्रत्येक मद के विनिर्माण के लिए अपने विशेषज्ञ कर्मचारियों, उपकरणों और परिसर की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सहमत हैं और वे इसकी ओर से प्रत्येक बैच का विश्लेषण करेंगे तथा कच्ची सामग्रियाँ, तैयार उत्पादों का रख-रखाव करेंगे और विश्लेषण की अलग से रिपोर्ट बनाएंगे।

(ग) विनिर्माण हेतु प्रस्तावित उत्पादों के लेबलों, डिब्बों के नमूने।

5. लेखा शीर्ष ..... के अधीन रु. ..... का शुल्क सरकार को जमा करा दिया है।

तारीख .....

हस्ताक्षर.....

यहाँ संबंधित उस विनिर्माण स्थल का नाम और पता अंकित करें जहाँ वास्तव में विनिर्माण किया जाएगा तथा उसका नम्बर भी दें।

प्ररूप सीओएस -7

(नियम 23(4) और 23 (7) देखें)

प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु अच्छी विनिर्माण प्रक्रियाओं (जीएमपी) के अनुपालन का स्व-प्रमाण पत्र।

(विनिर्माण अनुज्ञप्ति अथवा ऋण अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन के समय आवेदक द्वारा प्रारूप सीओएस-5 अथवा प्रारूप सीओएस-6 के साथ दिया जाये)

1. मैं/हम ----------के ---------- एतद्वारा निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री के ---------- में स्थित परिसरों में विनिर्माण हेतु एक अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन कर रहा हूं/कर रहे हैं।
   1. ----------
   2. ----------
   3. ----------

2. मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 की सातवीं अनुसूची के अनुसार उक्त परिसर में अच्छी विनिर्माण प्रक्रियाओं की सुविधाएं, परिसरों की आवश्यकताएं, उक्त प्रसाधन सामग्री के निर्माण हेतु संयंत्रों तथा उपकरणों की सुविधाएं हैं।

3. मैं/हम वचन देता हैं कि राज्य प्राधिकारी अथवा प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी को प्रसाधन सामग्री नियम, 2020 के अनुसार उपर्युक्त परिसरों का निरीक्षण करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

4. मैं/हम वचन देता हूं/देते हैं कि राज्य अनुज्ञापन प्राधिकारी अथवा प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा किसी निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाई जाती है तो राज्य अनुज्ञापनप्रदाता प्राधिकरण को उपर्युक्त प्रसाधन सामग्री के संबंध में उक्त परिसरों में अच्छी विनिर्माण प्रक्रिया को रद्द करने अथवा उनमें सुधार के कोई निर्देश देने का पूर्ण अधिकार है। इसके अतिरिक्त, इस संबंध में राज्य अनुज्ञापन प्रदाता प्राधिकरण की किसी कार्रवाई के लिए मैं किसी क्षतिपूर्ति आदि के दावा नहीं करूगा।

तारीख :

स्थान :

नाम:

हस्ताक्षर:

पद नाम :

प्ररूप सीओएस -8

(नियम 25, 26 (जी), 27 (1), 28 और 30(1) देखें)

विक्रय अथवा वितरण हेतु प्रसाधन सामग्री के विनिर्माण हेतु अनुज्ञापन

अनुज्ञापन संख्या और जारी करने की तारीख .....

मुझे ----------को एतद्वारा निम्नलिखित तकनीकी स्टाफ के पर्यवेक्षण में निम्नलिखित प्रसाधन सामग्री के ---------- (स्थान) पर विनिर्माण हेतु अनुज्ञापन प्रदान किया गया है।

(क) प्रसाधन सामग्री के नाम----------

क्र. सं.	प्रसाधन सामग्री के नाम	घटकों का नाम	घटकों की विशेषता या मानक या ग्रेड	घटकों का प्रतिशत	घटक का कार्य

(ख) तकनीकी स्टाफ का नाम ----------

2. जब तक अनुज्ञापन निलंबित अथवा रदद नहीं किया जाता है यह विधिमान्य बना रहेगा। तथापि अनुज्ञापन की शर्तों और औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम एवं नियमों के उपबंधों के अनुपालन का वर्ष में कम से कम एक बार मूल्यांकन किया जायेगा।

3. नीचे उल्लिखित शर्तों तथा ऐसी अन्य शर्तों के अधीन हैं जो प्रसाधन सामग्री नियम,2020 में विनिर्दिष्ट की जायेंगी।

राज्य अनुज्ञापन प्रदाता प्राधिकारी

हस्ताक्षर :

पदनाम :

जारी करने की तारीख :----------

अनुज्ञप्ति की शर्तें

1. यह अनुज्ञप्ति अनुमोदित परिसरों में रखा जायेगा और औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अधीन नियुक्त किसी निरीक्षक के अनुरोध पर प्रस्तुत किया जायेगा।

2. तकनीकी स्टाफ में किसी भी परिवर्तन की सूचना तत्काल अनुज्ञापन प्रदाता प्राधिकारी को दी जायेगी।

